माघ मास, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 261, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00



प्रयागराज, सोमवार, 9 जनवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर - वृंदावनलाल वर्मा : हिंदी का वाल्टर स्कॉट

अन्दर : 'मुश्किल नहीं था...' हार्दिक पंड्या ने बताया अपनी सफल कहानी का राज



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# गो-आधारित खेती वक्त की मांग

## बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में 'सुफलाम' संगोष्ठी में बोले सीएम योगी

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से हो रहे खतरे को देखते हुए अब समय की मांग है कि गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर जोर दिया जाए। किसानों को केमिकल की जगह गौ आधारित खेती की तरफ रूख करना चाहिए। सीएम ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दे रही है। यूपी में गंगा किनारे के जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। सीएम योगी रविवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'सुफलाम' में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

सीएम योगी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान धरती और जल का ही हुआ है। धरती माता के साथ खिलवाड़ गलत है। जो हर हाल में बंद होना चाहिए। इसके लिए यह जरूरी है कि केमिकल युक्त खेती की जगह गौ आधारित प्राकृतिक खेती की जाए। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में गंगा किनारे के जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए प्राकृतिक परिषद का गठन किया गया है।

सीएम योगी ने कहा कि खुद के विकास के लिए लोग पर्यावरण को जहरीला बनाते जा रहे हैं। जीवन का अस्तित्व पांच तत्वों क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा से ही है। इसे अब बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार गंभीर है और किसानों को योजनाओं के जरिए लाभ दिया जा रहा है। इससे पूर्व सीएम योगी ने महामना पं. मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान वैदिक ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन और मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भैयाजी जोशी आदि उपस्थित रहे।

**संगोष्ठी**

**यूपी में गंगा किनारे के जिलों में प्राकृतिक खेती को दिया जाएगा बढ़ावा**

**प्राकृतिक खेती को बढ़ाने के लिए किया गया प्राकृतिक परिषद का गठन**

**जलवायु परिवर्तन से सर्वाधिक नुकसान धरती और जल का : सीएम**



**भारत में जी-20 सम्मेलन गर्व की बात**

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले एक वर्ष तक भारत जी-20 देशों का नेतृत्व करके दुनिया को नया मार्गदर्शन देगा। यह भारत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे और दुनिया के सामने सुरक्षा, सुव्यवस्था और स्वच्छता का एक बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत हुआ था।

### सीएम योगी ने किया टेंट सिटी का निरीक्षण

वाराणसी। बीएचयू में सुफलाम कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सीएम योगी गंगा पार टेंट सिटी की तैयारियों को देखने पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों और टेंट सिटी की कार्यदायी संस्था के अधिकारी ने बताया कि टेंट सिटी में 900 वर्गफिट दस विला, 480-580 वर्गफिट में 50 सुपर डीलक्स और 250-400 वर्गफिट में 40 डिलक्स बनाए गए हैं। टेंट सिटी के एक क्लस्टर में 200 व्यक्तियों के ठहरने की सुविधा है। टेंट सिटी के बाद श्री काशी विश्वनाथ धाम में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा के साथ ही जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के बारे में अफसरों से चर्चा कर रहे हैं।

# पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी का निधन

**शोक**

**बीमार चल रहे थे 88 साल के बीजेपी नेता, यूपी विधानसभा के पूर्व स्पीकर रहे केशरी**

**पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी रह चुके थे**

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता केशरी नाथ त्रिपाठी का रविवार की सुबह निधन हो गया। उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष के साथ ही पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल रहे केशरी नाथ ने 88 साल की आयु में प्रयागराज में अंतिम सांस ली। बीते कुछ समय से उनकी तबीयत बिगड़ी हुई थी। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार केशरीनाथ त्रिपाठी ने प्रयागराज स्थित अपने आवास पर रविवार की सुबह करीब 5 बजे अंतिम सांस ली। 88 वर्षीय त्रिपाठी की तबीयत बीते कुछ समय से खराब चल रही थी। जानकारी के मुताबिक सांस लेने की समस्या के साथ ही हाथ में फ्रैक्चर होने की वजह से उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां वह आईसीयू में भर्ती थे। उनके बेटे नीरज त्रिपाठी के निधन होने की पुष्टि की।

पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'केशरी नाथ त्रिपाठी का सम्मान उनकी सेवा और बुद्धिमत्ता के लिए होता था। वह संवैधानिक मामलों के जानकार थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में मुख्य भूमिका निभाई और प्रदेश में विकास की दिशा में कड़ी मेहनत की। उनके निधन से दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। ओम शांति।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि केशरी नाथ त्रिपाठी एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेता थे। वे संसदीय नियमों, परंपराओं और विधि के गहरे जानकार थे। श्री त्रिपाठी एक विद्वान अधिवक्ता और संवेदनशील साहित्यकार भी थे। उनके निधन से समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति की प्रार्थना करते हुए, शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की है। 10 नवंबर 1934 को जन्मे पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़े हुए थे। वह बीजेपी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रहने के साथ ही विधानसभा के स्पीकर भी रह चुके थे। त्रिपाठी ने 2014 से 2019 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल की जिम्मेदारी भी निभाई।




# जोशीमठ पर ऐक्शन में पीएमओ

नई दिल्ली। जोशीमठ भू धंसाव मामले पर पीएमओ में हाई लेवल मीटिंग हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने की। बैठक में कैबिनेट सचिव, केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के सदस्य भी शामिल हुए। इसके अलावा जोशीमठ जिला प्रशासन के अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस बैठक से जुड़े।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद कई निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, आईआईटी रुड़की, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी एंड सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट से कहा गया कि वे विशेषज्ञों की टीम के जरिए अध्ययन करें और सिफारिशें दें। सीमा प्रबंधन सचिव और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कल उत्तराखंड का दौरा करेंगे और जोशीमठ की स्थिति का जायजा लेंगे। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव अध्यक्षता में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव उत्तराखंड ने जोशीमठ से प्रधानमंत्री कार्यालय को जानकारी दी। पीके मिश्रा को जोशीमठ समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि भारत सरकार की एजेंसियां और विशेषज्ञ लघु, मध्यम और दीर्घकालिक योजना तैयार करने में राज्य सरकार की सहायता कर रहे हैं। एनडीआरएफ की एक टीम और एसडीआरएफ की चार टीमें पहले ही जोशीमठ पहुंच चुकी हैं।

**जोशीमठ भू-धंसाव**

**हाई लेवल मीटिंग में पीएम मोदी के प्रमुख सचिव, केंद्र-उत्तराखंड के अफसर हुए शामिल**





इस बीच जोशीमठ की जमीन में दरारें बढ़ती जा रही हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव रंजीत सिन्हा के नेतृत्व में आठ सदस्यीय विशेषज्ञ पैनल ने स्थिति का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट केंद्र और राज्य सरकार को भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस रिपोर्ट में दरक रहे घरों को तोड़ने की सिफारिश की गई है। जोशीमठ के 25 फीसदी इलाके इस भू धंसाव से प्रभावित बताए जा रहे हैं। इमारतों और अन्य स्ट्रक्चर में नुकसान की तीव्रता का पता लगाने के लिए भी सर्वेक्षण चल रहा है। वहीं जोशीमठ में जमीन धंसने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इस मामले में याचिका दाखिल की है।

### सेनेगल में दो बसों के बीच भीषण टक्कर, 40 लोगों की मौत, 78 घायल

सेनेगल। मध्य सेनेगल में रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में कम से कम 40 लोगों के मारे जाने की खबर है। जबकि 78 अन्य लोग घायल हो गए है। बता दें कि मध्य सेनेगल में दो बस आमने-सामने से टकरा गईं। जिसकी वजह से दोनों बसों में सवार कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति मैकी सॉल ने बताया कि सड़क हादसा कैफरीन क्षेत्र के गनीबी गांव में तड़के करीब साढ़े तीन बजे हुआ। इस हादसे में कम से कम 40 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मैं गनीबी में आज हुए दुखद सड़क हादसे से बहुत दुखी हूं, जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राष्ट्रपति ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है। उन्होंने कहा कि वह सड़क सुरक्षा उपायों पर चर्चा करेंगे।

### घने कोहरे के कारण नहीं उड़ सका सीएम योगी का विमान

वाराणसी। बीएचयू में कार्यक्रम को संबोधित करने वाराणसी पहुंचे सीएम योगी के विमान को कोहरे ने रोक दिया। रविवार की रात करीब 7:57 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे सीएम योगी का विमान कोहरे के कारण उड़ान नहीं भर सका। लखनऊ जाने के लिए बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे सीएम योगी को लौटना पड़ा।

### सीतापुर में गैस रिसाव के कारण दम घुटने से दो बच्चों सहित चार की मौत

सीतापुर। सीतापुर जिले के बिसवां कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के झज्जर मोहल्ले में दो बच्चों समेत दंपती की मौत हो गई। शनिवार रात चारों एक ही कमरे में सोए थे। वो सर्दी से बचने के लिए पेट्रोमैक्स जला कर सोए थे। माना जा रहा है कि गैस रिसाव और दम घुटने से चारों की मौत हुई है।

झज्जर निवासी आसिफ (40) एक मदरसे में पढ़ाते थे। शनिवार रात पत्नी शगुफ्ता (36) और बेटियों मायरा (3) और जायरा (2) के साथ मकान के अंदर बने कमरे में सोए थे। रविवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे एक परिचित उन्हें बुलाने पहुंचे। दरवाजा न खुलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची, जहां देखा कि कमरे में चारों के शव पड़े थे और एलपीजी की तेज गंध आ रही थी। पास ही पेट्रोमैक्स रखा हुआ था, जिसका इस्तेमाल सर्दी से राहत पाने के लिए किया जाता है। पेट्रोमैक्स में गैस खत्म हो चुकी थी। घटना का पता चलते ही अफरातफरी मच गई। एसडीएम पीएल मौर्य और सीओ अजय प्रताप सिंह घटना की जांच कर रहे हैं।

# लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में छाया कोहरा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में सुबह से ही घने कोहरे के साथ बर्फीली हवाओं के चलते सर्दी बरकरार है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में शीतलहर और अत्यधिक घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। ठंड से बचाव के समुचित उपाय जरूर अपनाने चाहिए। न्यूनतम तापमान में सोमवार तक कोई बदलाव नहीं होगा। अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री तक की बढ़त दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा मध्य प्रदेश से सटे जिलों को छोड़कर प्रदेश भर में घने कोहरे के लिए चेतावनी जारी की गई है।

दानिश के अनुसार शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ प्रदेश भर ते 37 जिलों में चेतावनी जारी की गई है। सहारनपुर, हापुड़, मुजफ्फरनगर, बागपत, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, गौतम बुध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, शाहजहांपुर, पीलीभीत, फर्रुखाबाद, अमरोहा, बिजनौर, संभल, बदायूं, कासगंज, रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, समेत हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, बाराबंकी, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर और देवरिया में अत्यधिक घने कोहरे के साथ शीतलहर और शीत दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है इसके तहत ठंड से बचाव के उपाय के साथ कोहरे में गाड़ी चलाने, फाग लाइट और अन्य सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा प्रदेश भर के 25 जिलों में घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इसके तहत कोहरे के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा शीत लहर और दिनभर कोहरे के चलते प्रदेश भर में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई सबसे अधिक तापमान सोनभद्र के चुर्क में 19.5 डिग्री इटावा में 18.6 डिग्री सेल्सियस और वाराणसी में 18 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया वहीं न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है।

**यलो अलर्ट जारी**

**न्यूनतम तापमान में सोमवार तक कोई बदलाव नहीं होगा अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री तक की बढ़त दर्ज होगी, प्रदेश के 25 जिलों में आइएमडी का यलो अलर्ट, बढ़े सड़क हादसे**



# सपा मीडिया सेल के संचालक गिरफ्तार

## सूबे की सियासत में आई गर्माहट, अभद्र टिप्पणी को लेकर गिरफ्तारी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के संचालक मनीष जगन अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद से सूबे की सियासत में गरमाहट आ गई है। एक ओर एक तरफ जहां सपा मीडिया सेल के संचालक की गिरफ्तारी से भाजपा कुनबे में खुशी झलक रही है तो वहीं दूसरी तरफ सपा प्रमुख समेत पार्टी के कई दिग्गज नेता पुलिस मुख्यालय और लखनऊ जेल के चक्कर काट रहे हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ में सपा मीडिया सेल के संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक हजरतगंज पुलिस ने मनीष जगन अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। समाजवादी पार्टी की मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल से की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर हजरतगंज कोतवाली में तीन केस दर्ज कराए गए थे। बताया गया है कि मनीष जगन अग्रवाल ही सपा का ट्विटर अकाउंट हैंडल करता था और वह सीतापुर का रहने वाला है।

वहीं मनीष अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भड़के अखिलेश यादव पार्टी कार्यकर्ताओं संग पुलिस मुख्यालय पहुंचे। अखिलेश यादव के सिग्नेचर बिल्डिंग पहुंचने के बाद समाजवादी पार्टी के ऑफिसियल ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट भी किया गया, जिसमें लिखा है कि अखिलेश यादव पुलिस मुख्यालय पहुंचे लेकिन वहां कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं है। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस मुख्यालय की चाय पीने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा नहीं है, किसी ने जहर मिला दिया तो। उन्होंने कहा कि मैं बाहर से मंगा कर चाय पी लूंगा, लेकिन पुलिस की चाय नहीं पियूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मैं अपनी चाय पियूंगा और पुलिस अपनी चाय पीये। उन्होंने यह बातें रविवार को राजधानी स्थित पुलिस मुख्यालय पर पहुंचने के बाद कहीं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पुलिस मुख्यालय के बाद यहां से निकलकर वो सपा मीडिया सेल के संचालक से मिलने लखनऊ जेल पहुंचे। वहीं इन सब के बीच अब इस घटना क्रम में एक नया मोड़ आ गया है। दरसअल समाजवादी पार्टी ने ट्वीट कर सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाली युवा भाजपा नेता को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पुलिस से की है। सपा ने शिकायत की कॉपी भी ट्वीट कर शेयर की है। यह शिकायत हजरतगंज थाने में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की तरफ से दर्ज कराई गई है।

तहरीर में सपा अध्यक्ष की तरफ से आरोप लगाया गया है कि डॉ. ऋचा राजपूत ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ ट्वीट कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। ऋचा राजपूत की यह अभद्र भाषा महिलाओं के विरुद्ध अपराध को बढ़ावा देता है। जिससे सपा कार्यकताओं व अन्य जनमानस में रोष है। इसके अलावा सपा ने एक और ट्वीट किया है जिसमें लिखा भारतीय जनता पार्टी अपनी युवा नेता से माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की पत्नी और बेटी पर अभद्र टिप्पणियां करवा रही है। अभद्रता का परिचय देने वाली नेता पर एफआईआर दर्ज हो गई है। इनपर कार्रवाई कब होगी? एजेंसी

**हंगामा**

**पुलिस मुख्यालय पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पुलिस की चाय पीने से किया इनकार**

**बोले-भरोसा नहीं, इसमें जहर मिला हो तो, मनीष से मिलने लखनऊ जेल पहुंचे अखिलेश**

**सपा ने बीजेपी पर पलटवार किया, युवा मोर्चा के सोशल मीडिया हेड पर एफआईआर कराई**





### हंगामा करने वाले सपा कार्यकर्ताओं पर होगी कार्रवाई: एडीजी प्रशांत कुमार



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल संचालक मनीष जगन अग्रवाल को अभद्र भाषा प्रयोग करने के चलते गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसको लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे। वहीं सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की थी। इसको लेकर एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। उन्होंने कहा कि राजधानी में प्रदर्शन की जगह तय है और पुलिस मुख्यालय में प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के अधिकारी प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ जानकारी जुटाकर कार्रवाई करेंगे। एडीजी ने कहा कि मनीष की गिरफ्तारी सबूतों और विवेचना के आधार पर की गयी है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जमा किये गए हैं। ये पूरी विवेचना बीते साल के नवंबर महीने से चल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और नेताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप मनीष पर है, और सबूतों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का पुलिस मुख्यालय पर आने के कार्यक्रम के बारे में किसी भी तरह की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गयी थी। अखिलेश यादव पुलिस मुख्यालय के बाद जिला जेल पहुंचे। बताया जा रहा है कि वह गिरफ्तार कार्यकर्ता से मिलने जेल पहुंचे थे। सपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं। उनकी पुलिस से झड़प हो गई। उन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा है।



### विदेशियों को पकड़ने गई दिल्ली पुलिस पर अफ्रीकियों की भीड़ का हमला



**3 साथियों की गिरफ्तारी पर भड़के, पुलिस टीम को घेरा फायदा उठाकर आरोपी भागे**

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार को पुलिस पर अफ्रीकी मूल के लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया। ये लोग अपने 3 साथियों के पकड़े जाने से नाराज थे। 100 से ज्यादा लोगों ने पुलिस टीम को घेर लिया और झगड़ने लगे। इसका फायदा उठाकर 3 आरोपी भाग गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की नारकोटिक्स टीम नेब सराय के राजू पार्क में उन विदेशियों को पकड़ने गई थी, जो वीजा एक्सपायर होने के बावजूद भारत में रह रहे थे। शनिवार दोपहर 2:30 बजे पुलिस ने 3 नाइजीरियाई नागरिकों को पकड़ा। इसी दौरान 100 से ज्यादा अफ्रीकी मूल के लोगों की भीड़ ने पुलिस टीम को घेर लिया और झगड़ने लगे। पकड़े गए आरोपी झगड़े का फायदा उठाकर भाग गए। हालांकि, एक आरोपी फिलिप (22) को पुलिस ने दोबारा पकड़ लिया। इस घटना के बाद शनिवार शाम 6:30 बजे एक जॉइंट टीम दोबारा राजू पार्क गई। यहां से टीम ने 4 नाइजीरियाई नागरिकों को पकड़ा। इनमें एक महिला भी शामिल थी। इसके बाद फिर से अफ्रीकियों की भीड़ ने पुलिस को घेर लिया। इस बार उनकी संख्या 150-200 के बीच थी। इन लोगों ने आरोपियों को भागने में मदद करने की कोशिश की, लेकिन इस बार पुलिस टीम सतर्क थी। टीम ने हालात को संभाला और आरोपियों को नेब सराय पुलिस स्टेशन ले आए।

## संक्षेप

### पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी को दी गई श्रद्धांजलि

**थरवई।** रविवार की सुबह पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी की लंबी बीमारी से हुई असामयिक मौत पर थरवई बाजार में भाजपाइयों व समाजसेवियों बुद्धिजीवियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से मृत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की गई। इस मौके पर हरि नारायण शुक्ला मनीष कुमार तिवारी विपिन कुमार पाण्डेय संजीव कांत पांडेय नीलम पांडेय राजदेव पांडेय सुशील मिश्रा रमाशंकर मिश्रा रमेश चंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### समाजसेवी ने जलवाया अलाव

**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज के संस्थापक लवकेश मिश्रा द्वारा ठंड से बचाव के लिए राहगीर सहित अन्य लोगों को राहत प्रदान करने के लिए गारापुर व आस पास के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाया गया। संस्थापक ने बताया कि जब तक कड़ाके की ठंड पड़ती रहेगी तब तक गारापुर बाजार सहित अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करके लोगों को राहत प्रदान किया जाता रहेगा। सास्वत अशोक तिवारी, सूर्यमणि पांडे,शुभम शुक्ला, मुकेश कुमार दुबे, पंकज मिश्रा, सुभाष शुक्ला, राजमणि, राजकुमार, डॉ एन मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, आशीष मिश्रा, प्रिंस मिश्रा, भीम मिश्रा आदि ने सहयोग किया।

### पं0 केसरीनाथ त्रिपाठी के निधन पर सहसों में लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**सहसों।** पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर भाजपा नेता एवं भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी,बीरेंद्र बहादुर सिंह, अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर,बिपेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख फूलपुर, गीता सिंह ब्लॉक प्रमुख सहसों,अरुणेन्द्र यादव डब्बू ब्लॉक बहादुरपुर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि प्रयागराज की आना बान शान, कुशल अधिवक्ता, बौद्धिक छमता के धनी, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल के पूर्व राजयपाल, भाजपा संगठन के कुशल शिल्पी, पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के आकस्मिक निधन से संगठन सहित समाज के लिए एक अपनी छतरी है जिसकी भरपाई नामुमकिन है।

श्रद्धांजलि देने वालों में राजधर द्विवेदी, जय प्रकाश दुबे, बृजेश त्रिपाठी, पवन शुक्ला,संजय सिंह, सुभाष शुक्ला, महेश सिंह, संतोष सिंह, नरेंद्र कुशवाहा,जीतेन्द्र पटेल, अनिल पटेल, मनोज तिवारी, शिवबाबू,अमन सिंह, मुन्ना दुबे, प्रमोद शुक्ला, रंजन तिवारी,लाल जी गौतम, रविंद्र बहादुर सिंह, आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# टोंस पुल हादसे में पांचवें दिन उतराती मिली नदी में ट्रैक्टर चालक की लाश

**करछना।** 4 जनवरी को कोरांव क्षेत्र के चांदी गांव के किसान रूपेंद्र तिवारी 35 वर्ष कोहडार घाट टोंस पुल पर ट्रैक्टर से धान लादकर गुजर रहे थे तभी अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर कोहडार घाट पुल की रेलिंग तोड़कर नदी में चला गया था जिसकी तलाश 4 दिन से एनडीआरएफ टीम व मेजा पुलिस करछना करछना पुलिस शव को खोजने में प्रयासरत रहे पांचवे दिन भगनपुर घोरहट टोंस किनारे बसे गांव के सीमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नदी में उतराती दिखी जिसे ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान रूपेंद्र तिवारी के रूप में की पुलिस ने पंचायत नामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया खोजबीन में पुलिस के साथ धरवारा प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह व ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।


नदी में उतराता ट्रैक्टर चालक का शव

### पूर्व राज्यपाल के निधन पर व्यापारियों ने दी श्रद्धांजलि

**फाफामऊ।** पश्चिम बंगाल के पूर्व राजपाल इलाहाबाद निवासी पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के रविवार के निधन पर अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन और व्यापार मंडल फाफामऊ के व्यापारियों ने शोक सभा आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश सचिव गौरव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, धीरेंद्र केसरवानी, आर डी वर्मा, शशि अग्रवाल, अशोक अग्रवाल तरुण अग्रवाल, गोपी केसरवानी सहित भाई संख्या में व्यापारी उपस्थित रहें।

### सरकारी नाले पर भूमाफियों द्वारा अवैध कब्जा करने पर रोष

**फाफामऊ।** गद्दोपुर स्थित कई दशकों पुराने नाला पर क्षेत्र के कुछ दबंग किस्म के भूमाफियों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। जिससे बस्ती के लोगों में भूमाफियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। बस्ती के लोगों का आरोप है कि कई बार राजस्व विभाग और उपजिलाधिकारी से अवैध कब्जे की शिकायत किया लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बस्ती के लोगों के घरों का पानी उनके घर के पास ही भरा हुआ है। बस्ती के लोगों द्वारा किए गए शिकायत पत्र में आरोपित किया है कि गद्दोपुर लेहरा गांव के सीमा पर कई दशकों पुराना नाला है। नाले से होकर बस्ती का पानी का निकास था। बस्ती के लोगों का आरोप है कि उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग का एक सिपाही जो की भूमाफिया है कुछ भूमाफियाओं के साथ मिलकर दबंगई से सरकारी नाले पर अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे बस्ती का पानी घर के पास भरे रहने से लोगों में भूमाफियों के प्रति रोष व्याप्त है। नाले पर अवैध कब्जे की शिकायत राजस्व विभाग से शिकायत किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### हाटा बाजार मार्ग क्षतिग्रस्त लोगों में आक्रोश


क्षतिग्रस्त मार्ग का दृश्य

**माण्डा।** माण्डा क्षेत्र अंतर्गत हाटा बाजार में मार्ग ध्वस्त है लेकिन जिम्मेदार उदासीन हैं। उत्तर प्रदेश सरकार गड्ढा मुक्त करने की बात कर रही है लेकिन ये मात्र कागजों में ही दिख रहा है । मांडा-बरौधा मार्ग तो सालों से खराब है लेकिन बाजार का मार्ग ध्वस्त होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है लेकिन स्थानीय प्रशासन सुनने को तैयार नहीं है। हाटा बाजार कोरांव व माण्डा के मध्य पड़ता है जिससे हाटा क्षेत्र के पचासों गांव बाजार करने आते हैं लेकिन मार्ग ध्वस्त होने के कारण बाजार में जाम की भी समस्या बनी रहती है स्थानीय लोगों ने बताया कि गिट्टी काफी दिनों से फेंका गया है लेकिन आज तक मार्ग बना नहीं।

### पं0 केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर शोक सभा आयोजित

**नैनी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यपाल पश्चिम बंगाल पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी जी के निधन पर नैनी में एक शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें कार्यकताओं द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई । इस मौके पर रजनीकांत श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, नीरज शर्मा, सुनील विश्वकर्मा, जनार्दन शुक्ला, राजू सिंह, योगेंद्र शुक्ला, लाल बहादुर साहू, परशुराम मिश्रा, भोला मिश्रा, राजेश तिवारी, कमलेश केशरवानी, कुंदन सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, विजय लक्ष्मी पांडेय आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद कार्यकताओं द्वारा एफसीआई रोड मुंडीचक में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यपाल पश्चिम बंगाल पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर उज्जवल प्रजापति, दिनेश, रविशंकर, बाला, सुरेंद्र, बुलबुल, अविनाश, विपिन, राजा, गोरे आदि लोग मौजूद रहे।

# गोपालीपुर मे मृत्युभोज का ग्रामीणों ने किया बहिस्कार, ली सपथ

**बहिष्कार**

**कुरीति को मिटाने के निर्णय की समाजजनों ने की सराहना**

**उतरांव।** मृत्यु भोज लम्बे समय से बहस का मुद्दा रहा है। कई विद्वानों का मानना है कि यह एक सामाजिक बुराई है, इसे बंद किया जाना चाहिए। जबकि कुछ लोग इस वैदिक व्यवस्था के पक्षधर है। सबके अपने-अपने तर्क है। बावजूद इसके आधुनिक प्रगतिशील समाज में यह सोच लगातार मजबूत हो रही है कि अपनों का खोने का दुःख और ऊपर से तेरहवीं संस्कार पर भारी भरकम खर्च कहाँ तक उचित है। इस कुरीति के कारण कई दुःखी परिवार कर्ज के बोझ तले दब जाते है। जीवन भर कर्ज के कुचक्र से मुक्त नहीं हो पाते है। गोपालीपुर मे कुर्मी समाज की बैठकों में लम्बे समय से मृत्यु भोज को बंद करने की बात होती रही है लेकिन इसकी शुरूआत समाज का कोई ब्यक्ति नही किया।रविवार को डाक्टर दान बहादुर पटेल की अगुवाई मे सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण इकठ्ठा होकर इस समाजिक कुरीति को मिटाने का साहसिक कदम उठाया है। अच्छी बात यह है कि समाजजनों ने उनके इस निर्णय की सराहना की है। समाज के प्रबुद्धजनों ने इस निर्णय को मानवीय, व्यवहारिक और दूरदर्शितापूर्ण बताया है। मृत्यु भोज का बहिस्कार करते हुए जगत राम पटेल ने ग्रामीणों को शपथ दिलाई। इसकी शुरूआत अपने गाव से करके समाज के समक्ष अनुकरणीय उदहारण प्रस्तुत किया है। यह समाज सुधार की दिशा में क्रांतिकारी कदम है।उक्त अवसर पर सुरेश पासी, अशोक पटेल, रामचंद्र पटेल, सुरेंद्र बीडीसी, जगत नारायण, मान बहादुर, भोले, राजेश पटेल, राजू पटेल, राजित पटेल, महेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, अशोक सैंटरिंग, डॉक्टर चंद्रशेखर गुलाब पटेल आदि लोग रहे।


मृत्युभोज के बहिष्कार की शपथ लेते ग्रामीण

### शोर मचाने पर चप्पल व जैकेट छोड़कर भागे चोर

**नैनी।** अरैल गांव के कुशवाहा नगर मोहल्ले में शनिवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब लोग चोर चोर की शोर मचाने लगे। शोर सुनकर चोर भाग गए, लेकिन मौके पर दो जोड़ी चप्पल व जैकेट बरामद हुआ।

नैनी थाना क्षेत्र के कुशवाहा नगर निवासी सूरज कुशवाहा पुत्र स्व. प्रताप कुशवाहा के घर शनिवार की रात दो चोर घुसे थे, जबकि दो मकान के बाहर खड़े थे। उसी दौरान खटपट की आवाज सुनकर लोग जग गए। शोर मचाने पर वे भाग गए। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव वाले एकत्र हो गए थे। सुबह होने पर भुक्तभोगी ने चोरों के दो जोड़ी चप्पल, जैकेट और घटना की तहरीर पुलिस को दी।

# राशनकार्ड की यूनिट कटौती से गरीब परेशान, जिम्मेदार मौन

**कटौती**

**वर्षो से राशन से वंचित है गरीब परिवार, दर-दर भटकने को मजबूर**

**लालापुर।** सरकार की राशन ब्यवस्था से क्षेत्र के कई गांव के गरीब आज भी सरकार की दी हुई ब्यवस्था से कोसो दूर है।यहाँ लोगों ने अपने परिवार का आधार के साथ बच्चों सहित पूरे परिवार का आन लाइन राशन कार्ड बनवाया। कुछ महीने पूरे परिवार को मिला, उसके बाद सीडिंग, फीडिंग का कार्य सुरु होते ही किसी न किसी का नाम राशनकार्ड से कट जाता हैं।गरीब कितनी बार पैसा लगाकर ऑनलाइन कराकर तहसील की चक्कर काटता फिरे।ग्राम गोबरा तरहार के पच्चासो यूनिट वर्षो से कट चुका है जिसमें अधिकांस गरीब परिवार है जो रोज कमाने खाने वाले है, जिनके कार्ड में 5 यूनिट है तो किसी कार्ड में दो यूनिट तो किसी मे एक यूनिट कट गया है। ग्राम मन्दुरी 100 यूनिट वर्षो से कट चुका इसी तरह लालापुर गांव में 125 सेमरी गांव में 100 प्रतापपुर गांव में 100 यूनिट, मझियारी, महेरा आदि क्षेत्र के दर्जनों गांव के गरीबों की यूनिट राशनकार्ड से कट गया है।वही कोटेदारों ने गरीबों की कटी हुई यूनिट को लेकर कई बार लिखित सूची सहित सप्लाई विभाग बारा कार्यालय को दिया लेकिन आज तक इस विभाग के कान में जू नही डोली।आफिस में बैठकर सिर्फ खाना पूर्ति करने में बारा के सप्लाई विभाग मस्त है।

कोटेदारों से अक्सर होती है नोकझोंक कोई कहता है मेरे चार यूनिट में दो यूनिट कैसे कट गई। इसका जवाब देते देते कोटेदार आजिज आ गए।

सवाल ये उठता है कि बने राशनकार्ड से यूनिट अगर कट गई है तो जोड़ने का काम सप्लाई विभाग का है,लेकिन ऐसा नही है कोटेदार से ग्रामीण चिल्लाते रहे,वही कोटेदार सप्लाई विभाग से यूनिट जोड़ने की गुजारिश करता फिरे नतीजा वर्षो से जस का तस भुगत रहा गरीब।

मुसीबत आखिर गरीबों की यूनिट जब कट गई तब कोटेदार कहा से राशन देगा।सिर्फ जितनी यूनिट है उतना ही राशन का उठान होता है। गरीबो के राशन पर विभाग का डांका डालना बिल्कुल कहावत सिद्ध बैठ रही है।कभी अपनी जिम्मेदारी से बारा सप्लाई विभाग ने जनता के हित का कार्य नही किया। किया भी तो जो सही ढंग से कोटेदार राशन वितरण कर रहा उसी के यहाँ कभी कभार स्टॉक जरूर चेक करके इति कर दिए। सरकार ने एक तरफ गरीबों को राशन देने के लिए कटिबद्ध है तो दूसरी ओर बारा सप्लाई विभाग यूनिट काटने में मस्त है।



### सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा माघ मेले में किया गया भूमि पूजन


माघ मेले में भूमि पूजन करते हुए

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज का माघ मेले में संकट मोचन मार्ग दक्षिणी पटरी पर रविवार को माघ मेला जमीन का भूमि पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मां गंगा स्वच्छता अभियान के तहत माघ मेले में भी सेवाभाव को संकल्पित सरस्वती परिवार ने अपने स्वयंसेवकों के साथ स्वच्छता रूपी एक सराहनीय कदम बढ़ाया है।

कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, महिला मोर्चा सुनीता द्विवेदी, महेश प्रसाद केसरवानी, सहदेव चौरसिया, संदीप कुमार सिंह, सुनील कुमार कुशवाहा, ऋषि दीक्षित, आत्म प्रकाश यादव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव* आदि उपस्थित रहे।

# जाम से निजात हेतु नेताओं ने उठाई आवाज

**जाम का झाम**

**सत्ता पक्ष के नेताओ ने कहा था चुनौंटा कुआं से कलन्दरपुर, गांजियाबाज रोड का भी होगा चौड़ीकरण**

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में रोजमर्रा जाम के झाम में फंस कर लोगों को घंटों अपना समय खराब करना पड़ता है। जिसके चौड़ीकरण के लिए वर्षों से लोग आवाज उठा रहे हैं। विगत दिनों सत्ता पक्ष के नेता ने चौडीकरण की बात कही तथा जल्द कार्य की शुरूआत होगी। लेकिन आज तक कोई कार्य शुरू नही हुआ।

मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में रोजमर्रा जाम के झाम में लोग फंसे रहते हैं। बताते हैं कि तीज त्यौहारों में मार्ग पर चलना भी मुश्किल हो जाता है। बताते हैं कि स्थानीय दुकानदार अपनी दुकानों का चबूतरा सडक की पटरी तक बढा लिए हैं तथा सामानों को सड़कों तक फैला कर रख देते हैं। जिससे जाम लगना स्वभाविक है।.कुछ माह पूर्व नगर पंचायत मऊआइमा के अवर अभियंता प्रदीप कुमार मिश्रा ने अतिक्रमण हटाने के लिए एक मुहिम चलाई थी जो एक दिन चला कर बंद कर दिया गया। विगत दिनों मऊआइमा में आयोजित एक कार्यक्रम में एम एल सी सुरेंद्र चौधरी ने कहा था कि वह शासन को पत्र लिखे हैं कि मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के चुनौंटा कुआं से कलन्दरपुर तथा चुनौंटा कुआं से गंजियाबाजार तक सडकों का चौड़ीकरण कार्य चलेगा ताकि स्थानीय लोगों को जाम के झाम से निजात मिल सके। बताते हैं कि ऐसे कई बार कई विपक्षी, सत्ता पक्ष के नेताओं ने कहा था परन्तु बात हवा हवाई साबित हुई। अब देखना है कि कब नगर पंचायत मऊआइमा में अतिक्रमण हटा कर सडकों का चौड़ीकरण की कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।


जाम में फंसे लोग

### टूटी हुई नाली की जाली से हो सकता है कोई बड़ा हादसा

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में नाली के ऊपर बनी हुई जाली टूट कर खराब हो गई या चोरों के भेंट चढ गयी। सडक के निकट बनी हुई नाली के ऊपर की जाली से किसी दिन बडी दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नाली के ऊपर की जाली गायब है। लोगों का आरोप है कि उक्त जालियों को नशेड़ी द्वारा उखाड़ कर बेच चुके हैं या वह सड कर गायब हो गए हैं।बताते हैं कि चुनौंटा कुआं से गंजियाबाजार रोड पर अठभयन के सामने बनी क्रास नाली के ऊपर की जाली सड़ चुकी है। रोज सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है यदि किसी भी दिन टूटी हुई जाली में कोई वाहन फंस सकता है, बाइक, पैदल चलने वाले राहगिरों के लिए यह जानलेवा हो गई है। बताया गया है कि हर वार्डों में कई नाली के ऊपर से जाली गायब है। जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।


चौपाल में उपस्थित लोग

### एक दिवसीय ग्राम चौपाल का आयोजन कर विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**थरवई।** विकास खंड सोरांव अंतर्गत थरवई स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के परिसर में एक दिवसीय ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इसके बाद अधिकारीयों द्वारा आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण के लिए मातहत को आवश्यक निर्देश दिए गए और गांव में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन जिसमें पंचायत विभाग, ओ डी एफ प्लस योजना से सम्बंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों को लेकर जानकारी ली गई। चौपाल में उपस्थित नोडल अधिकारी कपिल कुमार (उपायुक्त श्रम रोजगार) व खंड विकास अधिकारी सोरांव धीरेन्द्र सिंह यादव द्वारा मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्थालीय निरीक्षण करते हुए मातहतों को अधूरे कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से शीघ्र पूरे कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी विजय बहादुर यादव ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य ग्राम प्रधान राजेश कुमार व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बॉलीबुड मेकअप आर्टिस्ट राजू ओरपे ने सिखाये मेकअप के गुर


बॉलीबुड मेकअप आर्टिस्ट राजू ओरपे के साथ महिलाएं व युवतियां

**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव के इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस में एक दिवसीय मेकअप सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। मिनी ब्यूटी पार्लर कोरांव व दुल्हन ब्यूटी पार्लर चाकघाट के माध्यम से मेकअप सेमिनार में बॉलीबुड मेकअप आर्टिस्ट राजू ओरपे मुंबई द्वारा मेकअप करने के कई तरीके सिखाए गए। मेकअप करने के पहले क्या करना चाहिए जिससे चेहरे में निखार आये आदि कई टिप्स दिए। सेमिनार आयोजक वंदना सोनी ने बताया कि कोरांव क्षेत्र में पहली बार मेकअप सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुंबई के बॉलीबुड मेकअप आर्टिस्ट राजू ओरपे के माध्यम से कोरांव क्षेत्र की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। मेकअप आर्टिस्ट वंदना सोनी ने भी मेकअप प्रोडक्ट के बारे में जानकारी दी। सेमिनार समापन के बाद प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस मौके पर गणेश ताम्बे मुंबई, राजेश सोनी भोपाल, वैशाली जायसवाल, अनुराधा, साक्षी, आँचल तिवारी, श्रद्धा मिश्रा, संदीपा, किरन, गुनगुन सोनी, आँचल केशरी, मिनी सोनी, कलपना सिंह, अंशिका, आकृति केशरी सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।


लापर रत्न कृष्णा देव मिश्र को किया गया सम्मानित

### लापर रत्न कृष्ण देव मिश्रा को कवि सम्मेलन में किया गया सम्मानित

**कोरांव।** रविवार को विकासखंड के धाव गांव में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो के पूर्व प्रधानाचार्य सालिक राम उपाध्याय द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सम्मेलन की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में बबलू सिंह बहियारी आलोक कपिनाथ कृष्णा कामिल रामरक्षा मिश्रा रसिक राम अवध मिश्रा अनंतराम शर्मा आदि कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में लापर रत्न कृष्ण देव मिश्र को विद्वतजनों जनों द्वारा सम्मानित किया गया सम्मान साहित्य महोपाध्याय साहित्य गौरव आदि उपाधियों से नवाजा जा चुका है। इनके द्वारा नंदिनी सातवां घर कैकेई उपन्यास हनुमत अनुताप शारदा शतक खण्डकाव्य पर्याय रत्नाकर आदि पुस्तकों की रचना की गई है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कमलेश कुमार त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ साबिर अली सरदार पटेल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह डॉ संतलाल मौर्य राकेश कुमार सिंह अखिलेश कुमार शुक्ला गुलाब शंकर मिश्र यदुवीर सिंह सहित कई शिक्षक एवं अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# सत्संग के माध्यम से ही ईश्वर की प्राप्ति सम्भव : शम्भू शरण

**मेजा।** क्षेत्र के निबैया गांव में नौ दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का आयोजन शनिवार से शुरू हो गया है। शनिवार को कलश यात्रा निकालकर कथा का भव्य शुभारंभ किया गया । रविवार को कलश स्थापना और व्यासपीठ के पूजन के बाद कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन कड़ाके की ठंढ के बावजूद श्रद्धालुओं की भीड़ रही । पहले दिन कथावाचक प्रभु शरण जी महाराज ने कथा को विस्तार देते हुए भागवत महात्मय और सत्संग की महिमा सुनाते हुए बताया कि यदि ईश्वर की प्राप्ति कलयुग में करना है तो सिर्फ सत्संग ही एक मात्र रास्ता है, जो मनुष्य को तार सकता है। भागवत कथा के पहले दिन प्रभु शरण जी महाराज ने नारद संवाद और आत्मदेव ब्राह्मण की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कलयुग में एकमात्र सत्संग ही ईश्वर प्राप्ति का सीधा मार्ग है। सत्संग से मन को प्रसन्नता मिलती है और तनाव दूर होता है। सत्संग तभी सार्थक है, जब ईश्वर के नाम की कथा के साथ उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया जाए। कथावाचक ने भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की कथा में कहा कि कलयुग में कल्याण केवल श्रीमद भागवत कथा के माध्यम से हो सकता है। आज मानव काम, लोभ में फंस गया है। प्रभु को स्मरण करने से ही जीवन सुखमय हो सकता है। इस दौरान भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करते रहे। पहले दिन की कथा समापन के पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया । इस दौरान मुख्य रूप से कथा के आयोजक संदीप ओ पी शुक्ला और विकास शुक्ला, बबलू, पप्पू, सुनील मिश्रा, अशोक, राज कुमार, सूरज, आशीष, रोहित, जितेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र,अनिल रहे ।


कथा सुनाते कथावाचक प्रभु शरण जी महाराज



उमरे महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मध्यरात्रि लेवल क्रॉसिंग, रेलवे ट्रैक एवं स्टेशनों पर किया औचक निरीक्षण

# प्रयागराज भास्कर



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 19.00 |
| न्यूनतम : | 5.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

## बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**माण्डा।** मांडा क्षेत्र में बोधीपुर में बाइक की टक्कर से अधेड़ की हुई मौत। दसवार निवासी नन्हें लाल पुत्र राममनी उम्र लगभग 55 साल जो मंदबुद्धि के थे जिसको बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई। जानकारी प्राप्त होने तक मौके पर माण्डा पुलिस पहुंची कर विधिक कार्यवाही कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने केशरीनाथ त्रिपाठी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व0 केशरीनाथ त्रिपाठी जी के आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किये तथा उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी, तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि स्व0 केशरीनाथ त्रिपाठी भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता थे। वे एक विचारवान, वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। कहा कि उन्हें जो भी दायित्व सौंपे गये, उसका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया। मा0 मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी एक विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता, समाज के प्रत्येक तबके को साथ लेकर चलने की सामर्थ्य, एक उत्कृष्ट अधिवक्ता, संविधानविद्, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष या विधानसभा के अध्यक्ष और एक राज्यपाल के रूप में सभी दायित्वों का उन्होंने कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।



पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री

कहा कि आज प्रातः 89 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपनी भौतिक देह को छोड़कर परम धाम की यात्रा पर प्रस्थान किये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर वे प्रदेश शासन की ओर से और प्रदेश की जनता की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यहां पर आये हुए है। उन्होंने कहा कि स्व0 केशरीनाथ त्रिपाठी जी ने सहजता, सरलता, विद्वता एवं समन्वय का जो एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है, आज उस एक युग का अंत हुआ है। इस अवसर पर हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है। मुख्यमंत्री के अलावा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी,सांसद रीता बहुगुणा जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने स्व0 केशरीनाथ त्रिपाठी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



श्रद्धांजलि देते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केशरीनाथ त्रिपाठी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व0 केशरीनाथ त्रिपाठी के आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।



## मंत्री नन्दी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा के भीष्म पितामह, भारतीय जनसंघ से भाजपा तक जीवन भर संगठन के लिए कार्य करने वाले वरिष्ठ नेता, पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के गौरव, हम सभी कार्यकताओं के मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत आदरणीय पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी जी "बाबू जी" के निधन से अत्यंत दुःखी हूँ। हम सभी के मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत आदरणीय पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी जी "बाबू जी" को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि एवं नमन। आज माननीय मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में पूज्य बाबू जी का अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर गोलोकवासी पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे। मंत्री नन्दी ने कहा कि आदरणीय बाबू जी की सहजता, सरलता और विद्वता हर किसी को प्रभावित करती थी। संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा में उनका अतुलनीय योगदान रहा। उनके निधन से मुझे गहरी वेदना हुई है।

## संक्षेप

### भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा शोक संवेदना व्यक्त करने का क्रम जारी

**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक के पौत्र चि उत्कर्ष के असामयिक निधन पर विभिन्न जिलों के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी आज गंधियांव पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की और शोक संतप्त परिवार को धीरज बंधाया। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी डा० अशोक मिश्र, पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला ( प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश ), राष्ट्रीय महासचिव विजय विद्रोही, राष्ट्रीय संगठन सचिव सत्य प्रकाश गुप्ता, एवं प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी , लालगंज तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह बघेल आदि वरिष्ठ पत्रकार महासंघ के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान सहाय उपाध्याय के आवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के आने का क्रम पिछले 1 सप्ताह से अनवरत जारी है और प्रयागराज की सभी तहसीलों के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित प्रतापगढ़ सुल्तानपुर अयोध्या फतेहपुर चित्रकूट मिजार्पुर कौशांबी रीवा भदोही आदि जिलों के वरिष्ठ पदाधिकारी आ रहे हैं जिससे शोक संतप्त परिवार को सांत्वना मिल रही है भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ परिवार ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच एवं दोषीजनों को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की है तथा मृतक उत्कर्ष के मोबाइल का सीडीआर निकलवाने की अपेक्षा की है।

### अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से युवक घायल हालत गंभीर

**उरुवा।** दुकान के सामने बैठे मजदूर युवक को अनियंत्रित बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मजदूर बुरी तरह घायल हो गया। जिसे घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने इलाज के लिए आनन-फानन में सीएचसी रामनगर पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान घायल मजदूर की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मेजा थाना क्षेत्र के पट्टीनाथ राय गांव निवासी गुलहसन का 18 वर्षीय बेटा अनवर हसन रविवार को सुबह उंचडीह स्थित एक बीज भंडार की दुकान पर मजदूरी करने गया था। मजदूर अनवर हसन दुकान के सामने बैठा ही था कि सड़क पर गुजर रहे एक अनियंत्रित बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी,जिसमें अनवर हसन बुरी तरह घायल हो गया। जिसे घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर पहुंचाया। टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक मय वाहन मौके से भागने में सफल रहा।

### ट्रान्सफार्मर बीमार, विद्युत उपभोक्ता परेशान

**थरवई।** थरवई थाना क्षेत्र के टिकरी ग्राम सभा के शीतलपुर में ट्रान्सफार्मा खराब हो जानें से करीब पांच दिन से बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। जिससे वहां उपभोक्ताओं अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है बिजली की आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को पेय जल की भी समस्या उत्पन्न होने लगी है सूत्रों के मुताबिक शीतलपुर कृष्ण चन्द्र गुप्ता घर ( ठाकुर ऊच ) के पास खंभे पर 10 के वी ए का ट्रान्सफार्मा लगा हुआ है इस पर अधिक में संख्या उपभोक्ताओं के लोड के कारण अक्सर खराब होता रहता है जिससे हमेशा बिजली की आपूर्ति बाधित होती रहती है।

### पत्रकारों की एकता ही ग्रापए की सबसे बड़ी ताकत : अयोध्या प्रसाद



**बारा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बारा तहसील इकाई की आवश्यक बैठक तहसील के अधिवक्ता सभागार में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी ने कहा, पत्रकारों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। ग्रापए पत्रकार साथियों के हितों के लिए हमेशा से संघर्षरत रहा है और एसोसिएशन का यह संघर्ष हमेशा जारी रहेगा।उन्होंने सभी साथियों का आह्वान करते हुए कहा कि वह पीत पत्रकारिता से बचें और ईमानदारी से समाज के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने आगामी चार फरवरी को माघ मेला क्षेत्र में जिला सम्मेलन का आयोजन किए जाने की जानकारी देते हुए सभी पत्रकार साथियों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मित से जिलाध्यक्ष के द्वारा राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह (जारी) को तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला संरक्षक शोभनाथ कुशवाहा ने कहा, ग्रापए आज पूरे प्रदेश में सबसे बड़ा संगठन है, जिसकी धुरी ग्रामीण पत्रकारिता है और हम सभी को ग्रामीण पत्रकारिता को मजबूत करने की आवश्यकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष शिवमूरत केसरवानी, मंडल महासचिव प्रमोद बाबू झा, जिला उपाध्यक्ष लालचंद पटेल, जिला महामंत्री दिलीप केसरवानी, जिला मंत्री छेदीलाल साहू, जिला मंत्री आलोक गुप्ता, पूर्व तहसील अध्यक्ष अमर सिंह, विनोद शुक्ला, गुड्डू द्विवेदी, नीरज श्रीवास्तव, रोहन केसरवानी, सोनू सिंह बघेल, विकास चंद्र शुक्ला, गिरजा शंकर सिंह, राजेश केसरवानी, राजेश सोनकर, रोहित शर्मा, बलवीर सिंह, भूषण सिंह, रमेश सिंह, रामबाबू पटेल, अखिलेश यादव, दयाशंकर पांडेय, नागेश प्रताप सिंह समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री दिलीप केसरवानी ने किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक तहसील अध्यक्ष पिंटू सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।



श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए चौकी प्रभारी आकाश सचान

## अमर सिंह रघुवंशी की याद में नम हुई आंखें

**प्रयागराज।** रविवार को थाना कोतवाली में इंस्पेक्टर अमर सिंह रघुवंशी को याद में शोक शांवेदनाए सभा आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारीगण श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नजर आए। उनकी याद में नम हुई पुलिस कर्मचारियों की आंखें रविवार प्रातःकाल थाना कोतवाली के अंदर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुलिस कर्मचारीगण दिखे। हमारे संवाददाता ने दरोगा आकाश सचान से बातचीत की उन्होंने बताया कि हमारे प्रभारी हर दिल अजीज और हम सबके आदर्श प्रेरणास्त्रोत थे उनकी गिनती तेजतर्रार व ईमानदार अधिकारियों में होती थी जनता में लोकप्रिय थे। उनके जाने से पुलिस में महकमे में दुख का माहौल है। हम सब दुःखद घड़ी में परिवार के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं की इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को ईश्वर सहन शक्ति दे। इस शोक सभा में एसआई मुदित राय, चौकी प्रभारी आकाश सचान, कांस्टेबल राहुल तिवारी, राधेश्याम अन्य पुलिस अधिकारीगण व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# राजनीति का मजबूत स्तंभ ढह गया : प्रमोद तिवारी

**प्रयागराज।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पूर्व राज्यपाल केसरी नाथ त्रिपाठी के निधन को देश की राजनीति के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया है। प्रमोद तिवारी ने केसरी नाथ को एक महान नेता, जुझारू अधिवक्ता और वक्ता बताते हुए कहा कि वे एक सच्चे राष्ट्रवादी और दूरदर्शी राजनेता थे, जिन्होंने अपने विलक्षण गुणों से देश और प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया था। उन्होंने कहा कि लोगों ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका सम्मान किया। रविवार को पूर्व राज्यपाल के निधन की सूचना मिलते ही कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने लोहिया मार्ग स्थित उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं जीरो रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरेश यादव की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया।



श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते प्रमोद तिवारी

पार्टी के प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने केसरीनाथ त्रिपाठी का स्मरण करते हुए कहा की एक महान राष्ट्रवादी देशभक्त, उदार व विशाल हृदय दूरदर्शी राजनीतिज्ञ और लोकप्रिय नेता को हमने खो दिया। वे एक दल में रहते हुए भी दलगत राजनीति से उपर थे। इसीलिए अजातशत्रु थे जिनका सम्मान देश के हर दल के नेता करते थे। प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक ने कहा की केसरीनाथ भारतीय राजनीति के एक महान और दिग्गज नेता थे। उनके देहांत से देश ने एक तजुबेर्कार राजनीतिज्ञ, सच्चे राजनेता और सबसे एक अच्छा मनुष्य खो दिया है। जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की राजनीतिक विचारधारा की भिन्नता को पंडित जी ने कभी कड़वाहट में नहीं बदला। कोई विचारधारा उनके द्वारा भारत के उदारवादी मूल्यों के निर्वहन व सबको राजधर्म का आभास कराने से नहीं रोक पाई। उनके उदारवादी विचारों का अनुसरण ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान पार्टी कार्यालय में आयोजित शोक सभा में कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिलाध्यक्षा सुरेश यादव, मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक, हसीब अहमद, संजय तिवारी, तलत अजीम, अनिल पाण्डेय, हंजला उस्मानी, राकेश पटेल, मनोज पासी, जितेश मिश्रा, शशांक शर्मा, रीना देवी बिंद, उज्वल सोनकर, मो०हसीन, शकील अहमद समेत आदि लोग मौजूद रहें।

# उमरे महाप्रबंधक ने किया लेवल क्रॉसिंग, रेलवे ट्रैक एवं स्टेशनों पर मध्यरात्रि औचक निरीक्षण

**प्रयागराज।** दिनांक 7/8 जनवरी, 2023 की मध्यरात्रि महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने लेवल क्रॉसिंग, रेलवे ट्रैक एवं स्टेशनों पर औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उन्होंने रेल कर्मियों के सतर्कता और उनकी संरक्षा संबंधित कार्य प्रणाली की परीक्षा एवं ज्ञान गुणवत्ता को जांचने के लिए किया। इसी क्रम में उन्होंने बमरौली एवम मनौरी के मध्य शीतकालीन रात्रि औचक निरीक्षण किया। इसमें रात्रि ट्रैक पेट्रोलिंग स्टाफ की कार्यकुशलता, सेफ्टी उपकरण एवं स्टाफ की सजगता को परखा गया और कार्य में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि शीतकाल में रेलवे की कार्यप्रणाली में रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान सजगता और तत्परता अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। इस दौरान रेल पटरियों की जांच के लिए रेलकर्मी निरंतर ट्रैक पर गश्त लगाते रहते हैं और रेलवे ट्रैक के स्वास्थ्य और स्थिति पर निगाह रखते हैं। इसी क्रम में सतीश कुमार ने मनौरी तथा बमरौली स्टेशनों के मध्य स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट एन4 का भी निरीक्षण किया और वहां उपस्थित रेलकर्मी की सजगता और संरक्षा संबंधित ज्ञान को परखा। इसी क्रम में उन्होंने स्टॉफ एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मियों को कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधारों के संबंध में निर्देश भी दिए।



निरीक्षण करते उमरे महाप्रबंधक

ज्ञात हो महाप्रबंधक सतीश कुमार ने 7 नवंबर 2022 को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करने के बाद से रात्रिकालीन औचक निरीक्षण का एक क्रम प्रारंभ किया है। इन निरीक्षण में ना केवल रेल कर्मियों की सजगता को परखा जा रहा है बल्कि इस औचक निरीक्षण की कार्यप्रणाली से रेलकर्मी अधिक सतर्क होकर और तत्पर होकर कार्य करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## केशरी नाथ त्रिपाठी की शव यात्रा में शामिल हूए कांग्रेसी

**प्रयागराज।** विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यपाल रहे केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर कांग्रेसजनों ने दुख व्यक्त किया।केशरी नाथ त्रिपाठी की शव यात्रा में पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन सहित कई कांग्रेस नेता शामिल रहे श्री अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि केशरी नाथ त्रिपाठी प्रयागराज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों मे से रहे उनहोंने हमेशा प्रयागराज के विकास के लिये प्रयास किया तथा लोगों की सेवा करते रहे केशरी नाथ त्रिपाठी की कमी हमेशा रहेगी जो अपूर्णीय है प्रयागराज की जनता हमेशा उन्हे याद करेगी।श्री प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन ने कहा कि श्री केशरी नाथ त्रिपाठी प्रयागराज की जनता के हमेशा चहेते रहे हैं कोई भी वयक्ति किसी भी दल का हो उनहोंने हमेशा किसी भेदभाव के उसे सम्मान दिया आज उनके संसार छोड़ने से प्रयागराज की जनता शोकाकुल है। शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम ने कहा कि केशरी नाथ त्रिपाठी भाजपा में रहते हुए भी अलपसंखक समुदाय के चहेते रहे हैं उनहोंने कभी भी हिंदू मुसलमान में कोई फर्क नहीं किया उनके दुनिया छोड़ जाने से प्रयागराज की क्षति हूई है।

## डिवाइडर से टकराया बाइक सवार युवक की गई जान पीछे बैठा साथी गंभीर



हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रुकडी गांव निवासी शिव कुमार पटेल 25 वर्ष पुत्र ड्राइवर पटेल अपने साथी कुलदीप पटेल 22 वर्ष पुत्र शिव बहादुर पटेल ग्राम डांडो के साथ अपनी वाइक से जा रहा था कि करछना कोहडार मार्ग कुशगढ़ मोड़ के पास अनियंत्रित होकर शिवकुमार की मोटरसाइकिल डिवाइडर से जाकर टकरा कर नाले में चली गई जहां पर शिव कुमार पटेल 25 वर्ष की घटना स्थल पर मौत हो गई ,शिव बहादुर पटेल पत्नी राधा को एक बेटा है पिता खेती किसानी करते हैं वही शिव कुमार पटेल का साथी कुलदीप पटेल जो वाइक के पीछे बैठा था उसे भी गंभीर चोटे आई हैं जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया घटना की सूचना पाकर करछना पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया घटना की जानकारी होने पर मृतक के परिजनों में मातम छा गया।

## साधु-संतों के बैठने से टूटी मेलाधिकारी की टेबल-मेज समेत कई कुर्सियां

**प्रयागराज।** पौष पूर्णिमा स्नान के साथ संगम की रेती पर शुरू हुए महीने भर के माघ मेले में भूमि-सुविधाओं के लिए मारामारी मच गई है। शनिवार को दर्जनों की संख्या में साधु-संत सुविधाओं के लिए मेलाधिकारी दफ्तर में घुस गए। इस दौरान जमकर धक्कामुक्की हुई। एक साथ कई लोगों के बैठने से मेलाधिकारी की मेज और कई कुर्सियां टूट गईं। इससे अफरातफरी का माहौल बन गया। अंततः पुलिस की मदद से जब लोगों को बाहर किया गया, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी।

माघ मेले में अभी 40 फीसदी बसावट होनी बाकी है। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के तीन दिन पहले की सुविधाओं के लिए जो आदेश जारी हुए थे, वह सुबह तक मेला प्रशासन के कैंप कार्यालय के काउंटर पर नहीं पहुंच सके थे। उधर, दफ्तर खुलने के साथ ही साधु-संतों, संस्थाओं के संचालकों की भीड़ सुविधाओं के लिए पहुंचने लगी। मेलाधिकारी ने एसडीएम रेणु सिंह को दफ्तर में बैठकर सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंप दी। किसी को नल, किचन, टिनघेरा, बांसबाड़ा तो किसी को विद्युत कनेक्शन और शौचालय की दरकार थी। इस दौरान मेलाधिकारी अफसरों के साथ मकर संक्रांति के स्नान पर्व की तैयारियों को लेकर बैठक करने लगे। कुछ देर बाद मेलाधिकारी का कक्ष जैसे ही खुला साधु-संतों की भीड़ घुस घई। देखते-देखते दर्जनों की तादाद में साधु मेलाधिकारी के कक्ष में घुस कर एक पर एक मेज-कुर्सियों पर बैठने लगे। इस दौरान अत्यधिक दबाव की वजह से मेलाधिकारी की मेज टूट गई।। टेबल के शीशे भी टूट गए। कई कुर्सियों के हत्थे क्षतिग्रस्त हो गए। सुरक्षाकर्मियों के हस्तक्षेप के बावजूद वहां धक्कामुक्की के बीच हंगामा होता रहा। मेज टूटने के बाद मेलाधिकारी ने पुलिस की मदद से लोगों को बाहर निकलवा कर माहौल शांत कराया।

किसी भी साधु-संत को दिक्कत न होने पाए, इसके लिए पर्याप्त सुविधाएं जारी की जा रही हैं। दोपहर के वक्त अचानक कई लोग मेरे चेंबर में सुविधा के लिए प्रवेश कर गए। कई लोग मेरी मेज पर ही बैठ गए, इससे वह टूट गई। बाद में लोगों को समझाकर बाहर किया गया। - अरविंद चौहान, मेलाधिकारी।

# नेशनल जर्नलिस्ट एशोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न

**बैठक**

### बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और वार्षिक सम्मेलन पर दिया गया बल

**मेजा।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक बैठकरविवार को संस्कार सदन नैनी में संपन्न हुई जिसमें संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान, वार्षिक सम्मेलन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी ने किया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल व महानगर इकाई प्रयागराज के संयोजक सूर्यप्रकाश त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कवि रामनाथ त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के बाद बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने पत्रकारों से निष्पक्ष पत्रकारिता करने की अपील की। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों को आश्वस्त किया कि संगठन उनके सम्मान की सुरक्षा करने के लिए पूर्णरूप से कटिबद्ध है।





बैठक को संबोधित करते वरिष्ठ पत्रकार

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शशिकांत तिवारी ने पत्रकारों को एकजुट रहते हुए ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य महासचिव महानगर सुनील गिरि ने कहा कि पत्रकार विभिन्न विषम परिस्थितियों में काम करते हैं,ऐसी स्थिति में उनका स्वास्थ्य बीमा होना आवश्यक है। बैठक को प्रांतीय मुख्य महासचिव महमूद आलम, महानगर संरक्षक सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार आर पी शर्मा, मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आर के शर्मा, गंगापार अध्यक्ष शास्वत, यमुनापार अध्यक्ष प्रेमानंद मिश्र, महानगर अध्यक्ष एस के यादव, यमुनापार मीडिया प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी, रूपनारायण त्रिपाठी, सुशील पाण्डेय, मोहित निषाद, आशुतोष शुक्ल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मुख्य महासचिव राजेन्द्र सिंह ने किया। बैठक के अंत मे राष्ट्रीय संयोजक जगदम्बा शुक्ल ने एसोसिएशन की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए लोगों से राष्ट्रीय, प्रांतीय, मंडल, जिला एवं तहसील स्तर पर संगठन की कार्यकारिणी के पुनर्गठन सहित वार्षिक सम्मेलन पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मोहम्मद अयाज, अजय द्विवेदी, राजेश निषाद, अनूप जायसवाल सहित कई अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ई-रिक्शा में बैठी महिला के पर्स से नकदी, जेवर चोरी

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय से ई-रिक्शा में सवार होकर करारी अपने मायके जा रही युवती के पर्स से रविवार को नकदी समेत जेवर गायब कर दिए। युवती करारी में उतरी तो खुला पर्स देख उसको जानकारी हुई। युवती ने पट्टी गांव के सामने उतरी दो महिलाओं पर शक जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

करारी के कृष्ण नगर की पूजा जायसवाल की शादी फतेहपुर में हुई है। पूजा रविवार को फतेहपुर से मंझनपुर आई। मंझनपुर से वह ई-रिक्शा में बैठकर करारी जा रही थी। ई-रिक्शा में दो महिलाएं सवार थीं। महिलाएं पट्टी गांव के सामने उतर गई। पूजा करारी में उतरी तो देखा कि उसका पर्स खुला था। पूजा ने पर्स चेक किया तो पता चला कि दो सोने की अंगूठी, एक लॉकेट, दो झुमकी और तीन हजार रुपये नकद गायब हैं। जानकारी उसने परिजनों को दी। पूजा ने बताया कि दो महिलाएं पट्टी गांव के समीप उतरी हैं। पूजा ने उन्हीं पर चोरी करने का शक जाहिर किया। परिजन पूजा को लेकर करारी थाना गए। इंस्पेक्टर सीबी मौर्या को मामले की तहरीर दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 18 लीटर शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा व कड़ाधाम पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से महिला समेत दो लोगों को महुआ की शराब के साथ पकड़ा है। कड़ाधाम पुलिस ने फराहिमपुर के समीप जियालाल को पकड़ा और उसके पास से 12 लीटर शराब बरामद किया। पश्चिमशरीरा पुलिस ने दानपुर में छापेमारी करते हुए सुन्दर कली पत्नी दानपुर को शराब बनाते हुए पकड़ा। पुलिस ने महिला के कब्जे से आठ लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### अस्पताल से डॉक्टर की बाइक चोरी

**कौशाम्बी।** कोखराज के चंदवारी गांव में हाईवे किनारे डॉ. चैन सिंह निवासी जीवनगंज ने अस्पताल खोल रखा है। डॉक्टर ने रविवार को पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी थी। बाइक चोरी हो गई। जानकारी होने पर सीसीटीवी फुटेज देखा तो चोर की पहचान हो गई। मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी देखा है।

# सड़क का गड्ढा नहीं, अपनी जेब भर रहे जिले के अफसर : इंद्रजीत

**कौशाम्बी।** ब्लॉक के मेड़रहा बाग में रविवार को सपा की जनसभा हुई। सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज ने जनसभा में सीधे भाजपा पर हमला किया। कहा कि कांग्रेस व बसपा शून्य हो चुकी हैं। भाजपा सरकार में प्रशासन को बेलगाम बताया। कहा अफसर मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। सड़क का गड्ढा नहीं, बल्कि अफसर अपनी जेब भर रहे हैं। वह जिस रास्ते से आ रहे हैं, उसमें गड्ढे ही गड्ढे हैं।

मंझनपुर के विधायक व सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज की रविवार को मेड़रहा बाग में जनसभा थी। मंच पर आते ही वह सीधे भाजपा पर हमलावर हो गए। उन्होंने जनपद के विकास कार्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि कोई काम नहीं हो रहा है। राम वन गमन मार्ग के लिए अधिग्रहण किया गया है। एयरपोर्ट से कौशाम्बी तपोस्थली के लिए फोरलेन बनाई जा रही है। किसानों की जमीन ले ली गई, लेकिन किसानों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।



कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते इंद्रजीत सरोज

बेगम बाजार के समीप ओवर ब्रिज का काम सालों से बंद है, लेकिन निर्माण नहीं किया जा रहा है। केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जवाब दिया जा रहा है कि एयरफोर्स ने आपत्ति लगा रखी है। कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं, सरकार उनसे बातचीत कर मसले का हल कराकर लोगों को राहत दे सकती हैं, लेकिन उसने जानबूझकर इस मामले को अटका रखा है। बताया कि पांच करोड़ की निधि है, अब तक तीन करोड़ ही मिले हैं। दो करोड़ मिलेगी की नहीं, पता नहीं। कहा कि यदि दो करोड़ रुपये मिलते हैं तो वह गांव-गांव हैंडपंप के लिए निधि से रुपये जारी करेंगे।

उन्होंने प्रदेश की सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने जो नारा दिया था की गड्ढा मुक्त सड़कें बनाएंगे लेकिन आज तक सड़कें गड्ढा मुक्त नहीं हो सकी। महंगाई चरम पर है गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे हैं महिलाओं ने अब गैस सिलेंडर भराना भी बंद कर दिया है। बिदांव में बने स्थाई गौशाला में अधिकारियों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। जिसका उदाहरण सामने है गौशाला में जानवरों को संरक्षित करते ही मवेशी बाड़ तोड़ कर भाग जाते हैं। प्रदेश में महिलाओं के साथ साथ अत्याचार बड़ा है महिलाएं सुरक्षित नहीं है। किसान ठंडी के महीने में खेतों की रखवाली करते हुए अपनी जान गवा देते हैं लेकिन सरकार किसानों का सुध नहीं ले रही है। आने वाले समय में अगर सपा की सरकार बनती है तो कौशांबी में विकास की गंगा बहेगी इसे कोई नहीं रोक सकता।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, परवेज अख्तर अंसारी, ऐश अहमद उर्फ पप्पू, शिवपूजन प्रधान, प्रेम मिलन सरोज, शीला द्विवेदी, शादाब अहमद, रामखेलावन यादव, रोहित यादव, रामानंद सरोज आदि लोग रहे।

## पट्टीदारों ने दंपती को पीटकर किया जख्मी

**महेवाघाट।** थाना क्षेत्र के हटवा अब्बासपुर गांव में पड़ोसी पट्टीदारों ने दंपती को पीट दिया। दंपती के साथ मारपीट देख मोहल्ले के अन्य लोग पहुंचे। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

हटवा अब्बासपुर निवासी विजय कुमार ने बताया कि पट्टीदार रंजिश चल रही है। इसी अदावत में दोनों परिवार की महिलाओं के बीच नोक-झोक हो गई। तीखी झड़प के बाद आरोपित परिजनों के साथ मिल विजय के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने विजय व उसकी पत्नी को पीटते हुए लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल दंपती का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर अरोपित विष्णु के साथ रजवंती, फूलकुमारी समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत, एक लहूलुहान

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव के पास अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं घटनास्थल पर एक व्यक्ति की मौत हो गई है दूसरा व्यक्ति गंभीर घायल है घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।




घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव निवासी सनी पटेल उम्र 18 वर्ष पुत्र सुरेश पटेल अपने पारिवारिक भाई अजय कुमार पटेल उम्र 19 वर्ष पुत्र संतोष पटेल के साथ बाइक से चायल क्षेत्र में अपनी बहन के घर त्यौहार का सामान लेकर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार ककोढा गांव के पास पहुंचे कि अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी है बाइक में टक्कर लगने से बाइक सवार बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े हैं और हादसे में गंभीर घायल हो गए हैं हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे में सनी पटेल की घटनास्थल पर मौत हो गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

## पड़ोसी ने कुनबे को पीटा

**कड़ा धाम।** थाना क्षेत्र के दौलतपुर कछार गांव में दबंगों ने पड़ोसी के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। इसके बाद कुनबे को पीट दिया। पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

दौलतपुर कछार निवासी अर्जुन लाल का पड़ोसी मैच खेलने को लेकर विवाद हो गया। बात परिजनों तक पहुंच गई। इसके बाद आरोपित ने परिजनों के साथ मिल अर्जुन के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर आरोपितों ने कुनबे को पीट दिया। पड़ोसी के घर मारपीट देख घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। कुनबा थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने आरोपित नासिर समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पूर्व सैनिक दिवस समारोह का किया गया आयोजन

**चायल,कौशांबी।** जिले के मंझनपुर अंतर्गत मल्हीपुर महाराज गंज के अयोध्या प्रसाद जूनियर हाई स्कूल में रविवार को सूबेदार भैया लाल यादव के द्वारा सैनिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज स्टेशन हेड क्वाटर कमांडर कर्नल मनीष सिन्हा थे जिसमे सभी पूर्व सैनिकों को आमंत्रित किया गया था। लोगो ने बड़े हरसोल्लाश के साथ कर्नल साहब का माला फूल से स्वागत किया। विद्यालय के कुछ बच्चो ने सांस्कृतिक प्रोगराम का भी आयोजन किया। इस दौरान कर्नल मनीष सिन्हा ने बच्चो को पुरस्कृत करके उनका हौसला उपजाई किया। कर्नल मनीष सिन्हा ने कौशांबी जिला के मंझनपुर में सी एस डी कैंटीन एवं महीने में दो दिन एम ई रूम की सुविधा प्रदान करवाने का आश्वासन दिया। कुछ भारतीय सेना से रिटायर सीनियर लोगो को सूबेदार भैया लाल यादव की तरफ से पुरस्कार भी दिया गया


कार्यक्रम में मौजूद लोग

दूर दराज से आए लोगो ने कर्नल मनीष सिन्हा के साथ वार्ता लाभ भी किया। लोगो ने अपनी कुछ समस्या बताया जिसमे उन्होंने लोगो को अस्वाशन देते हुए कहा मैं आप के सोल्जर बोर्ड अधिकारी कौशांबी से बात करूंगा और प्रयास करूंगा की आप लोगो की समस्या दूर किया जाए। इस दौरान भैया लाल यादव ,फूल सिंह यादव,बड़े लाल यादव मदन सिंह,विनोद कुमार सिंह,संभू नाथ राज पूत,मक्खन लाल यादव ओम प्रकाश यादव स्कूल के बच्चे एवं सैकड़ों पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई माता सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती


माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाते लोग

**चायल, कौशाम्बी।** करारी के अगियौना ग्राम सभा में रविवार को माता सावित्री बाई फुले जी की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के आयोजक डा छेदीलाल मौर्य, डा उमेश चंद्र मौर्य, एड० सुनील कुमार शिवबली, बिंदेसरी प्रसाद के माध्यम से मनाया गया।

डा0 छेदीलाल ने बताया माता सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है। इस कार्यक्रम में वक्ता के रूप में गुलाब चंद्र, विजय गौतम, जलील अहमद, उरिष्ठ प्रसाद चौधरी, इंद्रजीत, निर्मला, अमित कुमार, मौजूद रहे।

### सुबह घना कोहरा, दोपहर में निकली धूप

**कौशाम्बी।** रविवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सुबह से ही सड़कों पर चारों ओर सन्नाटा पसरा रहा। सुबह मौसम का कड़ा रुख देख लोग अलाव का इंतजाम करने में जुटे रहे। दोपहर में धूप निकलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन धूप ठंड के आगे बेअसर रही। हालांकि थोड़ी देर बाद फिर बादलों ने आसमान में डेरा जमा लिया। धूप देखकर लोग घरों से निकले और शाम होते ही फिर गलन बढ़ गई। मौसम के एकाएक करवट लेने के बाद से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

### बिजली के जर्जर तार और पोल से हादसे का खतरा

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद के भड़ेगांव के समीप पोल के साथ विद्युत तार भी जर्जर हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ये तार जरा सी हवा चलने पर आपस में टकराते हैं। इससे आपूर्ति ठप हो जाती है। आपूर्ति के दौरान तार किसी के ऊपर गिरा तो वह हादसे का शिकार भी हो सकता है। गांव वालों के मुताबिक तार बदलवाने के लिए अवर अभियंता से लेकर एक्सईएन तक को चिट्ठी दी गई। सभी ने समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया लेकिन, किया किसी ने कुछ नहीं। इसे लेकर गांव के लोगों में गहरी नाराजगी है।

## बदला गया ट्रांसफार्मर, 300 घरों की बिजली आपूर्ति बहाल

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के रेलवे स्टेशन परिसर में लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर शुक्रवार की शाम अचानक जल गया था। आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद बिजली विभाग ने रविवार की सुबह ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल की। ट्रांसफार्मर फुंकने से मोहल्ले में बिजली के साथ ही लोग पानी के लिए परेशान थे।



नगर पालिका परिषद भरवारी के रेलवे स्टेशन परिसर में 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था। इस ट्रांसफार्मर से करीब 300 घरों में बिजली सप्लाई होती थी। शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे बिजली आपूर्ति आने के बाद अचानक ट्रांसफार्मर जल गया था। ट्रांसफार्मर फुंकने से करीब तीन सौ घरों की बत्ती गुल हो गई थी। शनिवार को दिन भर मोहल्ले में बिजली पानी का हाहाकार मचा रहा। आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने रविवार के अंक में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने आनन-फानन ट्रांसफार्मर बदलते हुए बिजली आपूर्ति बहाल किया।

## सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे



**कौशाम्बी।** सिराथू.नियामतपुर मार्ग से बालकमऊ गांव को जाने वाली सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। सड़क पर जानलेवा गड्ढे होने से आए दिन बाइक व साइकिल सवार गिरकर चोटिल होते रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत कराए जाने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भी दिया गया। आरोप है कि शिकायत के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

## रंजिश में मां-बेटे पर कातिलाना हमला

**सरायअकिल।** थाना क्षेत्र के सरैंया गांव में रविवार को रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष ने मां-बेटे पर जानलेवा हमला किया। फावड़े से युवक के सिर पर व उसकी मां के पैर पर प्रहार किया। बेटे को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सरायअकिल के सरैंया निवासी रवि कुमार रविवार की सुबह घर के बाहर लकड़ी चीर रहा था। इसका विरोध पड़ोसी ने किया। दोनों के बीच रंजिश भी है। पड़ोसी का कहना था कि लकड़ी छिटक कर बाहर आ रही है। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि पड़ोसी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर रवि को पीटना शुरू कर दिया। उसकी मां चिंता देवी बीचबचाव को आई तो पड़ोसियों ने हमला बोल दिया। रवि के सिर पर



फावड़े से प्रहार किया गया। इससे गंभीर चोट आई। वहीं चिंता देवी के पैर पर फावड़ा मारा गया। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रकरण की नामजद तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क क्षतिग्रस्त, आवागमन में हो रही दिक्कत



**सिराथू।** तहसील के शहजादपुर मार्ग से इचौली गांव को जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के राजकुमार, अवधेश कुमार, सुखलाल आदि लोगों का कहना है कि गांव के करीब 200 मीटर रोड़ कई महीने से खराब पड़ी है। पुलिया भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई। ऐसे में लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# रोजा बैठक में चायल तहसील की कमेटी गठित

**करारी कौशाम्बी।** जमीअत उलमा जिला कौशांबी की मजलिस ए आमला की दो महीने वाली बैठक 7 जनवरी 2023 सनीचर को जामा मस्जिद चायल में जनाब मोहम्मद मुजतबा साजिदुल्लाह साहब की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मीटिंग की शुरूआत हाफिज मोहम्मद कामरान साहब हलीम महासचिव धार्मिक शिक्षा बोर्ड जमीयत उलेमा कौशांबी की तिलावत से हुआ और हजरत मौलाना मुफ्ती मुज्तबा साहब कासमी अध्यक्ष धार्मिक शिक्षा बोर्ड जमीयत उलेमा कौशांबी ने निजामत की।

और फिर जमीयत उलेमा जिला कौशांबी के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती मोहम्मद मुरशिद साहब कासमी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दौर इस्लाम और मुसलमानों के लिए बहुत ही नाजुक तरीन दौर है बातिल परस्तों की तरफ से इस्लाम और मुसलमानों को मिटाने के लिए तरह-तरह की इसकीमें और मंसूबे बनाय जा रहे हैं यहां तक के तालीम के नाम पर मासूम बच्चों के दिलों पर गलत असर डालने और गैर इस्लामी


बैठक की अध्यक्षता करते मोहम्मद मुजतबा साजिदुल्लाह

तरीका अपनाने की तरगीब दी जा रही है और हम गफलत की चादर मुंह में डाले बैठे हुए हैं हमें अपनी तबाही व बबार्दी का एहसास तक नहीं। याद रखें अगर हमारा यही हाल रहा तो एअ दिन हमारे बच्चे मुर्तद हो जाएंगे उनसे यह ईमान की दौलत छीन ली जाएगी और वह इससे महरूम हो जाएंगे। इस महरूमी से बचाने के लिए अपनी नस्लों को गुमराह होने से बचाने के लिए इनके दीन और ईमान को बाकी रखने के लिए सभी लोगों को फिक्र करने की जरूरत है।

और मौलाना ने कहा की सूबे की हिदायत के मुताबिक हम अपने पूरे जिले में इसलाहे माशेरा के प्लेटफार्म से आसान निकाह की मुहिम चलाएंगे और उसकी जो भी शक्ल बनेगी उसको इख्तियार किया जाएगा और आखिर में मुफ्ती मुजतबा साहब की दुआ से जलसा मुकम्मल हुआ। इस मौके पर मौलाना मुफ्ती मुर्शीद साहब कासमी, मौलाना मो0 ताहा नदवी, हजरत मौलाना मो0 सुहेल साहब मजाहिरी, मौलाना मो0 मुज्तबा कासमी, हाफिज मो0 कामरान हलीमी, जनाब मो0 अनस,जनाब हाफिज जसीमुद्दीन साहब, जनाब मौलाना अब्दुल रूफ रहमानी, तैययब, मो0 आकिब वगैरह कसीर तादाद में लोग भी मौजूद रहे।

# किसान गोष्ठी में उद्यान मंत्री ने किसानों को दिए सुझाव

**किसान गोष्ठी**

**कहा आधुनिक खेती से बने आत्मनिर्भर, करें आय तीगुनी**



किसानों को संबोधित करते उद्यान मंत्री

**प्रतापगढ़।** एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत रविवार को नगर के निकट कटरा रोड पर फुलवारी स्थित बीएसएस एकेडमी में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उद्यान मंत्री ने कहा कि बुजुर्ग नौजवानों को आधुनिक खेती के लिए सहयोग करें। परम्परागत खेती पर निर्भर न रहकर आधुनिक खेती कर आगे बढ़ सकते हैं। सरकार कृषि व बागवानी के क्षेत्र में 35 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है। नौजवान आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अपनी आय दोगुनी नहीं बल्कि तीन गुनी कर सकते है। इस कार्य में धैर्य और लगन की जरूरत है। कई नौजवान अच्छी नौकरियाँ छोड़कर आधुनिक तकनीकी के माध्यम से खेती कर लाखों का आय कर रहे हैं जो नौकरी से नहीं किया जा सकता है। उद्यान मंत्री ने प्रतापगढ़ में आँवला की खेती को वरदान बताया उन्होंने कहा कि आँवला देव फल है।आँवला पहले वन उपज था प्रदेश सरकार ने आँवले को कृषि उपज बनाया। आज किसान आँवले की बागों से लाखों की कमाई कर रहे हैं। आँवले की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान मंत्री ने मंच पर मौजूद उद्यान निदेशक आर के तोमर को प्रतापगढ़ में आँवला महोत्सव मनाये जाने का निर्देश दिया। उद्यान निदेशक आरके तोमर ने कहा कि आँवला और आम इस जनपद में दोनों बड़ी मात्रा में उत्पादन होते हैं। ऐसा अन्य किसी जनपद में नहीं है। उद्यान विभाग प्रदेश व देश की जीडीपी बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ है। उन्होंने नौजवानों से आवहन किया कि जिसके पास पर्याप्त मात्रा में जमीन है वे प्रशिक्षण प्राप्त कर हाईटेक खेती कर सकते हैं जिसमें अन्य लोगों के लिए भी रोजगार की अपार संभावनाएं है। बाग लगाने के लिए सरकार 50 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है। कई नौजवान हाईटेक पढ़ाई कर आधुनिक खेती के जरिए लाखों की आमदनी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में आए नई तकनीक का प्रयोग जरूर करना चाहिए। नई तकनीक का प्रयोग कर ही हम अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। किसान गोष्ठी में खेती किसानी व बागवानी में मिसाल बने किसानों को उद्यान मंत्री ने पीएमएफएमई योजना के तहत बैंकों से पास हुए ऋण का डेमो चेक देकर छः किसानों को सम्मानित किया। इसके अलावा हाईटेक मैकेनाइजेशन के ताहत छः किसानों और एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत 12 किसानों को भी सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने सेमिनार में कृषि एवं बागवानी मिशन पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। गोष्ठी में आये हुए अतिथियों व किसानों को उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने स्वागत करते हुए सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रयागराज विश्व विद्यालय की प्रो0 डा0 अंजना त्रिपाठी ने किया। इस दौरान कृषि उप निदेशक डा0 रघुराज बहादुर सिंह, कृषि अधिकारी डा अश्वनी सिंह, उमेश सिंह, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, भाजपा नेता गिरधारी सिंह, गुड्डू पाण्डेय, कुंवर मनीष सिंह, विनोद कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह, जीतेन्द्र बहादुर सिंह, उप निदेशक उद्यान, कालेज के प्रबंधक विनोद सिंह नौशाद अहमद समेत बड़ी संख्या में किसान शामिल मौजूद रहे।

## सेल्स मैनेजर से लूट के आरोपी पकड़े गये

**प्रतापगढ़।** देल्हूपुर थाना क्षेत्र के प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर बदमाशों ने सेल्स मैनेजर से तमंचे के बल पर 47 हजार से अधिक की लूट की थी। यह लूट रतीपुर हनुमान मंदिर के पास बुद्धवार को बाइक सवार बदमाशों ने स्पन्दना स्फूर्ति फाइनेंस कम्पनी के सेल्स मैनेजर से दोपहर में हुई थी। थाना क्षेत्र के बदमाशों को सेल्स मैनेजर द्वारा रुपए से भरे बैग शहर सिथत कम्पनी कार्यालय में जमा करने की जानकारी थी। देल्हूपुर थाना अध्यक्ष व उनकी टीम ने शनिवार को तीन बदमाशों फरदीन उर्फ अब्दुल पुत्र सफीर, देशराज पुत्र लाल बहादुर व कौशल कन्नौजिया पुत्र राम लाल सभी थानाक्षेत्र के तौकलपुर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाशों ने पुलिस को बताया कि हम चार लोगों ने मिलकर सेल्स मैनेजर से लूट की योजना बनाई। चौथा साथी गाँव का हमारा एक सुमित भी शामिल था। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूट के रू0, तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त बाइक और अन्य कागजात बरामद किये हैं।

## संक्षेप

### ट्रक व पिकअप की टक्कर, चालक घायल

**रानीगंज।** चिरकुट्टी तिराहे पर रविवार की सुबह कोहरे के कारण ट्रक और पिकअप की टक्कर हरे गई जिसमें पिकअप चालक घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रानीगंज के चिरकुट्टी तिराहे पर बादशाहपुर की ओर से आ रही पिकअप की रानीगंज से बादशाहपुर जा रही ट्रक से जोरदार भिडंत हो गई। जिसमें पिकअप चालक योगेन्द्र कुमार (28) वर्ष पुत्र शिवकुमार निवासी इन्द्रौली राजकोट जिला सीतापुर बुरी तरह से जख्मी हो गया। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

### रोडवेज बसों के संचालन की मांग

**रानीगंज।** तहसील से प्रयागराज जाने के लिए रोडवेज विभाग ने लाख शिकायतों के बाद भी बसों के संचालन की सुविधा नहीं शुरु हो सकी। माघ मेले में जाने के लिए इस रूट से बसों के संचालन की मांग स्थानीय लोगों ने उठाई थी लेकिन निगम चुप्पी साधे बैठा है। पट्टी से रानीगंज वाया देल्हूपुर होकर प्रयागराज जाने का सफर बहुत ही आसान होता है, बाईपास रोड होने से भीड़भाड़ से हटकर प्रयागराज जाने के लिए यह मार्ग सबसे अच्छा है, लेकिन विभाग ने अब तक इस मार्ग पर एक भी रोडवेज बस का संचालन शुरू नहीं किया। क्षेत्रीय लोगों ने विभागीय उच्चाधिकारियों से इस रूट पर बस चलाने की मांग उठाई है।

### ठंड से बचाने में करें सहयोग : रोशनलाल

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने रविवार को नगर क्षेत्र में सड़कों पर घूम रहे पशुओं को बोरे के सिलाये टाट पहनाए। उनकी टीम के सदस्य नगर के दहिलामऊ, पिराईपुर, राजापाल टंकी चैराहे तथा विवेक नगर के गली कूंचों तथा चैराहों पर मिले जानवरों को कोट पहनाकर उन्हें ठंड से निजात दिलाई। रोशनलाल ने कहा कि मानवता के इस नेक कार्य में लोग सहयोग करें। धरती पर पशुओं को भी जीने का उतना ही अधिकार है जितना मनुष्य का। इस दौरान उनके साथ सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, परमानंद मिश्र, दयाराम मौर्या, संतोष कुमार, शिवेश शुक्ल, आदर्श कुमार, संजय कन्नौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

# पत्नी से विवाद पर फांसी के फंदे पर झूला युवक

**प्रतापगढ़।** किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हो गया। इसके बाद पत्नी कमरे से बाहर बरामदे में सोने चली गई। शनिवार की रात पति छत में लगे हुक में गमछा बांधकर फंदे पर झूल गया। सुबह पत्नी ने दरवाजा खोलने की कोशिश की तो दरवाजा बंद मिला। खिड़की से झांकने पर चीखने-चिल्लाने लगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पट्टी तहसील के कोहड़ौर थाना अंतर्गत नरहरपुर भागीपुर गांव का रहने वाला सतीश कुमार वर्मा (30) पुत्र राम शिरोमणि वर्मामुंबई में रहकर ट्रक चलाता था। एक सप्ताह पहले वह मुंबई से घर आया हुआ था।

सतीश की शादी 7 साल पहले मीरा के साथ हुई थी। पति की हरकतों से परेशान मीरा आए दिन पति को समझाती रहती थी लेकिन सतीश उसकी बात नहीं मानता था। इसे लेकर दोनों के बीच आए दिन लड़ाई झगड़ा भी होता रहता था। बीती रात सतीश और मीरा का झगड़ा होने लगा उसी दौरान गुस्से में आकर मीरा कमरे के बाहर बरामदे में लेट गई। थोड़ी देर बाद सतीश कमरे की कुंडी लगाकर अंदर से बंद कर लिया और छत के हुक में गमछा अपने गले में लगाकर फांसी के फंदे से झूल गया। उसकी मौत हो गई सुबह भोर में 5ः00 बजे जब मीरा बरामदे से अपने कमरे में आई तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांक कर देखा तो सतीश का शव लटका हुआ था। जिससे वह चीखने चिल्लाने लगी। आसपास के लोग दौड़े तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है सतीश का दो साल की बेटी है जिसको लेकर पत्नी मीरा से उसकी कई बार कहा-सुनी होती रहती थी। 3 साल पहले बेटे समीर को जन्म देने के बाद उसके भविष्य को लेकर मीरा अपने पति सतीश से बात करती तो वह नजरअंदाज कर देता था। युवक की मौत के बाद मां कैलाशी देवी का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

## जानलेवा हमले का आरोपी भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** गड़वारा इलाके के डंडवा गांव में रेप आरोपित शिवप्रकाश वर्मा को गोली मारने के मामले में पीड़िता के बेटे को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। मामले में पीड़िता और उसका पति भी आरोपित है। अमेठी के संग्रामपुर में नेवासे पर रहने वाला शिवप्रकाश वर्मा दो नवंबर 2022 को अपने गांव अंतू के डंडवा आया था। दोपहर को गांव से बाहर जाते समय उसे गोली मारकर घायल कर दिया गया। शिवप्रकाश पर गांव की एक महिला ने रेप का केस दर्ज कराया था। अस्पताल से लौटने के बाद शिवप्रकाश ने भी रेप पीड़िता, उसके पति, बेटे सहित दो अज्ञात पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस घटना के बाद से रेप पीड़िता के पति और बेटे से कई बार पूछताछ कर चुकी थी। एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद भी आरोप संदिग्ध मानते हुए माह भर तक गिरफ्तारी नहीं की। गड़वारा चैकी इंचार्ज अशोक कुमार सिंह ने शनिवार शाम रेप पीड़िता के बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने वालों पर करें कार्यवाही : डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में शनिवार की देर सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा की तेज रफ्तार एवं शराब पीकर वाहन चलाने व बिना हेलमेट के मिलने पर आपसी समन्वय के साथ कड़ी कार्यवाही करें। नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध चालान काटने की कार्यवाही की जाये। डीएम ने परिवहन एवं पुलिस के अधिकारियों से कहा कि समय-समय पर चेकिंग अभियान चलायें। शराब पीकर वाहन चलाने व तेज रफ्तार तथा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट व ओवर लोडिंग के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। शहरों के मुख्य मार्गो पर ई-रिक्शा का रूट निर्धारित करें। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि टैक्सी स्टैण्ड, बस स्टैण्ड आदि के पार्किग स्थल चिन्हित करें। सड़कों पर कोई पार्किग स्थल न बनाया जाये इसका विशेष ध्यान दें। स्कूलों के कन्डेक्टर, ड्राइवर का मेडिकल चेकअप तथा चरित्र सत्यापन कराया जाये। स्कूली वाहनों के फिटनेस की जांच करायें और यदि अनफिट हो तो उनको बाहर करें। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों में जो भी वाहन अनफिट है अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करें, विद्यालयों में बैठक करायें। मोटराइज्ड एवं नॉन मोटराइज्ड वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अथवा फ्लोरेसेंट पेन्ट लगाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता डीके अहिरवार ने बताया कि जनपद में कुल 52 ब्लैक स्पाट है। जिसमें 12 लोक निर्माण विभाग के तथा शेष एनएच और एनएचआई के है। जिलाधिकारी ने सभी ब्लैक स्पाट को शीघ्र समाप्त कराने का निर्देश दिया। हाईवे एवं सड़कों पर अवैध कट का अवलोकन कर जहां पर दुर्घटनाओं की स्थिति दिखे वहां पर अवैध कट को बन्द कर दिया जाये। डिवाइडर के ऊपर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करें। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, सूचना विभाग सहित अन्य विभागों को यातायात नियमों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त त्रिभुवन विश्वकर्मा, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता एन0के0 यादव, प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता डी0के0 अहिरवार, एआरटीओ दिलीप गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी


असहाय व गरीबों को कंबल वितरित करते समाजसेवी

## समाजसेवी ने असहाय व गरीबों में बांटा कंबल

**पट्टी।** समाज सेवा की भावना मन में हो तथा उसे करने का जज्बा होने पर लोगों की मदद करने में कोई बाधा नही आती है। लगातार 12 वर्षों से जरूरतमंदों असहाय तथा गरीबों को कंबल वितरित किया जा रहा है तथा हमेशा किया जाएगा। यह बातें दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा समाजसेवी संजय मिश्रा ने रविवार को पट्टी तहसील क्षेत्र के रमईपुर दिशिनी प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में एक हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए अपने संबोधन के दौरान कही। दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में रमईपुर दिशिनी, पृथ्वीगंज बाजार, रामपुर खागल, सेवापट्टी, सरमा सहित आधा दर्जन से अधिक गांव के एक हजार लोगों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूलचंद मिश्रा तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छेदीलाल छोटे दुबे ग्राम प्रधान रमईपुर दक्षिणी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमित शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छोटेलाल दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश मौर्य, अंकित मिश्रा, शुभम सिंह, ओम सिंह, रंजन मिश्रा, अजीत दुबे, कोटेश्वरधर दुबे, राम पांडे, श्यामल, संतोष ओझा, गुरुदीन गौतम, शेर बहादुर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मृत भोज न करने का विधायक ने दिलाया शपथ


ग्रामीणों को मृतभोज न करने की शपथ दिलाते विधायक डॉ. आर.के. वर्मा

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के सपा विधायक डा0 आरके वर्मा ने मृत्यु के उपरान्त मृतभोज न करने का ग्रामीणों को संकल्प दिलाया। रविवार को रानीगंज के ग्राम पंचायत विशंभरपुर निवासी राम प्रताप की पत्नी रामकली के निधन पर उनके आवास पहुंच कर विधायक ने शोक जताया। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों से विधायक डा0 आरके वर्मा ने खड़े होकर सभी से तेरही भोज न करने का शपथ दिलाया। इस संबंध में विधायक डा0 आरके वर्मा का कहना है कि किसी भी परिजन के मौत पर घर का हर व्यक्ति दुःखी रहता है। इसके अलावा मृत भोज कम आमदनी वाले परिवारों के लिए एक बड़ी समस्या है। कई गरीब परिवार मृत भेज के बाद कर्ज में डूब जाते हैं। जिन्हें कर्ज अदा करने में वर्षों बीत जाता है। इससे उस परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो जाती है। इसके अलावा कई लोग कर्ज में दबने पर अपनी जमीन भी बेंच कर कर्ज अदायगी करते हैं। इसलिए इस परंपरा को बदलने की जरूरत है।

## ट्रेन में लूटपाट करने वाले दो शातिरों को जीआरपी ने पकड़ा

**प्रतापगढ़।** ट्रेनों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले बिहार और गाजीपुर के दो शातिर अपराधियों को पकड़ने में जीआरपी को सफलता मिली है। इनके पास से चोरी के दो मोबाइल और करीब छः हजार नकद रुपए मिले हैं। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। जीआरपी को मुखबिर से सूचना मिली कि दो चोर प्लेटफार्म चार और पांच पर है। उप निरीक्षक रामजीत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों को पकड़कर थाने ले आई। तलाशी में उनके पास से दो मोबाइल और नकदी मिला। एसओ मोहम्मद राशिद खान ने बताया कि मोबाइल के बारे में दोनों कुछ बता नहीं पाए। कड़ाई किया गया तो उन्होंने चोरी का अपराध कबूला। एसओ के मुताबिक गिरफ्तार अजीत गुप्ता गाजीपुर का और ओम प्रकाश बक्सर बिहार का रहने वाला है। दोनों पर कुल 21 आपराधिक केस दर्ज हैं। जिसमें गैंगस्टर के भी हैं। तीन मुकदमें प्रतापगढ़ और बाकी मुगलसराय में दर्ज हैं। दोनों शातिर बदमाश हैं। ट्रेनों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देना इनका कार्य है। प्लेटफार्म से दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

## शोकसभा आयोजित कर केशरीनाथ त्रिपाठी को दी गई श्रद्धांजलि


पं0 केशरी नाथ त्रिपाठी का श्रद्धांजलि देते लोग

**प्रतापगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष यूपी व पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर रविवार को भाजपा कार्यालय में शोकसभा का अयोजन किया गया। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने श्री त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नम आँखों से श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री आशीष कुमार श्रीवास्तव, राजेश सिंह, किसान मोर्चा के विजय मिश्र, पिछड़ा मोर्चा से विनोद शर्मा, सुनील दुबे, अमित, पंकज मिश्र, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अनुराग सिंह, गिरीश पाण्डेय, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।


अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नए पदाधिकारियों का माला पहनाकर किया गया स्वागत

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नए पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले के नए बनाये गए पदाधिकारियों का जगह -जगह भव्य स्वागत हुआ। वाराणसी में आयोजित एबीवीपी के प्रांत अधिवेशन में जिले के कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व दिया गया। जिसमें डा.धर्मेंद्र प्रताप सिंह प्रान्त उपाध्यक्ष, अतेंद्र प्रताप सिंह को प्रांत मंत्री, अमितदेव विभाग संगठन मंत्री, अनिकेत तिवारी प्रान्त एसएफडी प्रमुख, रमेश सिंह पटेल प्रान्त राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह मंत्री, ज्योति जायसवाल प्रान्त सह छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी मिली। वहीं अमरमणि मिश्र, अतिथि शर्मा, यशस्वी सिंह, ध्रुव शुक्ल को प्रांत कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। भुपियामऊ से कटरा मेदनीगंज, फुलवारी में जगह -जगह स्वागत हुआ। इसके बाद स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर सभी ने माल्यार्पण किया। इस दौरान डा. राजेश भट्ट, सत्यम सिंह, कार्तिकेय पांडेय, कुणाल सिंह, बादल गौतम, श्याम मिश्र,शुभम मिश्र, जितेंद्र पटेल, पवन गौतम मौजूद रहे।

# रामपुर खास में अनवरत चलता रहेगा विकास का पहिया : प्रमोद तिवारी


**लालगंज।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को लालगंज स्थित विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैंप कार्यालय पर जन समस्याओं की सुनवाई की और विकास कार्यों की बावत कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सांसद प्रमोद तिवारी ने रामपुर खास के फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं आनी चाहिए। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए, सांसद श्री तिवारी ने प्रतिनिधि व कैंप कार्यालय प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जन समस्याओं की सुनवाई के पश्चात सांसद प्रमोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की। कहा कि रामपुर खास में विकास का पहिया अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शासन के द्वारा संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के भरोसा दिलाया। सांसद ने कहा कि गरीबों व असहाय तक शासन की संचालित योजनाओं को हर हाल में पहुंचाना होगा और इसमें कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि क्षेत्र में गरीबों व असहायों को चिन्हित कर उन्हें आवास, पेंशन समेत जरूरी सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। इसके लिए जहां भी जरूरत होगी वह खड़े मिलेंगे। सांसद ने विधायक मोना के सहयोग से रामपुर खास में संचालित विकास योजनाओं पर निगरानी के लिए कार्यकर्ताओं को सजग रहने की भी सलाह दी। इसके पश्चात श्री तिवारी क्षेत्र के सारीपुर गांव पहुंचे और ग्राम प्रधान राम सिंह के बड़े भाई के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना अर्पित की। रानीगंज कैथौला में भी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका सुख-दुख जाना। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख ददन सिंह दयाराम वर्मा केडी मिश्र, छोटेलाल सरोज, समाजसेवी पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, प्रतेंद्र ओझा, रामू मिश्रा आदि मौजूद रहे। इससे पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी के निधन पर पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दुख की घड़ी में साथ रहने का भरोसा देते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी बाघराय के गलगली गांव पहुंचकर अमरनाथ शुक्ला के पत्नी के निधन पर शोक जताया।


लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी

## जनसंपादकीय

# फुरसत के बेफिक्र क्षण जी लें

गिरीशवर मिश्र



इक्कीसवीं सदी को अपनी रफ़्तार पर बड़ा नाज था। हर कोई व्यस्त और किसी न किसी दौड़ में शामिल होने के लिए तत्पर था। पर दो दशक पूरा होते न होते इस अंतहीन गति पर कोविड-19 की महामारी ने जो ब्रेक लगाई सो जो जहां था वहीं घरों में कैद हो गए। सबकी गति और गतिविधि सब पर पहरा लग गया। घर से काम शुरू हो गया और जो साधारण सामान्य था वह प्रतिबंधित हो गया। उसकी जगह असामान्य 'नया नार्मल' हो गया। लोग 'गोबलिन मोड' में पहुँचने लगे। जानबूझ कर एक निर्लज्ज की तरह अपनी आदिम आदतों की ओर उनका झुकाव होने लगा। जो समाजस्वीकृत तौर-तरीका था, मानक थे जिनका लिहाज करना था उन सबको तवज्जो देने से लोग कतराने लगे। जंक फूड और मीडिया के उपयोग के साथ अपनी छवि और जरूरी साफ-सफाई के बारे में भी बेपरवाह होने लगे। हालांकि यह किसी पक्की पहचान का रूप न था पर अस्थाई मनोदशा जरूर बन गयी। जैसे कोई हफ़्ते भर काम करने के बाद 'वीक एंड' में फुरसत वाली बेपरवाह समय गुजारने की छूट ले लेता है वैसे ही गोबलिन मोड की व्यवहार-शैली बन गयी। यह स्वस्थ, सुगठित और उत्पादक काम-धाम करने के खिलाफ होती है। कुछ लोग इसे एक किस्म की हानिरहित शरारत भी कहते हैं जो आदमी के शरीर और मन पर हावी हो जाती है। इस महामारी के बीच तमाम बंधनों के साथ लगातार रहने से उपज रही निराशा की तार्किक परिणति के रूप में भी समझा और माना जा रहा है। वैसे भी आज की दुनिया में जिधर भी नजर डालें बाढ़, सूखा, युद्ध, गरीबी और महामारी के असर ही दिखाई पड़ते हैं। यानी कुछ न कुछ खराब, त्रासद और चुनौती देने वाला ही हो रहा है। फिर कुछ कर के किसे दिखाना और क्या साबित करना है?


गोबलिन मोड एक तरह से वह अपने अंदर छिपे असली जीव के पास ले जाता है। इसमें बिना किसी बनाव-सिंगार के और अपनी छवि की बा' प्रस्तुति की चिंता और तनाव से मुक्त हो कर जो अच्छा लगे उसे करने की छूट रहती है। इसकी लोकप्रियता का एक मुख्य कारण सोशल मीडिया में बन-ठन कर अपने को पेश करने की बढ़ती प्रवृत्ति का विरोध दर्ज कराने से भी है। आज आन लाइन प्रस्तुति करने में सभी लोग लक-दक और चुस्त-दुरुस्त बने रहते हैं। गोबलिन मोड ऐसी जीवन शैली को प्रश्रय देता है जो सामाजिक नियमों को धता बता सकती है और अपनी मूल प्रवृत्तियों को अपनाने का अवसर देती है।

मजेदार बात यह है कि आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 'गोबलिन मोड' यह शब्द जनता द्वारा 'वर्ष 2022 का शब्द' चुना गया। गोब्लिन मोड, मेटवर्स, स्टैंडविद तीन शब्द थे जिनमें गोब्लिन मोड को सबसे ज्यादा मत मिले। यह एक स्लैंग यानी आम फहम बोलचाल की भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है बिना किसी अपराधबोध के आत्मलीन, आलस्य, लालची, सामाजिक मानकों और प्रत्याशाओं को धता बताने वाला व्यवहार। इन विशेषताओं से लोग लम्बे चले लॉक डाउन के दौर में सुपरिचित हो चुके थे। सन 2009 में यह पहली बार प्रयुक्त हुआ था पर सोशल मीडिया में इस साल के शुरू में खूब चला और वाइरल हुआ। कोविड लाक डाउन के जुड़े विभिन्न रोक जब कम हुए तो यह तेजी से प्रचारित हुआ। अवसाद (डिप्रेशन) गोब्लिन मोड से मिलता-जुलता है परंतु उससे बिल्कुल भिन्न है। आज मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विमर्श और विशेष तौर पर कोविड महामारी के पहले की अपेक्षा ज्यादा है। समाज में हो रहे बदलाव और हम किस तरह सोच रहे हैं उसे यह शब्द व्यंजित करता है। इसे साल भर की संक्षेपिका भी कह सकते हैं। स्मरणीय है कि गोबलिन मोड अस्थायी प्रकृति वाला होता है और हम सभी इसमें जाते हैं। कुछ लोग ज्यादा दिन और कुछ कम दिनों तक इसमें रहते हैं। यह वस्तुतः यात्रा के बारे में है न कि गंतव्य के बारे में। महामारी के दौरान हममें से बहुत से लोग गोब्लिन मोड में आ गए थे। उसके बाद गोब्लिन मोड सामान्य जीवन में पैठ उसका अंश हो गया। हम सभी किसी न किसी तरह से गोबलिन मोड में जाते हैं। हालांकि ज़िंदा की स्थिति में गोबलिन मोड में जाना तो मजबूरी होती है। इसमें हम अपने असली आत्म रूप में आ जाते हैं। यह निर्बंध किस्म की घरेलू मुक्ति है जब हम सार्वजनिक जीवन का मुखौटा उतार फेंकते हैं। यह शब्द हमारे मानसिक स्वास्थ्य के विमर्श और सोशल मीडिया के बारे में भी बताता है। अपनी भावनाओं को मुखर करना दुःख, क्रोध और पीड़ा आदि की अनुभूतियों की तीव्रता को कम करता है। भावनाओं को शब्द देने का उपचार की दृष्टि से असर करता है। भावनाओं को पहचानना और नाम देना अपने संवेगों को सँभालने की दिशा में पहला कदम होता है।

(लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)

# फिर मण्डल और कमण्डल

रामनिवास तिवारी



बिहार में सात जनवरी से जातीय जनगणना शुरू हो चुकी है जो दो चरणों में होगी।पहला चरण सात जनवरी से इक्कीस जनवरी और दूसरा चरण एक अप्रैल से शुरू होगा।इस तरह मई के अंत तक जनगणना के सम्पन्न होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।बिहार में जातीय जनगणना शुरू कराकर नीतीश कुमार ने मंडल की राजनीति को एक बार फिर से हवा दे दी है।उधर अमित शाह ने एक जनवरी 2024 में अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की बात कहकर सुप्त पड़ी सियासत में कमण्डल की चेतना उड़ेल दी है।2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं इसलिए हर पार्टी में मिशन 2024 को लेकर लक्ष्य साधे जाने लगे हैं।बिहार में शुरू हुई जातीय जनगणना नीतीश कुमार का इसी दिशा में फेंका गया कार्ड है।दरअसल मोदी के जादू को फिछले कई चुनावों से विपक्ष तलाश कर रहा है।अलग अलग चुनावों में अलग अलग प्रयोग करके भी देख लिया लेकिन मोदी का समीकरण जनता पर कम पड़ने की बजाय और बढ़ता ही गया।2014 के लोकसभा चुनाव के बाद देश में 2019 का लोकसभा चुनाव और तमाम राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए जिसमें मोदी मैजिक के जरिये भाजपा विरोधियों पर भारी पड़ती रही।विपक्षी पार्टियों का मुख्य लक्ष्य है कि किस प्रकार मोदी के चेहरे को फ्लाप साबित किया जा सके।उन्हें यह पता है कि दो चार राज्यों में चुनाव जीत लेने से बड़ा लक्ष्य है कि मोदी के चेहरे को ही जीत लिया जाए।क्योंकि विपक्ष जानता है कि 2024 के बाद भाजपा की हर जीत में मोदी का चेहरा ही काम आता है।इसलिए उन्हें अपनी राजनीति का काटा निकालना है तो मोदी चेहरे को निष्प्रभावी साबित करना होगा।यह तभी होगा जो आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के विजय रथ को रोक लिया जाय,लेकिन यह इतना आसान नहीं है विपक्ष को इसका एहसास भी है।


बिहार से जातीय जनगणना की शुरूआत करके नीतीश कुमार ने मोदी को घेरने की पहल कर दी है।यूपी निकाय चुनाव में आरक्षण के मामले पर सपा,बसपा समेत सभी विपक्षी दल भाजपा पर हमलावर दिखे,वह भी ओबीसी वोटरों की राजनीति का एक हिस्सा थी।जातीय जनगणना की खास बात यह रही कि जो सत्ता में रहा उसने कराई नहीं और जब विपक्ष में पार्टियाँ रहती हैं तो गाहे बगाहे इस मुद्दे को उठाते रहते हैं।90 के दशक में वीपी सिंह के समय में मंडल आयोग बना जिसकी सिफारिश से सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्ग की जाति के लिए सत्ताइस प्रतिशत का आरक्षण फिक्स कर दिया गया।मण्डल की राजनीति के बिना किस कदर आगे करके अलग अलग राज्यों में क्षत्रपों ने राजनीति में अपना बड़ा सेस बना लिया देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव और मायावती ने इसी के इर्दगिर्द रहते हुए राजनीति में बड़े मुकाम हासिल किये।बिहार में मण्डल की राजनीति ने लालू और नीतीश को कोई कम फायदा नहीं पहुंचाया।पिछड़ी जातियों की राजनीति करके कितनी कितनी बार सत्ता पर काबिज होते रहे लेकिन मण्डल की राजनीति को कमण्डल के जरिये भाजपा ने बखूबी से परास्त किया था।राम जन्मभूमि आंदोलन के पूरे देश के दिलोदिमाग में स्थापित करके भाजपा ने मण्डल के प्रभाव पर पानी फेर दिया था।

जातिगत जनगणना का राजनैतिक इस्तेमाल इसी उद्देश्य से नीतीश कुमार ने बिहार में शुरू कर दिया है।कामयाबी किस हद तक मिलेगी यह तो वक्त ही बतायेगा।ऐसा करके नीतीश कुमार ने मण्डल राजनीति की तरफ एक कदम आगे बढ़ा दिया है,उधर अमित शाह ने एक जनवरी 2024 को राममंदिर बनने की बात कहकर कमण्डल की राजनीति को हवा दे दी है।अब सवाल यह है कि क्या एक बार फिर देश मण्डल और कमण्डल की राजनीति की दिशा में बढ़ चला है?

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## दुर्भाग्यजीवी प्रतिभाओं के लिए

वे अपने समय के/ सर्वाधिक प्रतिभावान लोग थे/ वे इतिहास से बाहर निकलकर /एक नया इतिहास बनाना चाहते थे/ अद्वितीय होना चाहते थे
वे नौकरी करने को गुलामी और/ सभ्य-संभ्रांत जीवन जीने को/विकाऊ हुआ आदमी होना समझते थे
वे जीवन भर दूसरों के बड़प्पन को खारिज करते रहे/ लेकिन स्वयं को सामान्य आदमी समझना भी/ उन्हें मंजूर नहीं था
वे सारी दुनिया से नाराज जीवन जीते रहे/ लगभग पागल जैसे/उनकी गालियों और बड़बड़ाहटों में अतिरेक था/ वे सिर्फ दुश्मन की तरह देखना जानते रहे/ अपने मित्रों और शुभचिन्तकों को भी
बहुत गम्भीरतापूर्वक विचार करने पर ही/ उनका अपने समय में/हास्यास्पद और विदूषक होना/ प्रकट हो पाता था
अपनी प्रतिभा को सत्यापित करने के लिए / सभी को अपमानित करने/ और घटिया घोषित करने के सिवाय / स्वयं को सर्वोपरि प्रदर्शित कराने का/ और कोई भी दूसरा रास्ता नहीं था उनके पास/ सर्वसम्मति से अपने स्वीकार के लिए !



- रामप्रकाश कुशवाहा

# वृंदावनलाल वर्मा: हिंदी का वाल्टर स्कॉट

हिंदी साहित्य में वृंदावनलाल वर्मा की पहचान ऐतिहासिक उपन्यासकार की है। ऐतिहासिक उपन्यासकार के रूप में उनका कृतित्व विशेष महत्त्व रखता है। उनसे पूर्व हिंदी साहित्य में ऐसा कोई उपन्यासकार नहीं हुआ, जिसने इतने अलग-अलग विषयों पर अपनी कलम पूरी विशेषज्ञता के साथ चलाई हो। उनके उपन्यासों में गजब का इतिहास बोध मिलता है। हालांकि, उनसे पहले अनेक उपन्यासकारों ने ऐतिहासिक उपन्यास लिखे, लेकिन यह उपन्यास न तो पाठकों को पसंद आए और न ही इनका कोई साहित्यिक महत्व है। हिंदी में वृंदावनलाल वर्मा, पहले ऐसे ऐतिहासिक उपन्यासकार हैं, जिन्होंने इतिहास और कल्पना शक्ति का शानदार इस्तेमाल कर, एक नई परंपरा का आगाज किया। अपने उपन्यासों में वे ऐतिहासिक तथ्यों और कल्पना से ऐसी कहानी रचते थे कि पढ़ने वाले उनमें डूब जाते थे। यही वजह है कि उन्हें हिंदी का वाल्टर स्कॉट कहा जाता है। वृंदावनलाल वर्मा, हिंदी के अप्रितम उपन्यासकार हैं। हिन्दी उपन्यास के विकास में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने एक तरफ प्रेमचंद की सामाजिक परंपरा को आगे बढ़ाया, तो दूसरी ओर ऐतिहासिक उपन्यास के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किए। बुन्देलखंड का मध्यकालीन इतिहास उनके कथा साहित्य की बुनियाद है। उपन्यास हों या फिर नाटक, वृंदावनलाल वर्मा उनकी विषयवस्तु इतिहास में ही तलाशते थे। इतिहास उनका पसंदीदा विषय था।

9 जनवरी, 1889 को उत्तर प्रदेश में झाँसी जिले के मऊरानीपुर में जन्मे वृंदावनलाल वर्मा ने विक्टोरिया कॉलेज, ग्वालियर से स्नातक तक की पढाई की। आगरा कॉलेज से कानून की पढाई पूरी करने के बाद झांसी में वकालत करने लगे। उन्हें बचपन से ही पढ़ने का शौक था। खास तौर से पौराणिक तथा ऐतिहासिक कथाओं के प्रति उनकी बेहद दिलचस्पी थी। स्कूल में ही थे, जब वृंदावनलाल वर्मा ने भारतेंदु हरिशचंद्र, देवकीनंदन खत्री और बंकिम चंद्र चटर्जी का पूरा साहित्य पढ़ लिया था। लगातार पढ़ने से उनमें लिखने की ललक जागी और उन्नीस साल की उम्र में उन्होंने अपनी पहली रचना 'महात्मा बुद्ध का जीवन चरित' लिख डाली। उसके अगले ही साल यानी 1909 में वृंदावनलाल वर्मा ने आल्हा और ऊदल की वीर गाथा को केन्द्र में रखकर, 'सेनापति ऊदल' नाटक लिखा। इस नाटक में अभिव्यक्त विद्रोही तेवरों को देखते हुये, तत्कालीन अंग्रजी सरकार ने इसे जब्त कर लिया। नाटक की सारी कॉपियां जला दी गईं। वृंदावनलाल वर्मा की नौजवानी का दौर, देश के स्वतंत्रता आंदोलन के उभार का दौर था। महात्मा गांधी के अंहिसक आंदोलनों के अलावा क्रांतिकारी भी आजादी के आंदोलन में अपना सर्वस्वः लुटा रहे थे। वृंदावनलाल वर्मा, क्रांतिकारियों से ज्यादा प्रभावित थे। भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद और गणेशशंकर विद्यार्थी से उनकी मुलाकातें थी। उन्होंने गुप्त रूप से क्रांतिकारियों की

## जयंती पर



जाहिद खान

मदद भी की। साल 1920 तक वृंदावनलाल वर्मा, छोटी-छोटी कहानियाँ लिखते रहे। इसी दौरान उन्होंने निबन्ध लिखने की शुरूआत की। अंग्रेजी के प्रसिद्ध ऐतिहासिक उपन्यासकार-नाटककार वाल्टर स्कॉट के उपन्यासों से वृंदावनलाल वर्मा खासे प्रभावित थे। दरअसल, ऐतिहासिक उपन्यास लिखने की प्रेरणा उन्हें स्कॉट से ही मिली। एक महत्वपूर्ण बात और, भारतीय इतिहास के प्रति जिस तरह अंग्रेज इतिहासकारों का नकारात्मक रवैया था, इतिहास के साथ वे जिस तरह से खिलवाड़ कर रहे थे, इन सब बातों ने भी वृंदावनलाल वर्मा को ऐतिहासिक उपन्यास लेखन की ओर खींचा।

बहरहाल, साल 1927 में वृंदावनलाल वर्मा ने अपना पहला उपन्यास 'गढ़ कुंडार' लिखा। यह उपन्यास उन्होंने महज दो महीने में ही लिख दिया था। उपन्यास खंगार राजपूतों और बुंदेल राजपूतों के सत्ता संघर्ष की गाथा है। 'गढ़कुंडार' को जबरदस्त प्रसिद्धि मिली। इसके बाद, तो वृंदावनलाल वर्मा ने एक के बाद एक 'विराटा की पद्मिनी', 'कचनार', 'झाँसी की रानी', 'माधवजी सिंधिया', 'ललितादित्य', मुसाहिबजू, 'ललित विक्रम', 'अहिल्याबाई', 'टूटे कांटे', 'देवगढ़ की मुस्कान' और 'मृगनयनी' जैसे ऐतिहासिक उपन्यास लिख डाले। उनके उपन्यासों में इतिहास जीवंत होकर बोलता है। एक तरफ वे ऐतिहासिक उपन्यास लिख रहे थे, तो दूसरी ओर सामाजिक विषयों पर भी उन्होंने कलम चलाई। 'लगन', 'संगम', 'प्रत्यागत', 'कुण्डली चक्र', 'प्रेम की भेंट', 'कभी न कभी', 'अचल मेरा कोई', 'सोना', 'अमरबेल' तथा 'हृदय की हिलोर' वृंदावनलाल वर्मा के सामाजिक उपन्यास हैं। उपन्यास 'लगन' में जहां प्रेमकथा के साथ बुन्देलखण्ड के समृद्ध घर के दो किसानों की आनबान और संघर्ष का चित्रण है, तो उपन्यास 'संगम' और 'प्रत्यागत' में वे समाज में व्याप्त ऊँच-नीच की रूढ़िगत भावना का प्रतिकार करते हैं। इन उपन्यासों में तत्कालीन जाति-व्यवस्था की कठोरता, रूढ़िग्रस्तता और उससे उत्पन्न अराजकता का सजीव चित्रण है। जबकि 'कुण्डलीचक्र' में किसानों और जमींदारों का संघर्ष दिखाया गया है। उपन्यास 'कभी न कभी' मजदूरों के जीवन पर केन्द्रित है। 'अमरबेल' में सहकारिता तथा श्रमदान के महत्त्व को दिखाया गया है। यानी उस जमाने में ऐसी कोई सामाजिक समस्या नहीं थी, जिस पर कि वृंदावनलाल वर्मा ने अपनी कलम नहीं चलाई हो।

साल 1946 में वृंदावनलाल वर्मा का प्रसिद्ध उपन्यास 'झाँसी की रानी' प्रकाशित हुआ। यह लक्ष्मीबाई पर प्रमाणिक उपन्यास है। इस उपन्यास में उन्होंने राष्ट्रीय आन्दोलन में हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बल देते हुए, साम्प्रदायिक सौहार्द का सशक्त संदेश दिया है। रानी लक्ष्मीबाई द्वारा अपने राज्य संचालन और अंग्रेजों के खिलाफ 1857 की क्रांति में दोनों धर्मों के लोगों को समान रूप से महत्व देना, उन पर विश्वास रखते हुए युद्ध रणनीति का कुशलता से संचालन करना आदि घटनाएँ, वृंदावनलाल वर्मा ने उपन्यास में बड़े ही प्रमाणिकता से दिखलाई हैं। 'झाँसी की रानी' खूब लोकप्रिय हुआ। उपन्यास ने उस दौर में देशवासियों के दिल में देशप्रेम और एकता का जज्बा जगाने का काम किया। 'मृगनयनी', वृंदावनलाल वर्मा का एक और बेहतरीन उपन्यास है। इस उपन्यास में 15वीं शती के आखिर के ग्वालियर राज्य के राजा मानसिंह तोमर और उनकी रानी मृगनयनी की कथा है। यज्ञदत्त शर्मा ने वृंदावनलाल वर्मा की उपन्यास कला का मूल्यांकन करते हुए लिखा है, ''वृंदावनलालजी ने इतिहास को बन्धन मुक्त कर दिया है और काव्य को बन्धन में बाँधकर उसे लाजवन्ती का स्वरूप प्रदान किया है। जो अपने समस्त सौन्दर्य को अपने में समेट कर चित्रित की जाती है।''

आजादी के बाद वृंदावनलाल वर्मा ने जितने भी उपन्यास लिखे, उनमें उन्होंने अपनी मातृभूमि बुन्देलखंड को समग्रता से उभारने की कोशिश की। इतिहास और कल्पना का अद्भुत समन्वय कर, उन्होंने बेमिसाल उपन्यास रचे। इसके लिए उन्होंने इतिहास का गहन अध्ययन एवं अनुसंधान किया, तो प्रचलित जनश्रुतियों का भी आधार लिया। जहां जरूरत पड़ी, वहां कल्पना का सुन्दर और सार्थक इस्तेमाल किया। वृंदावनलाल वर्मा की प्राचीन और मध्यकालीन साहित्य, इतिहास, कला, पुरातत्त्व, चित्रकला एवं मूर्तिकला में विशेष रुचि थी। उन्होंने उपन्यास के अलावा ऐतिहासिक नाटक भी लिखे, जो काफी चर्चित रहे। 'झाँसी की रानी', 'हंसमयूर', 'पूर्व की ओर', 'बीरबल', 'ललित विक्रम', और 'जहाँदारशाह' उनके ऐतिहासिक नाटक हैं। नाटक 'नीलकण्ठ' में वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दोनों दृष्टिकोणों के समन्वय पर जोर दिया गया है। नाटक 'निस्तार', दलितों के सुधार पर केन्द्रित है। 'दबे पाँव', 'मेढ़क का ब्याह', 'अम्बपुर के अमर वीर', 'ऐतिहासिक कहानियाँ', 'अँगूठी का दान', 'शरणागत', 'कलाकार का दण्ड' 'वीर का बलिदान तथा अन्य कहानियां' और 'तोषी' वृंदावनलाल वर्मा के प्रमुख कहानी संग्रह हैं। 'अपनी कहानी' में उन्होंने अपने जीवन की संघर्षमय गाथा लिखी है।

वृंदावनलाल वर्मा के समग्र साहित्य का अवलोकन करें, तो उनके कथा साहित्य में देश के समृद्ध इतिहास और वीर नायक-नायिकाओं का चित्रण है, तो परतंत्रता की वजह भी तलाशी गई हैं। उनकी दृष्टि राष्ट्र के पुनः निर्माण की रही है। जाति व्यवस्था, साम्प्रदायिकता को वे देश की एकता, अखंडता का दुश्मन मानते हैं। अपने उपन्यासों में उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, रूढ़ियों की ओर भी इशारा किया है। उन्होंने मेहनत, सच्चाई और ईमानदारी जैसे जीवन मूल्यों को हमेशा अहमियत दी। यही नहीं वृंदावनलाल



वर्मा, मानव जीवन के लिए प्रेम को भी जरूरी मानते थे। जहां तक उनकी भाषा का सवाल है, इसमें बुन्देलखण्डी का प्रभाव साफ दिखाई देता है। उपन्यासों की कथावस्तु और पात्रों के अनुसार उनकी भाषा होती है। वृंदावनलाल वर्मा की शैली वर्णनात्मक है। जिसमें रोचकता तथा धाराप्रवाहिता, दोनों गुण विधमान हैं। वे पात्रों के चरित्र चित्रण में तटस्थ रहते हैं। पात्र अपने चरित्र का परिचय घटनाओं, परिस्थितियों एवं कथोपकथन से खुद दे देते हैं। यही सब वजह वृंदावनलाल वर्मा के उपन्यासों की लोकप्रिय बनाती हैं।

वृंदावनलाल वर्मा एक साहित्यिक मनीषी थे। उनकी प्रतिबद्धता अपने देश और समाज से थी। उन्होंने न सिर्फ.अपने लेखन से समाज को जागरूक करने का काम किया, बल्कि वकालत और लेखन से कमाये अपने पैसे का इस्तेमाल वे समाज के कमजोऱ वर्ग के जीवन को ऊपर उठाने में करते थे। हिंदी साहित्य में महत्वपूर्ण अवदान के लिए वृंदावनलाल वर्मा को कई पुरस्कार और सम्मानों से सम्मानित किया गया। वे हिन्दुस्तानी अकादमी, प्रयाग और नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के सर्वोत्तम पुरस्कारों से सम्मानित किये गये। भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मभूषण' से अलंकृत किया। राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय जगत में भी उनके लेखन को सराहना मिली। सोवियत संघ सरकार ने उन्हें अपने प्रतिष्ठित सम्मान 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' से नवाजा। वृंदावनलाल वर्मा के उपन्यासों का अनेक भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद हुआ। उनके उपन्यासों पर कुछ फिल्में और टेलीविजन धारावाहिक बने। 23 फरवरी, 1969 को अस्सी साल की उम्र में वृंदावनलाल वर्मा ने इस दुनिया से विदाई ली। वृंदावनलाल वर्मा के निधन के बाद, सरकार ने उनकी याद और सम्मान में 9 जनवरी, 1997 को एक डाक टिकट जारी किया। हिंदी साहित्य में जब भी ऐतिहासिक उपन्यासों का जिक्र छिड़ेगा, साहित्यकार वृंदावनलाल वर्मा और उनके उपन्यास जरूर याद किए जाएंगे।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

# चुनावी मौसम में कैसे बना रहे सद्भाव

जैसे-जैसे कर्नाटक विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे लोगों को बांटने वाले वक्तव्यों और भाषणों की संख्या भी बढ़ रही है. भोपाल से लोकसभा सदस्य साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कर्नाटक के शिमोगा में बोलते हुए कहा कि हिन्दू खतरे में हैं. उन्हें आक्रामक बनना होगा और अपनी लड़कियों को लव जिहाद से बचाना होगा. हिन्दुओं को शांत नहीं रहना चाहिए. उन्हें दुश्मनों से अपनी रक्षा के लिए हथियार रखने चाहिए. कम से कम उन्हें रसोईघर में काम आने वाले चाकू की धार तो तेज करवा ही लेनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दू धर्म के शत्रु लव जिहाद तो कर ही रहे हैं वे अन्य तरीकों से भी हिन्दुओं के लिए खतरा बने हुए हैं.

हमेशा भगवा वस्त्र पहनने वाली प्रज्ञा इन दिनों जमानत पर हैं. उन पर आरोप है कि महाराष्ट्र के मालेगांव में बम धमाके करने के लिए उनकी मोटरसाईकिल का प्रयोग किया गया था. मालेगांव के धमाकों में निदोषों की जान जाने से वे कतई परेशान नहीं थीं. उन्हें तो इस बात पर खेद था कि इतने कम मुसलमान क्यों मारे गए. महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते के प्रमुख दिवंगत हेमंत करकरे ने मालेगांव की घटना की सूक्ष्म जांच की जिससे अंततः इसमें प्रज्ञा सहित अन्य आरोपियों के शामिल होने का पता चला. साध्वी का यह दावा है कि करकरे की मौत उनके श्राप के कारण हुई.

इसके पहले उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी का हत्यारा देशभक्त है और रहेगा. प्रज्ञा भाजपा सांसद हैं. गोडसे की तारीफ करते हुए उनके बयान की प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे अपने दिल से प्रज्ञा को कभी माफ नहीं कर पाएंगे. भाजपा ने उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की बल्कि जहरीली बातें करने वालों को पदोन्नत करने की पार्टी की परंपरा के

## प्रसंगवश



राम पुनियानी

अनुरूप उन्हें रक्षा संबंधी संसद की स्थायी समिति का सदस्य बना दिया गया. हालांकि अब भी मोदीजी ने उन्हें दिल से माफ नहीं किया है.

प्रज्ञा भाजपा के साध्वी कुल से आती हैं. उनकी ही तरह साध्वी उमा भारती, साध्वी प्राची और अन्य समय-समय पर जहर उगलते रहते हैं. साम्प्रदायिकतावादियों की दुनिया में साध्वियों के इस दल का दर्जा काफी ऊँचा है. उन्हें अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और इस सम्मान का कारण केवल उनके भगवा वस्त्र और साध्वी का खिताब नहीं है बल्कि जहर उगलने की उनकी अद्भुत क्षमता भी है. इन साध्वियों के पुरूष समकक्ष भी हैं. यति नरसिम्हानंद और बजरंग मुनि उभरते हुए सितारे हैं. उनकी वाणी इतनी गंदी होती है कि उसे प्रकाशित करना भी संभव नहीं होता और अगर संवैधानिक मानकों का पालन किया जाता तो वे न जाने कब से सींखचों के पीछे होते. इन लोगों में से प्रज्ञा समेत कई अन्यों ने संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली है. संविधान और हमारे देश का कानून धार्मिक समुदायों के बीच नफरत फैलाने को गंभीर अपराध मानता है. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 153(ए) के तहत ऐसा करने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है. परंतु चूंकि हमारी न्याय प्रणाली के एक बड़े हिस्से पर साम्प्रदायिक तत्व काबिज हैं इसलिए नफरत की तिजारत करने वाले मजे में हैं. उनमें से एक को भी अब तक सजा नहीं हुई है. अगर इसी तरह की बातें अल्पसंख्यक समुदाय का कोई व्यक्ति करता तो पुलिस और कानूनी मशीनरी को सक्रिय होने में कुछ घंटे भी नहीं लगते.

एक दूसरे स्तर पर नफरत फैलाने के लिए परिष्कृत तरीके भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं. हमारे प्रधानमंत्री यह करने वाली ब्रिगेड के मुखिया हैं. गुजरात में सन 2003 में चुनाव के दौरान उन्होंने पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को अपने प्रतिद्वंद्वी के रूप में प्रस्तुत किया था. उद्धेश्य था पाकिस्तानी तानाशाह को भारत के मुसलमानों से जोड़ना. इसी तरह जब 2002 में तत्कालीन चुनाव आयुक्त लिंगदोह ने यह कहा कि यह समय चुनाव करवाने के लिए उपयुक्त नहीं है तब मोदी हर भाषण में उनका पूरा नाम जेम्स माईकल लिंगदोह लेते थे. लक्ष्य था उनके निर्णय को उनके धर्म से जोड़ना.

मोदी के अन्य कथन भी ध्यान देने योग्य हैं. इनमें शामिल हैं ₹वे अपने कपड़ों से पहचाने जा सकते हैं₹ और बीफ के निर्यात की तरफ इशारा करने के लिए ₹पिंक रेवेल्यूशन₹. असम में उन्होंने कहा था ₹कि घुसपैठियों (बांग्लादेशी मुसलमानों) के लिए जगह बनाने के लिए गैंडों को मारा जा रहा है₹. एक अन्य भगवाधारी, योगी आदित्यनाथ ने, एक समुदाय विशेष को निशाना बनाने के लिए 'अब्बाजान' शब्द का प्रयोग किया था और यह भी कहा था कि चुनाव ₹80 प्रतिशत बनाम 20 प्रतिशत के बीच है₹. 'हम दो हमारे दो, वो 5 उनके 25' जैसे नारे भी इसी गिरोह की उपज हैं. चुनाव के पहले मानो इस तरह के बयानों की बाढ़ आ जाती है. हाल में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले अमित शाह ने लोगों को याद दिलाया था कि गड़बड़ी फैलाने वालों को सबक सिखा दिया गया है. यह इस तथ्य के बावजूद कि माया कोडनानी और बाबू बजरंगी जैसे लोगों को आजीवन कारावास की सजा दी जा चुकी है और बिलकिस बानो का बलात्कार करने वालों को उनकी सजा की अवधि पूरी होने से पहले रिहा कर दिया गया है.

कर्नाटक के संदर्भ में अमित शाह लोगों से पूछ रहे हैं कि वे किसे चुनेंगे - राम मंदिर बनाने वालों को या टीपू सुल्तान का गुणगान करने वालों को. प्रज्ञा का बयान भी कर्नाटक चुनाव की पृष्ठभूमि में आया है. इस तरह के बयान शासक दल की चुनाव जीतने की टूल किट का हिस्सा हैं. पार्टी के लिए पहचान से जुड़े मुद्दे सबसे महत्वपूर्ण हैं. जहां गृहमंत्री राम मंदिर का गाना गा रहे हैं वहीं हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि नेहरू ने भाखड़ा नंगल को आधुनिक भारत का तीर्थ बताया था. नेहरू ने शिक्षा, उद्योग, विज्ञान एवं तकनीकी आदि जैसे क्षेत्रों में अनेक संस्थानों की स्थापना की थी.

आज जब हम भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं तब हम कहां खड़े हैं? जिस महान संघर्ष ने हमें स्वतंत्रता दिलवाई उसने हम सबको एक किया था. हमारे लिए उद्योग और शैक्षणिक संस्थाएं विकास का पर्याय थीं. आज हम केवल लोगों को बांट रहे हैं. उनके बीच नफरत के बीज बो रहे हैं.

इस संदर्भ में भारत जोड़ो यात्रा के महत्व से इंकार नहीं किया जा सकता. यह यात्रा समाज के सामने उपस्थित वास्तविक समस्याओं पर बात कर रही है और उन मूल्यों की याद दिला रही है जिन्होंने हमारे स्वाधीनता संग्राम को परिभाषित किया था. टीपू को खलनायक और राममंदिर को ट्राफी बताने से कुछ नहीं होगा. हमें गांधी और नेहरू की बताई राह पर चलना होगा. हमें नफरत से दूर रहना होगा और पहचान की राजनीति से तौबा करनी होगी.

**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

## व्यंग्य



# ठंड से जंग

ओम वर्मा

कथा शिल्पी प्रेमचंद की कहानी 'पूस की रात'!

ठण्ड से ठिठुरते हलकू और मुन्नी...! मुन्नी हलकू को बार बार कोसती रहती है कि वह इफरात में खर्च न करे ताकि कुछ बचत हो सके और 'कम्मल' (कंबल) खरीदा जा सके जिससे 'पोस-माघ' ढंग से कट सकें!

आज की मुन्नियाँ हलकुओं को कुछ यूँ कोस रही हैं- 'इस मुई ठण्ड का क्या करूँ...कहा था कि रजाई भारी बनवाना... बनवा लाए चादरें जैसी...! रूम हीटर ही ले आते तो कमरा ही थोड़ा गर्म हो जाता...!' लेकिन बाद में फिर बिजली का बिल देख कर दिमाग पर जो गर्मी चढ़ेगी उसे कौन उतारेगा? कल तक जो ग्लोबल वार्मिंग के नाम से डरा डरा कर मुंबई जैसे तटवर्ती शहरों के डूब जाने का खतरा बता रहे थे वे आज ग्लोबल कूलिंग की बात करते फिर रहे हैं।

आखिर इस जमा देने वाले जाड़े से निजात मिले तो कैसे? अपने बोलने भर से सदन में भूकंप लाने का दावा करने वाले भाई जी से निवेदन है कि कम से कम इतना तो बोल ही दें कि भूकंप के बजाय थोड़ी गर्मी ही आ जाए ताकि उत्तरी भारत को ठंड और कोहरे से थोड़ी राहत मिल सके। इसी तरह कल तक जो मुझे राह रोक रोक कर पूछा करते थे कि अच्छे दिन कब आएंगे, वे आज पूछते हैं कि नए टोपे बाजार में आए या नहीं, या ये स्वेटर कहाँ से लिया, या यह कि आखिर ये ठण्ड कब खत्म होगी यार...! हिंदी की प्रसिद्ध कहानी 'उसने कहा था' का वह दृश्य रह रह कर कौंध जाता है जिसमें लहनासिंह के साथी ठण्ड से परेशान हैं और चाहते हैं कि 'जंग' हो ताकि कुछ गर्मी आए।

इन दिनों जिसे देखो वही कुछ ठिगना नजर आ रहा है। क्या लोगों की औसत ऊँचाई एक दो इंच कम हो गई है। ध्यान से देखने पर समझ में आता है कि अब बड़े से बड़ा आदमी भी 'अकड़ने' के बजाय सिकुड़ने में ही अपनी भलाई समझता है। मिलते ही तपाक से हाथ मिलाने वाला शख़्स देखते ही मुँह फेर रहा है। ऐसा नहीं है कि हाथ न मिलाने वाला किसी वायरस के डर से हाथ आगे नहीं बढ़ा रहा है। लाख टके की बात यह है कि हाथ मिलाने की औपचारिकता के डर से जेब की गर्मी का अलौकिक आनंद क्यों छोड़ दिया जाए। गलती से अगर उन्हें हाथ मिलाना भी पड़े तो सामने वाले से एक बत्ती कनेक्शन या 200/- रु में मनचाही बिजली पाने वाले उपभोक्ता की तरह ज्यादा से ज्यादा एनर्जी खींचने की कोशिश करने लगते हैं। इधर चौराहे पर जो आग जल रही है वह कोई विरोध प्रदर्शन या पुतला दहन नहीं है। जिन्हें मैं प्रदर्शनकारी समझ बैठा था वे और दो पुलिस के जवान अलाव ताप रहे हैं।

'मोदी लहर वैसी ही है या कमजोर हो गई है अथवा किसान बिल की वापसी का फैसला सही है कि गलत', इस बात पर लोग दो मत हो सकते हैं मगर चाहे आप मोदी समर्थक हों या गठबंधन समर्थक, हर शख़्स शीत की चपेट में है इस बात पर सदन चलने देने और न चलने देने वाले दोनों सहमत हैं। भोपाल के यूनियन कार्बाइड में जैसे किसी की गलती से 'मिक' गैस के टेंक का वॉल्व खुल गया था, वैसे ही शायद ऊपर वाले के दरबार में कोई मौसम का स्विच चेंजओवर करना भूलकर आराम से बीड़ी पीने चला गया है। नीचे वाले मरें तो मरें, उसकी बला से!

सुबह हो गई है...दरवाजे पर पेपर फेंकने की आवाज आ चुकी है। कोई भी पेपर उठा कर लाने को तैयार नहीं है। रजाई कौन छोड़े! घर के अस्सी वर्षीय वरिष्ठ नागरिक अखबार के बिना छटपटाने लगते हैं, और शॉल, टोपे, मोजे के जिरहबख्तर में कैद होकर जाकर उठा लाते हैं। श्रीमती जी कुढ़मुढ़ा रही हैं कि 'बाई' आज भी आती दिखाई नहीं देती।

सुबह सुबह स्कूलों में पहुँचे गिने-चुने बच्चे अपना मास्क हटा-हटाकर मुँह से वाष्प छोडकर धूम्रपान और 'क...क...किरण' बोलकर खुद को शाहरुख खान समझने लगते हैं। दरअसल ठण्ड के मारे इसके दाँत किटकिटा रहे हैं। इधर पारा जितना नीचे होने लगता है, उधर 'भियाजी' की लाल रंग की 'दवा' का डोज भी उसी अनुपात में बढ़ जाता है। कल रात गश्त की ड्यूटी कर रहे हवलदार ने होटल की भट्टी के बाहर राख की ढेर में गर्मी लेने का प्रयास कर रहे दिनोदिन खजेले होते जा रहे मरियल कुत्ते को तीसरी बार बिला वजह लाठी चार्ज कर-के ट्याऊँ ट्याऊँ करने को मजबूर कर दिया है।

इधर मेरा चिंतन चल ही रहा था कि श्रीमती जी को अकस्मात यह इल्हाम हुआ कि मैं पिछले तीन दिन से नहाया नहीं हूँ। लिहाजा एक बार मतदान से पूर्व नेताजी द्वारा अपनाई जाने वाली शैली में नहा लेने की अपील की गई, फिर दस मिनट बाद आदेशात्मक लहजे में कहा गया। मेरे ध्यान न देने पर अगले दस मिनट बाद बाथरूम में गर्म पानी की बाल्टी रखकर सीधे पकड़कर इस प्रकार धकेल दिया गया जैसे अभी अभी जवान हुई लड़की को विवाह के लिए देखने आए किसी दुजवर अधेड़ के सामने धकेल दिया जाता है।

अब मैं बाथरूम में हूँ और कई देवी देवताओं का स्मरण कर चुका हूँ। इस जानलेवा ठण्ड में पानी का पहला मग्गा डालने में मुझ जैसे रजाईप्रेमी को उतना ही वक़्त लग जाता है जितना कभी प्यार का पहला खत लिखने में लगा था।

तब पत्र लिखते समय मैंने यह सोचते सोचते ही कई पन्ने फाड़ डाले थे कि संबोधन में 'मेहरबाँ' लिखूँ, 'हसीना' लिखूँ, या कि 'दिलरुबा' लिखूँ... ! 'संगम' फिल्म के गोपाल (राजेंद्रकुमार) द्वारा पैदा किया गया यह कन्फ़्यूजन मुझ पर कुछ इतना ज्यादा तारी रहा कि सोचते सोचते उम्र ही हाथ से कांग्रेस के हाथ से एक के बाद एक निकलते जा रहे राज्यों की तरह फिसल गई। उम्र हो गई तो क्या, किसी भी संभावित शारीरिक 'विपत्ति' से बचने के लिए दिमाग अभी भी उसी प्रकार भ्रमित रहता है जैसे प्यार का पहला खत लिखते समय रहा था। हौसले की वही कमी आज भी है। इसलिए इन दिनों नहाते समय ठण्ड से मैं कुछ वैसे ही खौफ खाता हूँ जैसे चुनाव के वक़्त कुछ लोग ईवीएम मशीन से खाने लगते हैं

तो भाइयों और बहनों! मैं बाथरूम में खुद नहीं आया हूँ, मुझे इस बाल्टी में समाहित गंगा माँ ने बुलाया है। बाथरूम में अब मैं हूँ और मेरे सामने पानी की बाल्टी है। जैसे एक कवि ने कहा है कि 'आग तो हर तरफ बताई गई थी' उसी तरह मुझे पानी भी गरम ही बताया गया था। मगर चूल्हे से उतरकर बाथरूम तक पहुँचने की यात्रा में पानी अपनी असली ऊष्मा खो चुका है। इस मौसम में पानी, पानी न रहकर वह रुपया हो गया है जिसके बारे में कभी कहा गया था कि वह दिल्ली के चूल्हे से उतरकर आम आदमी के बाथरूम तक पहुँचते पहुँचते अपनी मात्र पंद्रह प्रतिशत 'ऊष्मा' ही बचा पा रहा है। चूल्हे से उतारे गए पानी और बाथरूम की बाल्टी में रखे गए पानी के तापमान में इन दिनों उतना ही अंतर हो जाता है जितना चुनावी घोषणापत्रों या आश्वासनों और उनके क्रियान्वयन में होता है। बाथरूम की बाल्टी का पानी यह चीख चीखकर कह रहा है कि चूल्हे से जब पानी उतारा गया था तब उसका जो तापमान बताया गया था वह महज एक जुमला था। रसोई के चूल्हे से बाथरूम की बाल्टी तक की यात्रा में पानी की ऊष्मा का इन दिनों जिस तेजी से ह्रास हो रहा है, उसके आगे थमोर्डाइनामिक्स के सारे सिद्धांत पानी भर रहे हैं।

अब मैं और बाल्टी के पानी की सारी ऊष्मा को अपनी बपौती समझने वाला मग्गा आपस में बातें करते हैं कि 'गर्मी होती तो ऐसा होता, या ठण्ड न होती तो वैसा होता; ठंड कुछ कम होती तो ऐसा होता, या ठण्ड और भी ज्यादा होती तो कैसा होता'। इस कथित गर्म पानी को लेकर एक परेशानी यह भी है कि ठंड की यातना तो पूरा शरीर भुगत रहा है, लिहाजा गर्म पानी का पैकेज हर अंग द्वारा माँगा जा रहा है। पहले आखिर किस अंग पर डालूँ? हाथ से शुरू करूँ तो पैर नाराज, पैर से शुरू करूँ तो हाथ नाराज! कहीं कम और कहीं ज्यादा डाल दिया तो भेदभाव व तुष्टीकरण का आरोप लग सकता है। बाएँ अंग पर पहले डाल दिया तो दाहिने अंग वामपंथी होने का आरोप लगा सकते हैं। दाहिने अंगों पर डाल दिया तो बाएँ अंग दक्षिणपंथी का लेबल लगाने में जरा देर नहीं करेंगे।

अपनी ऊष्मा की पूँजी के दम पर इतरा रहे इस 'केपटलिस्ट' मग्गे से मैं बात करूँ इससे बेहतर तो खुशी के वे पल हैं जब मैं और मेरी रजाई आपस में बातें करते हैं। इसलिए हे घरवालों, बल्कि दुनियावालों! मुझे मेरी रजाई के साथ मेरे हाल पर छोड़ दो!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# राहगीरों को लूटने वाले तीन अन्तर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार

**कामयाबी**

### लालगंज घर लौट रही छात्रा का मोबाइल छिनने के बाद पकड़े गए

### मध्य प्रदेश से लूटा था पल्सर



खुलासा करते एसपी सिटी।

**लालगंज।** थाना पुलिस ने मोटर साइकिल से लूट करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश कर 3 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से लूट की मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त चोरी की पल्सर मोटर साइकिल, नकदी व चाकू बरामद किया। कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया।

यह जानकारी एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। लालगंज थाना पर 4 जनवरी को कठवार ग्राम निवासी दीपू त्रिपाठी ने लिखित तहरीर दी थी। जिसमे अपने रिश्तेदार द्वारा मोबाइल से बात करते हुए कॉलेज जाते समय रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों के मोबाइल छीनकर भाग जाने की जानकारी दी गई थी। क्षेत्राधिकारी दीक्षान्त राज के नेतृत्व में थाना लालगंज पर मामला दर्ज कर साक्ष्यों के आधार पर आज थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने पुलिस बल के साथ पंकज पटेल पुत्र महेन्द्र पटेल निवासी अमहा नौगवां थाना ड्रमण्डगंज, नैतिक सिंह उर्फ प्रियांश पुत्र प्रमोद सिंह निवासी मेहाजागीर थाना माण्डा जनपद प्रयागराज, तथा रविशंकर कुशवाहा पुत्र हिंचलाल कुशवाहा निवासी सकरो थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से छीनी गयी मोबाइल, 900 रूपया नकद तथा 4 मोबाइल बरामद किया गया। लूट में प्रयोग किया गया बिना नम्बर की पल्सर मोटर साइकिल मिला। जो चोरी की बताई गई। पंकज पटेल के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग पल्सर मोटरसाइकिल से इधर-उधर सड़कों पर घूमकर सुनसान जगह देखकर मोबाइल आदि को मौका पाकर छीन लेते है। विरोध किए जाने पर चाकू दिखाकर डराते हुए सामान लेकर भाग जाते हैं। छीनी गयी मोबाइलों को जनपद प्रयागराज के थाना कोरांव क्षेत्र अन्तर्गत सकरो निवासी रविशंकर कुशवाहा को बेच देते है। जिससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते हैं। पहचान न हो इसके लिए बिना नम्बर की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करते हैं। बरामद पल्सर मोटरसाइकिल मध्य प्रदेश के रीवां जनपद से वर्ष-2022 में चोरी किया गया है ।

## लोकतंत्र सेनानी संतराम उपाध्याय का निधन

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई सलामी

**चील्ह।** उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संतराम उपाध्याय के निधन पर राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई तथा हरसिंहपुर गंगा घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संतराम उपाध्याय 80 ग्राम बजहा थाना कछवां के निवासी थे। वह पांच भाइयों में दूसरे नंबर के भाई थे। उनकी पत्नी इंद्रावती देवी की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। संतराम उपाध्याय को कोई संतान नहीं था। बताय जाता है कि घर पर सही ढंग से देखभाल न होने के कारण उन्होंने लगभग एक वर्ष से अपने भांजा अरविंद कुमार दुबे एवं शैलेंद्र कुमार दुबे निवासी तिलठी के यहां रहने लगे। शनिवार की रात्रि उनका स्वास्थ्य खराब हो जाने पर अरविंद कुमार दुबे ने उन्हें एक स्थानीय चिकित्सक के यहां इलाज के लिए ले गए, जहां उनकी रविवार की भोर लगभग 4:00 बजे मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना पर तहसीलदार सदर अरुण गिरी, थाना प्रभारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, चेतगंज पुलिस चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह, लेखपाल महेंद्र नाथ नाग, सुभाष चंद्रा, सुशील पाठक आदि लोग मौके पर पहुंचकर राजकीय सम्मान के साथ उनके घर पर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। जहां गांव के तमाम लोग मौजूद रहे तत्पश्चात उनके बहन के नाती प्रशांत कुमार दुबे ने हरसिंहपुर गंगा घाट पर मुखाग्नि दिया।


सेनानी के शव पर माल्यार्पण करते तहसीलदार

## संक्षेप

### सिंचाई की समस्या दूर करने के लिए सीएम से होगी वार्ता : सांसद


समस्या सुनतीं राज्यमंत्री।

**मीरजापुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाकात की एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके पर जमीन संबंधित प्रार्थना पत्र, शिकायती प्रार्थना पत्र, एवं बिजली समाधान के संबंध में प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया। इस दौरान किसानों एवं एक दर्जन गांवों के प्रधानों ने केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल को मिजार्पुर नहर प्रखंड और खजूरी राइट खजूरी नहर मरम्मत के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर अपील की कि लोअर खजूरी बांध का पानी तथा लोअर राइट खजुरी नहर का पानी खजूरी नदी में बह जाता है, ऐसी स्थिति में आसपास के गांवों के किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। किसानों ने अनुरोध किया कि यदि बांध से लगभग 2.5 किलोमीटर तक नहर में पाइप बिछा दिया जाए तो पानी नुकसान नहीं होगा एवं किसानों की फसल को सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर किसानों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। श्रीमती पटेल ने आए हुए सभी किसानों व फरियादियों की समस्या सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिया।

### ओवर लोड बालू की गाड़ी सीज, एक का ऑनलाइन चालान

**हलिया।** रविवार को शांम थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग पर मवाई कला में खनन अधिकारी आशीष चौधरी ने एक अवैध ओवरलोड बालू की ट्रक को पकड़कर थाने में सीज की कार्यवाही किया तथा दूसरी ट्रक का कागज न दिखाने पर ऑनलाइन चालान किया है। खान अधिकारी ने बताया कि अवैध बालू ओवरलोड लेकर जाने की शिकायत पर दबिश दी गई जिसके दौरान एक ओवरलोड बालू की ट्रक को पकड़कर थाने में सीज की कार्यवाही की गई है वहीं दूसरी बालू लदी ट्रक का कागज ना दिखाने पर उसका ऑनलाइन चालान किया गया है। इस दौरान खनिज से अशरफ इकबाल के साथ पूरी टीम मौजूद रही। इस कार्यवाही से अवैध खनन परिवहन करने वालो में हड़कंप मच गया।

फॉर्च्यूनर और डीसीएम में हुई भिड़ंत बाल बाल बचे मठ के अनुयाई

**कलवारी।** स्थानीय शक्तेशगढ़ में रविवार को दोपहर गुरुदेव नगर आश्रम के मलिकार रहबर दर्शनानंद, धर्म जोगानन्द, ब्रह्म दर्शनानंद (डॉक्टर बाबा), रहस्य प्रकाशानंद गड़वाघाट आश्रम बनारस जा रहे थे। शक्तेसगढ़ के पास पहुँचते ही उधर चुनार की तरफ से आ रहा पिकअप ट्रक को बचाने के चक्कर में सीधे फॉर्च्यूनर मे जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही फॉर्चूनर क्षतिग्रस्त हो गयी। संजोग अच्छा था कि फॉर्च्यूनर का एयर बैग चारों तरफ खुलने से बाल-बाल अनुयाई बच गये। अगर एयरबैग ना होता तो एक बहुत ही बड़ी घटना घट सकती थी। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुदेव नगर आश्रम के कई अनुयाई वहां उपस्थित हुए।

### बालक का एक्सीडेंट कर ट्रैक्टर छोड़कर भागा ड्राइवर

**जिगना।** स्थानीय थाना अंतर्गत हरगढ़ गोगांव मोड पर रविवार को साटन पट्टी गांव निवासी विजय शंकर दुबे का अबोध बालक अनमोल दुबे सड़क पर आ गया। जहां पर ईट से लदा ट्रैक्टर आ रहा था। जिसकी चपेट में आ गया जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल उसको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोई ले गए। जहां से उसे मंडली अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी नाजुक हालत होने के कारण उसे जागृत हॉस्पिटल प्रयागराज ले जाया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जिगना पुलिस ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। एक्सीडेंट करने के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भाग निकला।

### कच्ची सड़क पर पात्रों में बंटा कम्बल

**मीरजापुर।** जातिवाद को राष्ट्र वाद और मानवता वाद के पिटारे में बंद कर समाज की सेवा करना चाहिए। मौसम में ठंड, धूप और बरसात जातिवाद नहीं देखते। हम सब भारत माता की संतान है। हम सबका आपस में भाई बहन का नाता है। लिहाजा एक परिवार का होने के नाते अपनों की सुधि लेना ही मानवता और ईश्वर की सच्ची सेवा हैं। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने रविवार को नगर के कटरा बाजीराव वार्ड के कच्ची सड़क मोहल्ला स्थित शिव मंदिर पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में व्यक्त किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि समाज की सेवा करने का अवसर बड़े भाग्य से मिलता है। हम सब भारत माता की संतान हैं। इसमें कोई छोटा हैं तो कोई बड़ा हैं। कोई धनवान है तो कोई गरीब हैं। नर सेवा ही नारायण सेवा हैं। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व महामंत्री आशुकान्त चुनाहे, पूर्व उपाध्यक्ष विद्याधर तिवारी, गोवर्धन त्रिपाठी, रविशंकर साहू महेंद्र मिश्रा, अंकुर श्रीवास्तव, शिवपूजन, राहुल दुबे, राहुल गुप्ता एवं अनूप अग्रहरी आदि उपस्थित थे। स्वागत गीत बबलू यादव ने प्रस्तुत किया तथा संचालन भाजपा नगर उपाध्यक्ष मनोज दमकल ने किया।

### सात राशि गोवंश बरामद

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा गो-तस्करों की गिरफ्तारी व उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत से पिकअप पर क्रूरता पूर्वक बांधकर लदे कुल 07 राशि गोवंशों को बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर धारा 3/5ए/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम बनाम पिकअप चालक अज्ञात पंजीकृत किया गया। बरामद गोवंशों का उचित रख रखाव व प्रबंध करते हुए पिकअप को अन्तर्गत 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

### सात बच्चों को बालश्रम से कराया गया मुक्त

**मीरजापुर।** बालश्रम उन्मुलन अभियान के तहत 7 अवयस्कों को बालश्रम से पुलिस द्वारा मुक्त कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के पर्यवेक्षण में ए0एच0टी0यू0/एस0 जे0पी0 यू0 मीरजापुर प्रभारी व श्रम विभाग द्वारा थाना पड़री के अन्तर्गत बालश्रम में संलिप्त बच्चों को चिन्हित कर रेस्क्यू व पुनर्वास कराये जाने तथा संलिप्त नियोक्ताओं के विरूद्ध चालान कर कुल 07 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करायी गयी।

## राहुल गांधी ने दिया सबको जोड़ने का संदेश : राजन पाठक

### भारत जोड़ो यात्रा में पहुंचे थे जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता

**मीरजापुर।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में तीन दिन तक राहुल गाँधी के साथ रहे कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजन पाठक ने उनके संदेश को साझा किया। बताया कि एक तरफ ऊनी कपड़ो के बावजूद यात्रा में शामिल लोग मौसम से त्रस्त थे। जबकि राहुल गांधी हाफ टी शर्ट में भी मस्त थे।

माता विंध्यवासिनी का चुनरी यात्रा के दूसरे दिन उन्हें भेंट किया गया। भारी भीड़ और सुरक्षा को समझने में पहला दिन बीत गया। दूसरे दिन राहुल गाँधी को माँ का प्रसाद देने और उनके साथ चलने का मौका मिला। राजन पाठक ने बताया कि जब यात्रा में शामिल लोग कांपते हुए ठंड के मारे कांप रहे थे। उस दौरान भी राहुल गाँधी ने महज एक टी शर्ट पहन रखा था। उन्होंने जिले का हाल चाल पूछा। उन्होंने संगठन को मजबूत करने की नसीहत दी। कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा उतना ही हम मजबूत होंगे।


भारत जोड़ो यात्रा में राहुल के साथ राजन पाठक

उन्होंने समाज के हर वर्ग को जोड़ने को कहा। कहा कि किसी के साथ अन्याय न हो इसका ध्यान रखा जाय। उन्होंने सबका सम्मान करने और किसी से न डरने की बात कही। यात्रा में जगदीश्वर दुबे, जनार्दन पाठक, जफर इकबाल, इमरान खान, विनोद दुबे, आल्हा बिंद, रमेश प्रजापति, अबरु निशा, शबनम, संगीता तिवारी, अंकुर एवं विवेक सिंह समेत सैकड़ो लोग मिजार्पुर से पहुंचे थे।

## युवक की अचानक हुई मौत परिजनों में कोहराम

### परिजनों ने ठंड लगने की जताई आशंका

**हलिया।** हलिया थाना क्षेत्र के अंतरी दक्षिण गांव निवासी 28 वर्षीय युवक बच्चन कोल की रविवार की सुबह अचानक मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। सिकटा गांव निवासी सुबुद्ध लाल के बड़े पुत्र बच्चन की रविवार सुबह आठ बजे के करीब अचानक तबियत बिगड़ने लगी। परिजन उपचार के लिए ले अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि घर पर ही युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक को ठंड लगने की आशंका जताई है। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। मृत युवक के तीन पुत्री और एक पुत्र हैं। पत्नी लालती का रो रोकर बुरा हाल है। मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था। घटना की सूचना पाकर मृत युवक के घर पहुंचकर प्रधान पति पवन त्रिपाठी ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## धूप के बाद भी गलन से नहीं मिल पा रही राहत

**मौसम**

### जिले में पड़ रही है जबरदस्त ठण्ड

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जनपद में बढ़ते शीतलहर के प्रकोप ने आम जनजीवन को हिला कर रख दिया है। सर्द हवाओं के चलते लोगों को ठिठुरन ज्यादा महसूस हो रही है। तेज गलत बढ़ने से लोग शाम ढलते ही अपने-अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे हैं। शाम होते ही हवाओं के साथ साथ कोहरा छा जाता है।

हालांकि रविवार को हल्का धूप निकलने से आम जनमानस को थोड़ी राहत मिली। जनपद में रविवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस मापा गया। भीषण शीतलहर के चलते ठंड जानलेवा सी बन गई है। आम जनमानस के साथ-साथ पशु-पक्षी भी बेहाल दिखाई दिए। बीते एक जनवरी से लगातार पड़ रही भीषण ठंड से लोग बेहाल से दिखाई देते नजर आए, वहीं शुक्रवार को भास्कर भगवान ने दर्शन देकर थोड़ी राहत पहुंचाया है।


कोहरे के बीच उगते भगवान भास्कर

सड़कों और गलियों में शाम होते ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिन तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना बताई गई है। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा छंट जाता है परंतु गलन से निजात में कोई इजाफा नहीं होता है।

गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दुकानों पर दिखाई देती है। लापरवाही करना आम जनमानस के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड के बीच किसान खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। ठंड के मद्देनजर जनपद में शासन प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था में कमी देखी गई।

## वेबसाइट बनाकर भक्तों के साथ की जा रही धोखाधड़ी

**मनमानी**

### मामला प्रकाश में आया तो डीएम ने जांच के लिए बनाई कमेटी

### सीओ सिटी की अध्यक्षता में पूरे मामले की हो रही है जांच

**मीरजापुर।** जिले में स्थित मां विंध्यवासिनी के नाम पर वेबसाइट बनाकर भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी द्वारा इस पूरे मामले की जांच के लिए आठ सदस्यीय टीम गठित की गई है। अबतक तीन वेबसाइट को निलंबित भी किया जा चुका है। मां विंध्यवासिनी मंदिर को भव्य और दिव्य बनाने को लेकर शासन द्वारा विंध्य का निर्माण कराया जा रहा है। विंध्य कॉरिडोर निर्माण को लेकर फर्जी वेबसाइट बनाकर सहयोग के नाम पर ठगी की जा रही है। भक्तों से शिकायत मिलने के बाद डीएम ने जांच को लेकर आदेश दिए है।

### फेसबुक पेज व वेबसाइट के माध्यम से की जा रही थी ठगी

जिले में स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी भक्त दर्शन पूजन करने के लिए आते हैं। भक्तों की सहूलियत को लेकर शासन के द्वारा विंध्य कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। विंध्य कॉरिडोर के निर्माण में सहयोग के लिए गुहार करके भक्तों से ठगी की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 8 सदस्यीय टीम गठित करके जांच को लेकर आदेश दिए है। कई भक्तों के द्वारा धोखाधड़ी को लेकर शिकायत की गई थी, जहां प्रारंभिक जांच में कई वेबसाइट व फेसबुक पेज इंटरनेट पर सक्रिय थे। जांच टीम ने तीन वेबसाइट को निलंबित किया है। साथ ही इनके संचालकों की तलाश में जुटी हुई है।

### सीओ के नेतृत्व में गठित की गई है टीम

विंध्य विकास परिषद की अध्यक्ष व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने फर्जी वेबसाइट बनाकर पैसा वसूलने के मामले में आठ सदस्यीय टीम गठित की है। टीम का नेतृत्व सीओ सिटी करेंगे, जहां तहसीलदार सदर अरुण कुमार गिरी, डीआईओ अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, विधिक सलाहकार नरेश चंद्र गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल, श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी व मंत्री भानु को शामिल किया गया है। इसके साथ ही टीम साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है, जहां पर तीन वेबसाइट के संचालकों की तलाश कर रही है। इस तरह की वेबसाइट का निर्माण भविष्य में ना हो, इसको लेकर भी लगातार टीम काम कर रही है।

### सीओ ने कहा, लगातार की जा रही है मॉनीटरिंग

सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि विंध्य कॉरिडोर के नाम पर चंदा वसूलने की सूचना के बाद अब लगातार साइबर सेल की टीम जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में तीन वेबसाइट मिली है, जिन्हें रिपोर्ट करके निलंबित कराया गया है।

### पालकी यात्रा के लिए किया पदाधिकारियों का चयन

**मीरजापुर।** रविवार को प्राचीन बाबा बूढ़े नाथ मन्दिर में हर वर्ष कि भाँति इस वर्ष भी आने वाले महाशिव रात्रि के दिन भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा और भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। शिव पालकी यात्रा शहर प्रमुख मार्ग, से निकलेगी। यात्रा बूढ़े नाथ मन्दिर से निकलकर त्रिमोहानी से पक्का घाट पुनः त्रिमोहानी पर सभी गणवेशों के साथ पसरटा बाजार, मुकेरी बाजार, लालडिग्गी, से मुसफ्फरगंज से होते हुए टेढ़ी नीम के रास्ते बुढे नाथ मन्दिर पर समापन होगा। पालिकी यात्रा में नई सीमित का गठन हुआ है, जिसमें "समिती के सभी सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। जहां कार्यक्रम का मुख्य नेतृत्व महन्थ योगानन्द गिरी महाराज के देख रेख में होगा।कार्यक्रम के प्रभारी गौरव उमर व अंकज मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक अमित श्रीनेत व शुभम गुप्ता, कोष प्रमुख शिवम जायसवाल, हिमांशु मेठ, गोपाल केशखानी, अभिषेक केशरी, महिला प्रमुख दीपा ऊमर सह-संयोजक पवन उमर, हर्ष मेहरोत्रा, विन्धवासिनी केशवानी, गोरव बरनवाल, रूपेश यादव, दिनेश मीडिया प्रमुख अनुज उमर, शिवम श्रीवास्तव सह मीडिया प्रमुख प्रयुकमेरा उपस्थित रहें।

## ब्राह्मण समाज के युवाओं को ज्ञानोन्मुखी तथा उद्योगोन्मुखी बनाने पर दिया जोर

**पहल**

### धार्मिक कार्यक्रमों की फीस निर्धारित करने की उठी मांग

### रामकथा प्रवचन में व्यासपीठ का किया गया सम्मान

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की जिला ईकाई की एक बैठक में ब्राह्मण समाज की सम्मान-वृद्धि के लिए अनेक सामाजिक सहभागिता के कार्यक्रम संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया जिसमें शिक्षा तथा ज्ञान से संबंधित कार्यक्रम अधिक थे। नगर के आवास विकास कॉलोनी में परिषद के उपाध्यक्ष नरेश शर्मा के आवास पर रविवार को हुई बैठक में यह तय किया गया कि जो छात्र पढ़ाई के लिए कोचिंग की जरूरत महसूस कर रहे तथा उन्हें आर्थिक दिक्कत हो रही, उनके लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था परिषद कराएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिषद के अध्यक्ष ई शेषमणि चौबे ने कहा कि हर महीने में दूसरे तथा चौथे रविवार को बैठक होती रहेगी ताकि संगठन को गतिशील बनाने के लिए प्रभावशाली प्रयास हो सके। बैठक में संरक्षक डॉ एस एन पाठक ने सरकार द्वारा 35% सब्सिडी पर लोन देने की योजना का लाभ बेरोजगार सदस्यों को मुहैया कराने पर बल दिया। इसके लिए बैंक यूनियन के नेता सुरेश पांडेय को अधिकृत किया गया कि वे बेरोजगार युवाओं की मदद करें। बैठक में जाह्नवी प्रकाश तिवारी ने परिषद में संकुचित विचारधारा को व्यापक बनाने पर जोर दिया तथा संगठन को सोशल मीडिया पर प्रभावशाली ढंग से सक्रिय करने का सुझाव दिया। इसी के साथ लखनऊ से आए केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शिशिर पांडेय ने परिषद को आर्थिक रूप से मजबूत किए जाने पर बल दिया ताकि सामाजिक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सही तरीके से हो सके। बैठक में आर पी ओझा, मौजी दुबे, अश्विनी तिवारी, राजेन्द्र पांडेय, रितेश शुक्ल, कृष्णचन्द्र शुक्ल, अखिलेश मिश्र, पवन तिवारी, अभिनव पांडेय, डॉ ऊषा कनक पाठक, विमला शर्मा तथा सन्ध्या तिवारी आदि उपस्थित थीं।

# अतुल भारत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वितरित किया गया टीशर्ट

जनसंदेश न्यूज

**चुनार।** बगहीं ग्राम सभा में द्रिपूल स्मृति कप का फाइनल मुकाबला खेला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय द्रिपूल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके बाद अतुल भारत चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह के द्वारा कृतज्ञ फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष अमन पटेल, सचिव शंकर सिंह शाक्या की उपस्थिति में कमेटी के सभी सदस्यों को टिशर्ट वितरित किया गया। फाइनल मुकाबला कृतज्ञ फाउंडेशन पुरुषोत्तमपु व राजातालाब के बीच खेला गया। कृतज्ञ फाउंडेशन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 73 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में राजातालाब ने 8 ओवरों में ही 7 विकेट से मैच जीत लिया। मैन आप द मैच राजातालाब के मेंडिस रहे। पूरे टूनार्मेंट में बेस्ट प्लेयर कृतज्ञ फाउंडेशन के कप्तान सूरत सिंह रहे। समापन समारोह में सुर्य प्रकाश सिंह पप्पू पटेल (अपना दल एस), चंद्रप्रकाश सिंह ब्लाक प्रमुख नरायनपुर, बालेश्वर सिंह (प्रबंधक नंदन बंदन महाविद्यालय), रविशंकर पटेल, पवन पटेल ग्राम प्रधान शिवराजपुर, रमेश सिंह स्वामी, अंजनी सिंह प्रधान प्रतिनिधि बेला, अनुराग सिंह प्रधान पति बगही, धर्मराज सिंह युवा नेता भाजपा, सत्येंद्र सिंह अध्यापक, दिलीप सिंह अध्यापक के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


ट्रफी के साथ खिलाड़ी


ट्राफी के साथ प्लेयर

### राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मऊ ने मारी बाजी

**मऊ ने पटना को 1-0 से मात देकर चैलेंज कप पर किया कब्जा**

**कछवां।** स्पोर्टींग क्लब के मैदान पर आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को फाइनल मैच खेला गया। जोकि पटना और मऊ के बीच खेला गया। जिसमें मऊ 1-0 से ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। वही फाइनल मैच मऊ व पटना दोनों टीमों के बीच बेहद ही रोमांचकारी मैच खेला गया। इस दौरान बेहद ही रोमांचकारी मैच देखने को दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ा रही। जिनमें उत्साह देखने को मिला। वहीं सेमीफाइनल मैच का उद्घाटन बिस्लेरी मिनरल वाटर के मालिक व समाजसेवी प्रभाकर राय ने किया। खेल में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए समाजसेवी राजकुमार बिंद उर्फ राजू बिंद के द्वारा नगद पुरस्कार भी दिया गया। मऊ की टीम पहली पाली में ही एक गोल दागकर खेल को रोमांचकारी बनाए रखा। वहीं दूसरी पाली में पटना एक भी गोल नहीं मार पाया। और समय समाप्त हो गया। जोकि में की टीम जबरदस्त पारी खेलते हुए 1-0 से ट्राफी पर कब्जा कर अपने नाम कर लिया। जिसके बाद मुख्य अतिथि प्रभाकर राय, जितेन्द्र पटेल व राजू बिंद ने विजेता मऊ की टीम व उपविजेता पटना की टीम को पुरस्कृत किया। इस दौरान जावेद आलम, विनीत विक्टर, राजन शेख, अनवर हुसैन, जितेन्द्र कन्नौजिया, नरेश यादव व अरशद समेत आयोजकों की टीम मौजूद रही।

## इंडियन क्रिकेट क्लब भटेवरा की टीम ने जीता मैच

**जिगना।** छानबे क्षेत्र के विजयपुर गांव स्थित ग्रीन पार्क रानी का तालाब क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच नहवाई और इंडियन क्रिकेट क्लब भटेवरा के बीच खेला गया। जिसमें नहवाई की टीम पहले बैटिंग करते हुए 12 ओवर में कुल 156 रन बनाई रन का पीछा करने उतरी भटेवरा की टीम 124 रन पर ऑल आउट हो गई। इसमें नहवाई की टीम 32 रनों से विजई रही। क्रिकेट प्रतियोगिता में भटेवरा टीम के कैप्टन सौरभ गुप्ता, उपकप्तान विकास कुमार, मोनू पांडेय, सलमान, अनिल, नरोत्तम, प्रदीप दुबे ने अपने खेल से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

## मैदान निर्माण में उड़ रही मानक की धज्जियां

**कलवारी।** विकासखंड पटेहरा के ग्राम सभा मरचा में 31 लाख 21 हजार की लागत से बन रहा मनरेगा पार्क, खेलकूद का मैदान ब्लॉक अधिकारियों व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रहा है। गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य में सरकारी खजाने का दुरुपयोग किया जा रहा है। बाउंड्रीवाल के निर्माण में थर्ड क्वालिटी के ईंट का उपयोग किया जा रहा है, वही बालू की भी क्वालिटी गुणवत्ता विहीन है, अधिक कमीशन के चक्कर में सचिव मानक के विपरीत बन रहे मनरेगा पार्क, खेलकूद के मैदान की चारदीवारी के निर्माण पर चुप्पी साधे बैठे हैं। बाउंड्री वॉल के निर्माण में बनाए जा रहे पिलर में 3 एमएम के सरिया का प्रयोग किया गया है। हर ग्राम पंचायतों में लूट घसोट मची है, यह तो एक बानगी है। ग्राम पंचायत गोपालपुर में भी बन रहे पंचायत भवन के निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। खबर अखबारों में प्रकाशित होने के बावजूद भी बीड़ीओ पटेहरा द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया। सेक्रेटरी पुष्पराज सिंह भी निर्माण कार्य के हो रहे अनियमितताओं पर चुप्पी साधे बैठे है।



> इस संबंध में बीड़ीओ पटेहरा शरद कुमार सिंह ने बताया कि मनरेगा पार्क, खेलकूद के मैदान में के निर्माण में ग्राम प्रधान के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है मौके पर पहुंचकर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **बीड़ीओ शरद कुमार सिंह**

# स्पोर्ट्स

## आशाकिरण बारला: 17 साल की उम्र में 11 नेशनल और दो इंटरनेशनल गोल्ड मेडल जीतने वाली गोल्डन गर्ल



नई दिल्ली। सिर्फ. सत्रह साल की उम्र, ग्यारह नेशनल और दो इंटरनेशनल गोल्ड पर कब्जा, एथलीट आशाकिरण बारला की ये कामयाबी 2024 ओलंपिक में गोल्ड हासिल करने के लिए भारत की उम्मीद बन गई है। ये कहते हुए आशाकिरण के कोच आशु भाटिया चिंतित हो गए। वे कहते हैं, "मैंने सत्रह ट्राइबल बच्चों के लिए एथलेटिक्स की कोचिंग और उनके लिए लॉजिंग व फुडिंग की व्यवस्था मुफ़्त की. इस व्यवस्था में रहकर आशाकिरण ने पिछले एक साल में ग्यारह गोल्ड हासिल किए. लेकिन ओलंपिक खेलों के लिए जो मूलभूत सुविधाएं आशाकिरण को मिलनी चाहिए वह मैं नहीं दे पा रहा हूं। आशाकिरण बोकारो ज़िले के 'बोकारो थर्मल' टाउन में स्थित 'भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी' के हॉस्टल में रह कर प्रैक्टिस करती हैं. इस निजी एकेडमी का संचालन 'भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी ट्रस्ट' करती है. जिसके सचिव आशाकिरण के कोच आशु भाटिया हैं।

# साउथ अफ्रीका की हार से भारत को हुआ बड़ा फायदा, डब्ल्यूटीसी फाइनल में अब इन दो टीमों के बीच हो सकती है भिड़त

### बता दें कि इस सीरीज पर कंगारू टीम ने 2-0 से कब्जा कर लिया है, इसी कड़ी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में बड़ा फेरबदल देखने को मिला

**नई दिल्ली।** सिडनी में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला ड्रॉ रहा। बता दें कि इस सीरीज पर कंगारू टीम ने 2-0 से कब्जा कर लिया है। इसी कड़ी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में बड़ा फेरबदल देखने को मिला।

ऑस्ट्रेलिया टीम सबसे ज्यादा अंक के साथ पहले पायदान पर विराजमान है, तो वहीं मेहमान टीम को इस सीरीज में करारी हार के बाद काफी नुकसान हुआ है। हालांकि भारतीय टीम को इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की जीत से बड़ा फायदा हुआ है। ऐसे में जानते हैं इस



सीरीज के बाद भारतीय टीम को कितने अंकों से फायदा हुआ है

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया टीम को शानदार जीत हासिल हुई। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में नंबर 1 पर बरकरार है। वहं हार के साथ ही साउथ अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की दौड़ से पिछड़ गई है। बता दें कि साउथ अफ्रीका इस वक्त प्वाइंट्स टेबल पर 76 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। अफ्रीका की हार से भारतीय टीम को फायदा हुआ है।

भारतीय टीम इस वक्त 99 अंक के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दूसरे पायदान पर मौजूद है। इसके अलावा लिस्ट में पांचवे नंबर पर इंग्लैंड और छठे नंबर पर वेस्टइंडीज टीम मौजूद है। कंगारू टीम का फाइनल में एंट्री करना बिलकुल तय माना जा रहा है, वहीं भारतीय टीम, श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के बीच जंग देखने को मिल सकती है।

बता दें कि साउथ अफ्रीकी टीम सिर्फ तब ही अब फाइनल में जा सकती है जब आगामी सीरीज में न्यूजीलैंड दोनों मुकाबलों में श्रीलंका को हरा दे और ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को चारों टेस्ट मैच मात दे। बता दें कि भारतीय टीम फाइनल में एंट्री तभी बना सकती है अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत सीरीज जीत जाए। इसके साथ ही अगर श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हार जाती है तो भारत को इससे बड़ा फायदा मिलेगा।

## रायपुर में खेलेंगे विराट और रोहित:छत्तीसगढ़ में होने वाले पहले वनडे मैच की टिकट 12 जनवरी से, 21 को मुकाबला

रायपुर में पहली बार इंडियन क्रिकेट टीम का कोई इंटरनेशनल मैच होने जा रहा है। विराट,रोहित, हार्दिक जैसे प्लेयर्स शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में चौके-छक्के लगाएंगे। अब इस मैच के लिए टिकट बुकिंग व्यवस्था को तय कर लिया गया है। लोगों को पेटीएम के जरिए टिकट ऑनलाइन मिलेगा। 12 तारीख से इसकी ऑनलाइन बुकिंग शुरू होने जा रही है। भारत-न्यूजीलैंड के बीच होने वाले इस क्रिकेट मैच की तैयारियां पूरी तेजी से की जा रही है। स्टेडियम में छतीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के साथ बैठक की। इस बैठक में सुरक्षा के साथ दर्शकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने पर अधिकारियों का विशेष जोर रहा। 21 जनवरी को रायपुर में क्रिकेट मैच खेला जाएगा। बैठक में छतीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया, जिला पंचायत के सीईओ आकाश छिकारा सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। स्टेडियम में उपलब्ध संसाधनों और जिला प्रशासन से अपेक्षित सहयोग पर क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने बात की। स्टेडियम की साफ सफाई, कुर्सियों की मरम्मत से लेकर वालंटियर्स और सुरक्षा पर बात हुई। मैच के दौरान सभी एंट्री गेटों पर अग्निशमन और मेडिकल स्टाफ के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। स्टेडियम की फ्लड लाइटस में भी हेलोजन बल्ब की जगह एलईडी लगा दी गई है। मैच के दौरान स्टेडियम परिसर के आसपास पार्किंग व्यवस्था के लिए जरूरी तैयारियों पर भी बैठक में बात हुई।

## नाओमी ओसाका और वीनस विलियम्स ऑस्ट्रेलिया ओपन से बाहर



दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका और वीनस विलियम्स ने चोट की वजह से इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन 16 से 29 जनवरी के बीच खेला जाना है। ओसाका 2019 और 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। ओसाका पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीसरे दौर में उलट-फेर की शिकार हुईं थी। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से 4-6, 6-3, 7-6(5) से हार का सामना करना पड़ा था। ओसाका के हटने से यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का मुख्य ड्रॉ में पहुंच गई हैं। 42 साल की विलियम्स एक हफ्ते पहले ऑकलैंड में खेले मैच में चोटिल हो गईं थी। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपरन में वाइल्ड कार्ड से एंट्री मिली थी। विलियम्स विमेंस में 7 ग्रैंड स्लैम जीत चुकी हैं। उन्होंने 2001, 2003, 2009 और 2010 में विंबलडन का खिताफ अपने नाम किया था। जबकि 2000 और 2001 में यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया है। हालांकि, वह अब तक ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब नहीं जीत पाईं है। वह दो बार 2003 और 2017 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंची थीं।

# सूर्यकुमार ने विराट कोहली को लिखा खूबसूरत मैसेज, 'भाऊ बहुत सारा प्यार, सी यू सून'

### वीडियो मैच जीतने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम जाने के दौरान का

**नई दिल्ली।** राजकोट में खेले गए तीसरे टी20 मैच में सूर्यकुमार यादव ने तूफानी पारी खेली। सूर्या ने 51 गेंद पर नाबाद 112 रन की पारी की बदौलत भारत ने 228 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके बाद गेंदबाजों ने श्रीलंका को 137 रन पर समेट दिया। दूसरे मैच में 5 नो-बॉल करने वाले अर्शदीप ने तीसरे और फाइनल मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने तीन विकेट लिए। सूर्या के अलावा शुभमन गिल और राहुल त्रिपाठी ने यादगार पारी खेली। मैच जीतने के बाद सूर्या का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

वीडियो राजकोट का है। वीडियो मैच जीतने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम जाने के दौरान का है। इस वीडियो



में सूर्या दर्शकों से हाथ मिलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ ही ड्रेसिंग रूम में कप्तान हार्दिक पांड्या से हाथ मिलाते और चहल को अपना बैटिंग कोच बताते हुए उनके साथ मस्ती करते हुए देखे जा सकते हैं। वीडियों का सबसे खूबसूरत पल तब आता है जब वह अपने इंस्टाग्राम पर विराट कोहली द्वारा शेयर की गई स्टोरी को देते हैं।

स्टोरी देखते ही उनके मुंह से निकलता है। ₹ओ बाबा किसने डाला है ये स्टोरी, तो चलेगी भाऊ। मजा आ गया।₹ इसके बाद विराट कोहली को खूबसूरत रिप्लाई दिया। सूर्या ने लिखा, भाऊ बहुत सारा प्यार, सी यू सून। इसके बाद टीम के साथ वह होटल के लिए निकलते हैं। फैंस बाहर उनके नाम का उद्घोष करते हैं। होटल जाने के बाद वहां अपनी बेहतरीन पारी के लिए केक काट कर जश्न मनाते हैं।

बता दें कि शनिवार को विराट कोहली ने सूर्या की तूफानी को अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की थी। इसके बाद सूर्या ने उन्हें रिप्लाई दिया। गौरतलब हो कि 10 जनवरी से भारत और श्रीलंका के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज के लिए सूर्या भारतीय टीम का हिस्सा हैं। वह वनडे में विराट कोहली के साथ नए साल में खेलते हुए दिखाई देंगे।

## मेरी बैटिंग देखकर तो खेलना नहीं शुरू किया होगा




श्रीलंका के खिलाफ राजकोट में खेले गए आखिरी सीरीज में सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों पर 112 रन की पारी खेली। सूर्या की इस पारी के मुरीद कोच राहुल द्रविड़ भी हो गए। मैच के बाद द्रविड़ ने सूर्यकुमार का इंटरव्यू लिया। द्रविड़ ने जब सूर्या से पूछा कि बचपन में आपने मेरी बैटिंग देखकर तो प्रैक्टिस नहीं की होगी? इस पर सूर्या ने हंसते हुए जवाब दिया- ऐसा नहीं है। ऐसा नहीं है, मैंने आपकी बैटिंग काफी देखी है सूर्या: मुझे तब खुशी होती है कि जब कठिन परिस्थितियों में रन बनाऊं और वह रन टीम के काम आएं। मैं कठिन परिस्थितियों में बल्लेबाजी का आनंद लेता हूं। मेरे लिए किसी एक पारी को चुनना मुश्किल है। मैंने पिछले साल जो कुछ भी किया, उसका आनंद लिया और फिर से वही कर रहा हूं। जब भी मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो बस इंजॉय करने की कोशिश करता हूं। जितना संभव हो सके खुद को मैदान पर अपने खेल के जरिए जाहिर करना चाहता हूं। इस फॉर्मेट में आपके पास प्री-डिटरमिंड शॉट होते हैं, लेकिन फील्ड और गेंदबाजों के अनुसार खेलना भी जरूरी है। मैं फील्ड और गेंदबाज को देखकर अपने शॉट्स चुनता हूं।

# फॉलोआन के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने तीसरा टेस्ट कराया ड्रॉ, ऑस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए रविवार को यहां अंतिम दिन 14 विकेट की दरकार थी लेकिन मेजबान टीम छह ही विकेट हासिल कर सकी जिससे तीसरा और अंतिम टेस्ट ड्रॉ रहा। मौसम से प्रभावित मैच के अंतिम दिन धूप खिली लेकिन दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 255 रन पर समेटकर फॉलोआन के लिए मजबूर करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा और टीम ने श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की।

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में कप्तान डीन एल्गर (10) और हेनरिक क्लासेन (35) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 106 रन बनाए तब दोनों टीम मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गईं। इस



समय सलामी बल्लेबाज सेरेल इर्वी 42 जबकि तेंबा बावुमा 17 रन बनाकर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी चार विकेट पर 475 रन बनाकर घोषित की थी। ऑस्ट्रेलिया ने लंच के बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को समेटकर विरोधी टीम को फॉलोआन दिया।

दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस (16 रन पर एक विकेट) ने एल्गर को पवेलियन भेजा। एल्गर ने मौजूदा श्रृंखला की छह पारियों में सिर्फ 56 रन बनाए। उन्होंने 3, 2, 26, 0, 15 और 10 रन की पारियां खेली। जोश हेलवुड (नौ रन पर एक विकेट) ने क्लासेन की पारी का अंत किया लेकिन इर्वी और बावुमा ने मैच ड्रॉ करा दिया। दक्षिण अफ्रीका का 47 मैच में यह पहला ड्रॉ है। इससे पहले हेजलवुड ने 48 रन पर चार विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने अंततः दक्षिण अफ्रीका के निचले क्रम को समेटकर टीम को 255 रन पर आउट किया जो फॉलोआन बचाने के स्कोर से 20 रन कम थे। निचले क्रम में मार्को जेनसन ने 78 गेंद में 11 रन बनाए। केशव महाराज ने 81 गेंद में 53 रन की पारी खेली जबकि साइमन हार्मर ने 165 गेंद में करियर की सर्वश्रेष्ठ 47 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की फॉलोआन टालने की उम्मीद जगाई थी। हार्मर और महाराज ने 27 ओवर में 85 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को एक और जीत से महरूम रखने में अहम भूमिका निभाई। इन दोनों को हेजलवुड ने आउट किया। नाथन लियोन (88 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद कागिसो रबादा को अपनी ही गेंद पर लपककर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी का अंत किया।

ऑस्ट्रेलिया के पास दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका को समेटने के लिए 47 ओवर थे लेकिन मेजबान टीम को सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ के साथ ऑस्ट्रेलिया ने क्लीनस्वीप और जून में इंग्लैंड के लाड्र्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह सुनिश्चित करने का मौका गंवा दिया। ऑस्ट्रेलिया को फरवरी में भारत के खिलाफ चार टेस्ट की श्रृंखला के दौरान फाइनल में जगह बनाने का मौका फिर मिलेगा। इस मैच में बारिश और खराब मौसम का असर दिखा। पहले दो दिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर मैदान गीला होने से मैच देर से शुरू हुआ जबकि तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। चौथे दिन भी लंच के बाद ही खेल हो पाया।

## रख रख के देता है', हारिस रऊफ के सामने पाकिस्तानी एंकर ने कोहली को लेकर क्यों कही यह बात



भारतीय क्रिकेटरों के पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर प्रशंसक हैं। मौजूदा भारतीय खिलाड़ियों में विराट कोहली यकीनन पड़ोसी देश में सबसे लोकप्रिय खिलाड़ी हैं। कोहली ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बावजूद पाकिस्तान में उनके काफी चाहने वाले हैं। पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के साथ एक शो के दौरान एक एंकर का कोहली को लेकर वर्णन इस बात का उदाहरण है कि पड़ोसी देश का हर व्यक्ति कोहली को लेकर क्या सोच रखता है। एक पाकिस्तानी टीवी चैनल के एक शो में हारीस रऊफ को आंखों पर पट्टी बांधकर टीवी स्क्रीन पर एक व्यक्ति का वर्णन करने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तानी क्रिकेटर की मदद करने के लिए एंकर ने हिंट देकर स्क्रीन पर उस व्यक्ति का वर्णन करने की कोशिश की। कोहली के बारे में बताते हुए एंकर ने कहा कि कोहली रख-रख के देता है। यानी बल्ले से खूब रन मारते हैं। इस विवरण ने न केवल दर्शकों को बल्कि रऊफ को भी प्रभावित किया। एंकर ने बाद में कहा- आपको भी रख रख के दिए हैं (खूब रन मारे हैं)। हारिस ने तब पूछा- क्या वह एक क्रिकेटर हैं? एंकर का जवाब हां में था और पाकिस्तानी तेज गेंदबाज ने तुरंत अनुमान लगा लिया कि यह विराट कोहली हैं। शो के दौरान हारिस ने कोहली की जमकर तारीफ की। उन्होंने उन दो छक्कों के बारे में भी बताया जो कोहली ने टी20 विश्व कप 2022 के दौरान हारिस के 19वें ओवर में लगाए थे।

# 'मुश्किल नहीं था...' हार्दिक पंड्या ने बताया अपनी सफल कप्तानी का राज



**राजकोट।** युवा टीम की कप्तानी करना आसान नहीं होता लेकिन एशियाई चैम्पियन श्रीलंका पर टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 2-1 की जीत के दौरान भारत की कप्तानी करने वाले हार्दिक पंड्या का मानना है कि यह इतना मुश्किल नहीं था क्योंकि उन्हें सिर्फ यह सुनिश्चित करना था कि वे इस स्तर पर खेलने के हकदार हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ पंड्या के नेतृत्व में भारतीय टीम ने एक नए युग की शुरूआत की है। पंड्या ने यहां श्रृंखला जीतने के बाद कहा, यह वास्तव में उतना मुश्किल नहीं है। मेरे लिए चीजें काफी आसान हो जाती हैं जब अनुभवी खिलाड़ी होते हैं, मैं उनसे ज्यादा कुछ नहीं कहता। वे इस स्तर पर खेल रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में बहुत अच्छी चीजें की हैं। भारतीय टीम में रोहित शर्मा, लोकेश राहुल और विराट कोहली के रूप में तीन सीनियर बल्लेबाज शामिल नहीं थे जबकि श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी भी विभिन्न कारणों से श्रृंखला का हिस्सा नहीं थे। भारत ने मुंबई में पहले मैच में दासुन शनाका की अगुआई वाली श्रीलंका की टीम को दो रन से हराकर शुरूआत की। पुणे में दूसरे मैच में भारत 207 रन के कड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हार गया जबकि निर्णायक मैच में सूर्यकुमार यादव की 51 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी से मेजबान ने पांच विकेट पर 228 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंका की टीम 16.4 ओवर में 137 रन पर ढेर हो गई। युवा टीम का समर्थन करते हुए भारत के नए कप्तान ने कहा कि वे गलतियां करेंगे लेकिन यह उन्हें स्वीकार करने और सीखने के बारे में है। पंड्या ने कहा, प्रबंधन मुश्किल नहीं है लेकिन हां, यह एक युवा टीम है। वे गलतियां करेंगे, वे इससे सीखेंगे। हमने इस पर जोर दिया है कि एक बार जब आप गलती करते हैं तो आप सुनिश्चित करें कि आप इससे सीखें। इसमें चीजों को स्वीकार करना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आप इसे स्वीकार नहीं करते तो फिर चीजें काफी मुश्किल हो जाती हैं। उन्होंने कहा, लेकिन जब एक युवा टीम होती है तो मैं सिर्फ उन्हें आत्मविश्वास देकर मदद कर सकता हूं। कैसे सुनिश्चित करें कि वे एक स्तर पर हैं, जब वे यहां खेल रहे हैं, तो उन्हें लगना चाहिए कि वे यहां खेलने के हकदार हैं। आतिशी शतक जड़ने वाले सूर्यकुमार की प्रशंसा करते हुए पंड्या ने कहा, आज मैंने महसूस किया कि यह सूर्यकुमार बनाम श्रीलंका मुकाबला था। इससे मेरे लिए चीजें आसान हो जाती हैं। मैं हमेशा कहता हूं कि सफेद गेंद के क्रिकेट में सूर्यकुमार जैसा कोई खिलाड़ी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, जिस तरह से वह कुछ शॉट खेलता है, जिस तरह से वह मैच को बदलता है, यह वास्तव में गेंदबाज का मनोबल तोड़ता है और इससे दूसरे बल्लेबाज को भी मदद मिलती है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहले ही ओवर में इशान किशन का विकेट गंवा दिया लेकिन उसके बाद राहुल त्रिपाठी ने 16 गेंद में 35 रन बनाकर मेजबान टीम को लय दी और पंड्या ने महाराष्ट्र के बल्लेबाज सराहना की। उन्होंने कहा, राहुल त्रिपाठी का भी विशेष उल्लेख, उन्होंने जिस तरह का इरादा दिखाया वह कुछ ऐसा है जो उनके लिए बहुत स्वाभाविक है। यह मैच की लय को बदल सकता है। अगर आप शुरूआती कुछ ओवरों में भांप लें कि गेंद मूव कर रही है और बाहर बैठे लोगों को भी लगे कि विकेट में कुछ मदद है। लेकिन इसके बावजूद उसके इरादे के कारण गेंद मूव होना बंद हो गई। उन्होंने अपनी लेंथ बदल दी और फिर यह सब ऐसा था जैसे वे मैच में पीछा ही कर रहे हैं। कुल मिलाकर सूर्यकुमार और त्रिपाठी ने शानदार बल्लेबाजी की। टीम इंडिया के आक्रामक रुख के बारे में उन्होंने कहा, ह्यह्यऐसा नहीं है कि हम हिटिंग के मामले में हमेशा आक्रामक खेलते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि हम ऐसे ही खेलें लेकिन अंत में 150 रन ही बना पाएं। पंड्या ने कहा, लेकिन जो महत्वपूर्ण है वह इरादा है, आप बाउंड्री की तलाश करते हैं लेकिन जब एक अच्छी गेंद होती है तो आप उस गेंद का सम्मान करते हैं। लेकिन अगर आपकी रक्षात्मक मानसिकता है तो भले ही एक खराब गेंद हो आप उस पर बाउंड्री नहीं लगा सकते। ***एजेंसी***

## 'गुजरात टाइटंस में नेहरा ने मेरी कप्तानी में पैदा किया बड़ा अंतर', हार्दिक पांडये ने तारीफ में पढ़े कसीदे



**राजकोट।** हार्दिक पंड्या ने पिछले साल पहले ही सत्र में गुजरात टाइटंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिताब दिलाने के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा और नए भारतीय टी20 कप्तान ने अपनी कप्तानी में ह्यबड़ा अंतरह्न पैदा करने के लिए अपने फ्रेंचाइजी कोच आशीष नेहरा को श्रेय दिया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद इस प्रमुख ऑलराउंडर को गुजरात की टीम ने पहले ही साल में कप्तान बनाकर साहसिक कदम उठाया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान सिर्फ एक बार सीनियर स्तर पर भारतीय टीम की अगुआई करने वाले पंड्या ने हालांकि अपने विरोधियों को गलत साबित किया और उदाहरण पेश किया। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत के साथ भारत के 2-1 से श्रृंखला जीतने के बाद पंड्या ने कहा, गुजरात के दृष्टिकोण से जो बहुत महत्वपूर्ण है वह यह है कि मैंने किस तरह के कोच के साथ काम किया। आशीष नेहरा ने हमारी मानसिकता के कारण मेरे जीवन में बड़ा अंतर पैदा किया। हम दो अलग-अलग व्यक्तित्व हो सकते हैं लेकिन हमारे क्रिकेट के विचार बहुत समान हैं। उन्होंने कहा, क्योंकि मैं उनके साथ था, इसने मेरी कप्तानी को बेहतर किया। इससे मुझे ठीक वही हासिल करने में मदद मिली जो मैं जानता हूं। यह सिर्फ आश्वासन हासिल करने के बारे में था, एक बार जब मुझे वह मिल गया। इस खेल के बारे में जागरूकता जो मैं हमेशा से जानता था। यह उसे जानने और उसका समर्थन करने से जुड़ा था जो मैं पहले से जानता था। इसने निश्चित रूप से मेरी मदद की है। श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के ऑस्ट्रेलिया में सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप जीतने में नाकाम रहने पर भारतीय चयनकताओं ने टीम में बड़ा बदलाव किया।

# हिमाचल में जल्द लागू होगी पुरानी पेंशन योजना, महिलाओं को मिलेंगे 1500 रुपए

## हिमाचल प्रदेश में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सुक्खू सरकार एक्शन मोड में, सभी वादे करेगी पूरे, शिमला के राजभवन में सात विधायकों ने ली मंत्रीपद की शपथ, छह विधायकों को मुख्य संसदीय सचिव नियुक्त किया



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सुक्खू सरकार एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल विस्तार के साथ इस बात की घोषणा भी की है कि वह पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत महिलाओं को 1500 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सारे वादे पूरे कर रही है। मंत्रिमंडल विस्तार में प्रदेश के हर क्षेत्र को महत्व दिया गया है। विभागों का आवंटन भी जल्द होगा। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में आज मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज राजधानी शिमला में स्थित राजभवन में मंत्रियों को शपथ दिलाई। हिमाचल प्रदेश कैबिनेट में 7 मंत्रियों जो शामिल किया गया है। इस कैबिनेट में डॉ धनी राम शांडिल, चंदर कुमार, हर्षवर्धन चौहान, जगत सिंह नेगी, रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

मंत्रिमंडल गठन होने से पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने छह विधायकों को मुख्य संसदीय सचिव नियुक्त किया है। मुख्य संसदीय सचिव बनने वालों में दून विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बने राम कुमार, अर्की विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक चुने गए संजय अवस्थी, पालमपुर विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बने आशीष बुटेल, आशीष बुटेल के अलावा कुल्लू सदर विधानसभा क्षेत्र से सुंदर सिंह ठाकुर, मोहनलाल ब्राक्टा, किशोरी लाल के नाम शामिल हैं।

सरकार बनाने के करीब एक माह बाद सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सात मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस बीच मंत्रिमंडल में शिमला जिले से सबसे ज्यादा 3 मंत्री बनाए गए हैं। जबकि कांगड़ा, सिरमौर, सोलन, और किन्नौर जिले से एक-एक मंत्री बनाए गए हैं।


जन्मदिन से पहले पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल को सीएम सुक्खू ने बड़ा तोहफा दिया है। बता दें कि अभी तक आशीष बुटेल डिप्टी स्पीकर की दौड़ में भी शामिल थे। बुटेल 2017 में पहली बार विधायक चुनकर आए थे। आशीष बुटेल कांग्रेस के वयोवृद्ध कांग्रेस नेता एवं पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष रह चुके बृज बिहारी लाल बुटेल के पुत्र हैं।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के पास दो आतंकवादी ढेर : सेना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सेना ने भारी हथियारों से लैस दो आतंकवादियों को मार गिराया और पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। एक रक्षा प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि शनिवार शाम बालाकोट सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया और व्यापक तलाशी अभियान अब भी जारी है। प्रवक्ता ने बताया कि शाम करीब पौने आठ बजे (शनिवार), बालाकोट में सीमा पर लगी बाड़ के पास तैनात भारतीय सेना के सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और फिर दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। इलाके की घेराबंदी की गई है और अभियान जारी है।

अधिकारियों ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों के पास से दो एके राइफल और एक शक्तिशाली आईईडी सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद मिला। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने बिकिनी में कराया बोल्ड फोटोशूट, हुईं ट्रोल्स



**नई दिल्ली।** मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट की 2 तस्वीरें शेयर की है। खास बात यह है कि उन्होंने यह केल्विन क्लाइन ब्रांड के लिए फोटोशूट कराया है। इस अवसर पर वो काफी बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही है। मानुषी छिल्लर की फोटो में इनर गारमेंट देखी जा सकती है। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर की है। पहली तस्वीर में वह बैठकर पोज दे रही है। वहीं, दूसरी तस्वीर में उन्होंने खड़े होकर पोज दिया है। दोनों ही तस्वीरों में उनकी बिकिनी नजर आ रही है। उन्होंने ब्लैक एंड वाइट कलर की बिकिनी पहन रखी है। तस्वीरें शेयर करते हुए मानुषी छिल्लर ने लिखा है, 'कुछ अच्छी जींस मिल गई।' मानुषी छिल्लर की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 1 घंटे में 1 लाख 23 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं, तस्वीरों पर 600 कमेंट किए गए हैं। हालांकि कई लोगों ने उन्हें इसे लेकर ट्रोल किया है। एक ने लिखा है, 'फोटोग्राफर ने पूरा रेडी होने का टाइम क्यों नहीं दिया आपको।' एक ने लिखा है, 'दिशा पाटनी से ले लिया लगता है।' एक ने लिखा है, 'दिशा पाटनी कोने में रो रही होगी।' एक ने लिखा है, 'केल्विन क्लाइन पर तो दिशा पाटनी का कॉपीराइट था।' एक ने लिखा है, 'अंदर से दिशा पाटनी।'

## खास खबर

### मेघालय के सीएम का बड़ा बयान, बोले- एनपीपी समान नागरिक संहिता को कभी स्वीकार नहीं करेगी

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा है कि नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का समर्थन नहीं करती है। मेघालय के मुख्यमंत्री ने कहा कि एनपीपी, एक पार्टी के रूप में, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को स्वीकार नहीं करेगी। वे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कुछ चीजें लागू करना चाहती है। हम किसी भी ऐसी चीज को स्वीकार नहीं करेंगे जो मेघालय के लोगों, यहां की संस्कृति और जीवन को प्रभावित करती हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी का मतलब होगा कि संपत्ति बच्चों को कैसे हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के बहुत से हिस्सों में संपत्ति सबसे बड़े बेटे के नाम होती है। लेकिन मेघालय कई जनजातियों में वह अधिकार सबसे छोटी बेटी के पास होती है। हम एक राज्य और पार्टी के रूप में, जो राज्य की सांस्कृतिक प्रथाओं को बदल दे, उसे कभी स्वीकार नहीं कर सकते।

### आसनसोल में बीसीसीएल की बंद खदान धंसी, कई के दबे होने की आशंका

पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के आसनसोल कुल्टी थाना के दमागोड़िया स्थित बीसीसीएल के बंद पड़े कोयला खदान में रविवार सुबह अवैध खनन के दौरान अचानक धंस गई। इसमें कई ग्रामीणों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी और बीसीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि जब यह खदान धंसी, तब दर्जनों लोग वहां अवैध रूप खनन कर रहे थे। स्थनीय लोगों ने बताया कि यहां बंद खदान के मुहानों में घुसकर आसपास के गांव वाले खनन करते हैं। अवैध खनन के बाद कोयला बोरियों में भरकर ले जाते हैं।

## केन्द्र सरकार का बड़ा एक्शन; प्रतिबंधित आतंकी संगठन के प्रॉक्सी समूह पर लगाया बैन

### चार आतंकी का नाम भी घोषित



**नई दिल्ली।** सीमा पार से चलाए जा रहे आतंकवाद पर कार्रवाई करते हुए केन्द्र ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के दो प्रतिनिधि संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही पिछले चार दिनों में चार व्यक्तियों को आतंकवादी घोषित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि केन्द्र द्वारा आतंकवादी समूहों और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है।

4 जनवरी को गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी किया था जिसमें कहा गया था कि एजाज अहमद अहंगर उर्फ अबू उस्मान अल-कश्मीरी, कश्मीर में पैदा हुआ आतंकवादी है। इसका अल-कायदा और अन्य वैश्विक आतंकवादी समूहों के साथ संपर्क है और यह भारत में इस्लामिक देश में बदलने की तैयारी कर रहा था। इसे आतंकवादी घोषित किया गया है। अफगानिस्तान में बैठा एजाज अहमद इस समय इस्लामिक स्टेट जम्मू और कश्मीर का प्रमुख नियोक्ताओं में से एक है। एजाज अहमद का जन्म 1974 में श्रीनगर में हुआ था। यह पिछले दो दशकों से जम्मू कश्मीर का वांटेड आतंकवादी है जिसने कई आतंकवादी संगठनों के साथ मिलकर केन्द्र शासित प्रदेश में होने वाले कई आतंकी गतिविधियों की प्लानिंग की है। गृह मंत्रालय के अनुसार, एजाज अहमद कश्मीर में उग्रवाद को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है और इसने कश्मीरी लोगों की पहचान करना शुरू कर दिया है जिसे अपने नेटवर्क में शामिल कर सकें। इसे भारत के लिए इस्लामिक स्टेट भर्ती सेल का प्रमुख नियुक्त किया गया था और इसने ऑनलाइन भारत-केंद्रित ककक प्रचार पत्रिका शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### घने कोहरे के कारण 480 से अधिक ट्रेन प्रभावित हुईं : रेलवे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने रविवार को कहा कि कोहरे के कारण 480 से अधिक रेलगाड़ियों की आवाजाही पर असर पड़ा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि कोहरे के कारण करीब 335 रेलगाड़ियों के आवागमन में देरी हुई और 88 ट्रेन रद्द कर दी गईं। जबकी 31 रेलगाड़ियों का मार्ग बदलना पड़ा और 33 रेलगाड़ियों की यात्रा को गंतव्य से पहले समाप्त कर दिया गया। पश्चिमोत्तर भारत तथा निकटवर्ती मध्य एवं पूर्वी हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने के कारण सड़क, रेल और विमान यातायात पर असर पड़ा है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पालम वेधशाला में सुबह साढ़े पांच बजे बहुत घने कोहरे के कारण दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने ट्वीट किया कि जो उड़ानें कैट-3 प्रणाली के अनुरूप नहीं हैं, उन पर कोहरे का असर पड़ सकता है। यात्रियों को उड़ानों के बारे में अद्यतन सूचनाओं के लिए संबंधित एअरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी गई है। मौसम कार्यालय के अनुसार, शून्य से 50 मीटर तक दृश्यता बहुत घने कोहरे, 51 मीटर से 200 मीटर तक घने कोहरे, 201 मीटर से 500 मीटर तक मध्यम कोहरे और 501 मीटर से 1000 मीटर तक दृश्यता हल्के कोहरे की श्रेणी में आती है।

# भारत में विदेशी विश्वविद्यालय परिसर की कवायद तेज यूजीसी 67 देशों के राजदूतों के साथ जल्द करेगा बैठक


### सभी चीजें ठीक ढंग से आगे बढ़ीं तो दो साल में विदेशी विश्वविद्यालय परिसर भारत में आने की संभावना




**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने कहा कि विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में परिसर स्थापित करने की कवायद के तहत आयोग अगले कुछ दिनों में दिल्ली स्थित 67 देशों के राजदूतों एवं इन देशों के शीर्ष विश्वविद्यालयों को पत्र लिखेगा तथा उनके साथ बैठक करेगा। उन्होंने कहा कि सभी चीजें ठीक ढंग से आगे बढ़ीं तो दो साल में विदेशी विश्वविद्यालय परिसर भारत में आने की संभावना है। कुमार ने एक मीडिया एजेंसी के साथ बातचीत में कहा कि इस विषय पर पिछले कुछ महीने में हमने यूरोप के कुछ देशों के शीर्ष विश्वविद्यालयों के साथ चर्चा की है। इनमें से कुछ देशों से प्रतिनिधियों ने यूजीसी का दौरा भी किया और इस प्रस्ताव में रुचि दिखाई। यूजीसी प्रमुख ने कहा कि हमारा आकलन है कि दुनिया के 67 देशों में शीर्ष विश्वविद्यालय स्थित हैं, ऐसे में अपनी कार्ययोजना को लेकर हम इन देशों के नयी दिल्ली में पदस्थ राजदूतों को पत्र लिखेंगे और उनके साथ बैठक भी करेंगे। कुमार ने कहा कि इसके साथ ही इन 67 देशों में पदस्थ भारतीय राजदूतों को भी पत्र लिखकर उनसे यूजीसी (भारत में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों का परिसर स्थापित करने एवं परिचालन करने) संबंधी नियमन 2023 के बारे में जानकारी एवं जागरूकता फैलाने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने पत्र की रूपरेखा तैयार कर ली है और अगले कुछ दिनों में यह भेजना शुरू कर देंगे। कुमार ने कहा कि यूजीसी की तरफ से अगले एक-दो महीने में सभी शीर्ष विश्वविद्यालयों से संपर्क किया जाएगा और उन्हें बताया जाएगा कि दाखिला प्रक्रिया, शुल्क ढांचा, शिक्षकों की भर्ती, कार्यक्रमों के विकल्प आदि को लेकर कितनी छूट दी गई है। यह पूछे जाने पर कि विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में परिसर स्थापित करने का स्वरूप क्या होगा, कुमार ने कहा कि किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय को भारत में परिसर स्थापित करने के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम 1999 के तहत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का पालन करना होगा। अध्यक्ष ने कहा कि परिसर स्थापित करने के कई रास्ते हैं जिनमें से एक रास्ता कंपनी स्थापित कर शैक्षणिक संस्थान संचालित करने का हो सकता है और दूसरा रास्ता किसी वर्तमान संस्थान या आईआईटी जैसे संस्थान के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने तथा तीसरा रास्ता शाखा कार्यालय खोलकर परिसर चलाने का हो सकता है। कुमार ने कहा कि ये सभी वैध रास्ते हैं। आरबीआई से मान्यता प्राप्त रास्ते हैं। इस सवाल पर कि भारतीय परिस्थितियों में शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी, यूजीसी अध्यक्ष ने कहा कि हाल में हमने राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा तैयार किया है और हितधारकों की राय के लिए सार्वजनिक किया है। यह क्रेडिट ढांचा अंतरराष्ट्रीय स्तर का है।

## पेशाब कांड के बाद अब गो फर्स्ट की फ्लाइट से उतारे गए दो विदेशी यात्री

### क्रू मेंबर्स के साथ कर रहे थे बदतमीजी




**मुंबई।** पेशाब कांड के बाद विमानन कंपनियां सतर्क हो गई हैं। इसी बीच गोवा से मुंबई जा रहे दो विदेशी यात्रियों को फ्लाइट से नीचे उतार दिया गया। बताया जा रहा है कि विदेशी यात्री क्रू मेंबर्स के साथ बदतमीजी कर रहे थे, जिसके बाद दोनों यात्रियों को विमान से नीचे उतारने का निर्णय लिया गया। इन यात्रियों पर उड़ान सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है।

विमानन कंपनी गो फर्स्ट के प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर दो विदेशियों को 6 जनवरी को जी8-372 गोवा-मुंबई की फ्लाइट से उतार दिया गया था। दोनों यात्रियों ने क्रू मेंबर्स पर भद्दी टिप्पणियां कीं और साथी यात्रियों को भी परेशान किया। जिसके बाद पायलट-इन-कमांड ने दोनों विदेशियों को फ्लाइट से उतारने का निर्णय लिया।

विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि पायलट-इन-कमांड ने बदतमीजी करने वाले दोनों विदेशी यात्रियों को तुरंत उतारने का फैसला किया और उन्हें एयरपोर्ट सुरक्षा को सौंप दिया गया। डीजीसीए को आगे की कार्रवाई के लिए मामले की सूचना दे दी गई है।

गो फर्स्ट की फ्लाइट में दो विदेशी यात्रियों की बदतमीजी की कोई भी शिकायत गोवा पुलिस या फिर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को नहीं मिली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दरअसल, विमानन कंपनी गो फर्स्ट के प्रवक्ता ने दावा किया था कि दो विदेशी यात्रियों ने क्रू मेंबर्स के साथ बदतमीजी की।

## 2022 गणना : मध्य प्रदेश में हुई कर्नाटक की तुलना में ज्यादा बाघों की मौत

### एमपी में 34 और कर्नाटक में 15 बाघों की मौत हुई



**भोपाल।** भारत के बाघों के प्रदेश का दर्जा बनाए रखने की चुनौती का सामना कर रहे मध्य प्रदेश में 2022 की गणना के अनुसार 34 बाघों की मौत हुई है। देश में बाघों की आबादी के मामले में कर्नाटक दूसरे स्थान पर है और गणना के अनुसार यहां 15 बाघों की मौत हुई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। देश की बाघ गणना के लिए सर्वेक्षण वर्ष में बाघों की मौत की सूचना दी गई है जिसके परिणाम 2023 में घोषित किए जाएंगे। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह एक रहस्य है कि क्यों मध्य प्रदेश में बाघों की मौत कर्नाटक की तुलना में अधिक दर्ज की गई है, हालांकि दोनों राज्यों में 2018 की गणना के अनुसार बाघों की संख्या लगभग समान थी। वर्ष 2018 की गणना के अनुसार कर्नाटक में 524 बाघ थे, जिसकी भारत के बाघ प्रदेश के दर्जे के लिए मध्य प्रदेश (526) के साथ प्रतिस्पर्धा है। अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय बाघ गणना हर चार साल में एक बार की जाती है। उन्होंने कहा कि हाल में अखिल भारतीय बाघ आकलन (एआईटीई) 2022 में किया गया था और इसकी रिपोर्ट इस साल जारी होने वाली है। देश चार साल की गणना के निष्कर्षों का उत्सुकता से इंतजार कर रहा है, यह जानने के लिए कि बाघों की आबादी के मामले में कौन सा राज्य कहां खड़ा है और इस बात का आंकड़ा अब उपलब्ध है कि भारत ने कितने बाघों को खो दिया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की वेबसाइट पर अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश ने 2022 में 34 बाघों को गंवा दिया, जबकि बाघ प्रदेश की स्थिति के लिए इसके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक राज्य में 15 बाघों की मौत हुई। इन मौतों के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया था। बाघ संरक्षण को मजबूत करने के लिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत गठित एनटीसीए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है। एनटीसीए की वेबसाइट के अनुसार, पिछले वर्ष भारत में कुल 117 बाघों की मौत हुई थी। इन दो राज्यों में बाघों की मौत के आंकड़ों में अत्यधिक अंतर के बारे में पूछे जाने पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) जे. एस. चौहान ने बताया, हमारे यहां (मध्य प्रदेश में) बाघों की संख्या अधिक है।

## पालघर में गुजरात जा रही कार की ट्रक से हुई भीषण टक्कर

### नवजात समेत 3 की मौत; अन्य 4 घायल



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में नवजात समेत 3 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे को लेकर अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। बता दें कि पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर एक कार पीछे से ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में नवजात समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस ने घायलों का बयान दर्ज नहीं किया है।

***कार में सवार थे एक परिवार के 7 सदस्य***

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कासा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मंदिर के पास सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर उस वक्त भीषण हादसा हुआ जब एक परिवार के सात सदस्य कार में सवार होकर मुंबई से गुजरात के भिलाड़ की ओर जा रहे थे। पालघर पुलिस प्रवक्ता सचिन नवाडकर ने बताया कि मृतकों की पहचान नरोत्तम राठौड़ (65), उनके पुत्र केतन राठौड़ (32) और एक वर्षीय आरवी राठौड़ के रूप में हुई है। घायलों में कार चला रहे दीपेश राठौड़ (35), तेजल राठौड़ (32), मधु राठौड़ (58) और ढाई साल की बच्ची स्नेहल राठौड़ शामिल है। सड़क हादसे में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सड़क हादसे को लेकर अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है क्योंकि पुलिस ने घायलों की चिकित्सकीय स्थिति की वजह से उनके बयान दर्ज नहीं किए हैं।

# भय और नफरत के खिलाफ है भारत जोड़ो यात्रा : राहुल गांधी

### तमिलनाडु के कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई यह यात्रा इस समय हरियाणा से गुजर रही



**कुरुक्षेत्र (हरियाणा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनके नेतृत्व में जारी भारत जोड़ो यात्रा को देश में हर जगह लोगों की शानदार प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी पदयात्रा भय और नफरत के खिलाफ है, जो समाज में फैलाई जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह यात्रा बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ भी है। राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा का एक मकसद यह भी है कि लोग देश की वास्तविक आवाज को सुनें। कुरुक्षेत्र के नजदीक समाना में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा को हर जगह शानदार प्रतिक्रिया मिली है। तमिलनाडु के कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई यह यात्रा इस समय हरियाणा से गुजर रही है। इस बारे में पूछे जाने पर गांधी ने कहा कि उन्होंने इस यात्रा के दौरान बहुत कुछ सीखा है।

उन्होंने कहा, देश के दिल में क्या है वह सीधे तौर पर लोगों से संवाद कर सुनने को मिला। यात्रा को हरियाणा में बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। यह प्रतिक्रिया ऊर्जा और उत्साह से लबरेज है। यात्रा के आलोचकों पर हमला करते हुए गांधी ने कहा कि जब इसकी शुरूआत हुई थी तब लोगों ने कहा था कि जो प्रतिक्रिया केरल में मिली, वैसी प्रतिक्रिया कर्नाटक में नहीं मिलेगी, जहां पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का शासन है; लेकिन हमें उससे (केरल) भी अच्छी प्रतिक्रिया वहां (कर्नाटक) मिली। फिर जब यात्रा महाराष्ट्र पहुंची तो लोगों ने कहा कि जिस तरह का उत्साह दक्षिण भारत में देखने को मिला वह इस पश्चिमी राज्य में नहीं देखने को मिलेगा। जब हम महाराष्ट्र पहुंचे तो दक्षिण से भी बेहतर प्रतिक्रिया मिली। राहुल गांधी ने कहा, तब कहा गया कि यात्रा जब हिंदी भाषी क्षेत्रों से गुजरेगी तब लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिलेगी, लेकिन मध्य प्रदेश में पहले से भी अच्छा माहौल मिला। जब हम हरियाणा पहुंचे तो कहा गया कि यह भाजपा शासित राज्य है, लेकिन यहां मिली प्रतिक्रिया शानदार रही। हम जैसे-जैसे बढ़ रहे हैं, लोगों का समर्थन बढ़ रहा है। एक सवाल के जवाब में गांधी ने कहा, भारत की आवाज को दबाया जा रहा है और नफरत व भय फैलाया जा रहा है। एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ, एक धर्म को दूसरे धर्म के खिलाफ किया जा रहा है और यह यात्रा इसके खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के अन्य उद्देश्यों को जो हम देख रहे हैं, वह तपस्या की तरह है। कांग्रेस नेता ने कहा, हम अपने देश से, लोगों से, किसानों से और गरीबों से प्यार करते हैं और हम उनके साथ चलना चाहते हैं।

### पाक से लगी सीमा पर रडार युक्त ड्रोन तैनात, बीएसएफ को मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू-क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहली बार रडार ड्रोन तैनात किए हैं। इनसे आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ में इस्तेमाल की जाने वाली सुरंगों की मौजूदगी का पता लगाया जा सकेगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हाल ही में सुरक्षा बलों के द्वारा सुरंग का पता लगाने का अभ्यास किया गया। इसके तहत स्वदेश निर्मित तकनीकी उपकरण का इस्तेमाल किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी आतंकवादी भारतीय क्षेत्र में घुसने में सक्षम न हो। इन सुरंगों का इस्तेमाल मादक पदार्थों, हथियारों, गोला-बारूद की तस्करी आदि के लिए भी किया जाता है। बीएसएफ ने पिछले तीन साल में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू मोर्चे के करीब 192 किलोमीटर में कम से कम पांच सुरंगों का पता लगाया है।



**दक्षिणी चीन में रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में 17 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। चीन के वार्षिक चंद्र नववर्ष पर लोग छुट्टियों में बाहर निकलते हैं इसके कारण सड़कों पर भीड़भाड़ रहती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय यातायात प्रबंधन ब्रिगेड के अनुसार, दुर्घटना जियांग्शी प्रांत के नानचांग शहर के बाहरी इलाके में हुई।**

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, एक फरार

**कसा शिकंजा**

**तमंचा, कारतूस, खोखा मोबाइल फोन, बाइक सहित नकदी बरामद**

जनसंदेश न्यूज


घायल बदमाश को अस्पताल पहुंचाते पुलिसकर्मी

**बदलापुर।** थाना बदलापुर, महराजगंज तथा जौनपुर एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दो शातिर लुटेरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया वहीं एक फरार भी हो गया। बताते चलें कि पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर शातिर वांछित लुटेरे जिन्होंने महराजगंज व बदलापुर में कई छिनैती की घटना को अंजाम दिया है वह आज एक बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। अगर जल्दी की जाय तो उनको पकड़ा जा सकता है।

इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घनश्यामपुर अंडरपास के पास पहुंचकर उक्त बदमाशों के आने का इन्तजार करने लगी तभी वहां से तेज रफ्तार एक बाइक बदलापुर से घनश्यामपुर की तरफ आते दिखाई दिया। पुलिस द्वारा इनको रोकने का प्रयास करने पर बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया। उक्त फायरिंग से थानाध्यक्ष महराजगंज बाल-बाल बच गये। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे उक्त बदमाश घायल होकर गिर पड़ा व दूसरे को दौड़ाकर पकड़ लिया गया वहीं तीसरा बदमाश अंधेरे का लाभ लेकर भागने में सफल रहा। घायल बदमाश को उपचार के लिए बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

घायल गिरफ्तार अभियुक्त रजनीश उर्फ रीशु खरवार पुत्र गजराज खरवार निवासी करनपुर थाना सिंगरामऊ और दूसरा अभियुक्त बदलापुर के ढ़ेमा निवासी संग्राम सिंह पुत्र देवी प्रसाद सिंह के पास से 11900 रुपए नकद एक मोटरसाइकिल सुपर स्पलेण्डर, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, 4 मोबाइल फोन बरामद करते हुए फरार अभियुक्त प्रिंस यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी ग्राम तियरा बदलापुर पर पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष महराजगंज शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह जौनपुर मय टीम, प्रभारी सर्विलांस, उपनिरीक्षक रामजनम यादव जौनपुर मय टीम रहे।

# पूर्व राज्यपाल पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी को दी श्रद्धांजलि

## निधन पर भाजपाजनों में शोक की लहर

**शाहगंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा स्पीकर एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी के निधन पर एक शोकसभा आयोजित किया गया। बीजेपी नेता रुपेश जायसवाल की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा अनीता हास्पिटल में आयोजित किया गया। श्रद्धांजली सभा में पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी को श्रद्धांजली दी गई और उनके जीवन संघर्षो पर चर्चा की गयीं।

आह्वान किया गया कि उनके बताये आदर्शो पर चलकर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है तथा स्मृति को चिर स्थायी बनाये रखने की बात कही। इस दौरान ईशान राम जायसवाल, धीरज पाटिल, वेदप्रकाश जायसवाल, अनील, संदीप, अभिषेक, संजय, रमेश आदि मुख्य रुप से उपस्थित रहे। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि बाबूजी के निधन से समाज की गहरी क्षति हुई है। वे एक मिलनसार व मृदुभाषी थे। उन्होंने कहा कि जब वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे तो भाजपा कार्यकर्ताओं का बहुत सम्मान करते थे और उनका जुड़ाव जौनपुर से बहुत रहा वे मेरे पिता सन्तोषी बाबू की पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा में भी दीवानी अधिवक्ता संघ में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आये थे। श्री त्रिपाठी के निधन की खबर मिलते ही भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने शोक प्रकट करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया है।

## पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गौराबादशाहपुर।** थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में थाने के उप निरीक्षक इष्ट देव पांडेय व अश्वनी कुमार राय ने गैर जमानती वारंटी अलीम पुत्र बेचू निवासी धमर्पुर व राज कुमार पुत्र राज बली निवासी आरा थाना गौराबादशाहपुर को रविवार को भोर में घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उक्त दोनों वारंटी अपने मुकदमें में काफी दिनों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# संक्षेप

## स्वास्थ्य शिविर में कंबल पाकर चहके चेहरे



**जौनपुर।** शीत लहर में लोगों के सेवार्थ रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान शिविर में उपस्थित लोगों में कंबल वितरित किया गया। जौनपुर के जलालपुर के ग्राम छाती डीह विकासखंड में सेंटर फॉर सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन अध्यापक एवं समाजसेवी देवेश कुमार द्वारा किया गया। शिविर में लोगों को विभिन्न रोगों के कारण व निवारण की जानकारी देते हुए निःशुल्क दवाएं दी गयी। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित लोगों में कंबल वितरण किया गया, कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। संचालन अभिषेक रावत ने किया धन्यवाद अध्यक्ष संतोष सरोज ने दिया। कार्यक्रम में नागेंद्र राजभर, रविंद्र कुमार, निलेश कुमार, अखिलेश सरोज, पंकज कुमार, प्रकृति कुमार, डाक्टर रोशन लाल आदि थे।

## कोटेदार ने घटतौली का विरोध करने पर उपभोक्ता को पीटा

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा में सस्ते गल्ले की दुकान चलाने वाले दबंग किस्म के कोटेदार रंजन सिंह ने उपभोक्ता अजय कुमार सिंह को उस समय जमकर मारपीट दिया जब वह कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में कम यूनिट और घटतौली का विरोध कर रहा था। गौरतलब है कि अजय कुमार सिंह नामक उपभोक्ता सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन लेने गया था जहां कोटेदार वितरण में अनियमितता कर रहा था। अजय ने जब इस बात का विरोध किया तो कोटेदार ने अपने समर्थकों के साथ उपभोक्ता से मारपीट करने लगा। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी माज अख्तर को पत्रक देकर न्याय की गुहार लगायी है।

## कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूल 14 जनवरी तक बंद

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने भीषण शीतलहर को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को 14 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि जनपद में संचालित नर्सरी से कक्षा 8 तक मान्यता प्राप्त विद्यालय, सहायता प्राप्त, वित्त विहिन, मदरसा, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों कस्तूरबा और छात्रावास में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मियों (चौकीदार, चपरासी एवं पीआरडी जवान को छोड़कर) का अत्यधिक शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी से प्राप्त अनुमति के क्रम में 9 से 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया जाता है।

## पतंग उड़ाने के दौरान छत से गिरकर किशोर घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ठकठौलिया गांव में पतंग उड़ाने के दौरान एक किशोर छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के ठकठौलिया गांव निवासी 11 वर्षीय प्रिंस पुत्र सतीश रविवार की सुबह अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाने के दौरान छत से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया जिसके चलते प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में उक्त घायल को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## कड़ाके की ठंड में वितरित किया गया कंबल



**पराऊगंज।** क्षेत्र के बिंद गांव में स्व. सीताराम सिंह स्मृति में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्ग महिला पुरुष एवं असहाय लोगों ने कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए कंबल पाकर प्रशंसा की। त्रिभुवन सिंह एवं शिव भुवन सिंह तथा ग्राम प्रधान प्रमोद की उपस्थिति में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अध्यापिका ललिता सिंह, आजाद सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, रिंकू सिंह, क्षमानाथ वर्मा, दिनेश उपाध्याय, राजेश सिंह, विनोद कुमार समेत तमाम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन में गांव के ही रहेंगे प्लंबर मैकेनिक व इलेक्ट्रीशियन

**गभिरन।** किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय धमौर में रविवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत घर घर जल पहुंचाने में सहयोग करने वाले प्लंबर, आपरेटर, फीटर, इलेक्ट्रीशियन और राजमिस्त्री के काम के लिए ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया गया। उद्यमिता विभाग संस्थान लखनऊ से आए विभूति कुशवाहा ने उन्हें प्रशिक्षित करते हुए कहा कि इस मिशन के तहत जितने भी रोजगार के अवसर है। वह वरीयता के क्रम में स्थानीय ग्रामीणों को ही दिया जाना है। इसके लिए योग्यताधारी ब्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। वहीं युवा विकास समिति भदोही से आये मुकेश यादव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जल जीवन मिशन? से जहां हमें शुद्ध जल मिलेगा, वहीं इस परियोजना में जितने रोजगार के अवसर सृजित हों उसका लाभ सीधा ग्रामीणों को मिले। इस मौके पर विश्वनाथ यादव, गणेश, नवनीत, रेखा पटेल, रोशनी, संजू, रीना, रूपम नेहा आदि मौजूद रहे।



# खराब ट्रांसफार्मर बदलने के लिए ऊर्जा मंत्री के सीधे दखल से विद्युत विभाग में हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

**सख्ती**

**अवर अभियंता को रात में ही लिखना पड़ा सफाई पत्र**

**भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी के अनुरोध पर ऊर्जा मंत्री ने दिखाया सख्त तेवर**

**मछलीशहर।** नगर के सिन्हा रोड पर लगा 400 केवी का ट्रांसफार्मर शुक्रवार की शाम को जल गया था। विभाग के पास ट्रॉली ट्रांसफार्मर मौजूद था जो दूसरे दिन शनिवार को दोपहर में लगाया गया और तेल खौला कर चार्ज करने में 5-6 घंटे का समय और लग गया जिसके बाद सायंकाल 7 बजे शनिवार को आपूर्ति शुरू हो पाई। 26 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की शिकायत भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी और अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अनुराग सिन्हा ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से दूरभाष पर की और उन्हें उनके व्यक्तिगत नंबर पर व्हाट्सएप भी भेजा।

हालांकि तब तक ट्राली ट्रांसफार्मर से आपूर्ति शुरू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी लेकिन आपूर्ति आने के बाद जैसे ही ऊर्जा मंत्री के कहने पर लखनऊ से विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा मेल करने और फोन आते ही स्थानीय स्तर पर पूरे विभाग में खलबली मच गई। जेई अभिषेक केशरवानी ने उच्च अधिकारियों को रात में ही मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाने में हुई देरी पर अपनी सफाई देते हुए पत्र भेजा जिसमें उन्होंने बताया कि विभाग के पास कोई साधन तत्काल उपलब्ध नहीं था।

वार्ड के सभासद औन मोहम्मद से उन्होंने अनुरोध करके नगर पंचायत का ट्रैक्टर भेजने को कहा लेकिन ठंड अधिक होने के कारण ड्राइवर जा चुका था। अगले दिन दोपहर 12 बजे जब ट्रैक्टर पहुंचा तब ही ट्रॉली ट्रांसफार्मर उसके जरिए रवाना किया गया। खाली ट्रांसफार्मर कई महीनों से उपयोग में नहीं होने के कारण विभाग को पहले उसका तेल खौलाना पड़ा और उसके बाद ही जाकर सायंकाल 7 बजे 200 से अधिक परिवारों की आपूर्ति बहाल हो पाई। विभाग की इस लेटलतीफी की शिकायत भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सिन्हा ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से की और उन्हें पूरी समस्या लिखकर व्हाट्सएप के जरिए भेजी। मंत्री के सख्त तेवर दिखाने से पूरे विभाग में हड़कंप मच गई और जेई अभिषेक केशरवानी को रात में ही स्पष्टीकरण भेजना पड़ा।

ऊर्जा मंत्री के इस प्रयास की सर्वत्र सराहना हो रही है। जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सिन्हा ने बताया क्यों है देर रात तक ऊर्जा मंत्री के कैंप कार्यालय विद्युत बोर्ड और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से कई बार फोन आया और समस्या के निस्तारण के बाबत लगातार पूछा जाता रहा।

# कार के धक्के से घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

**चंदवक।** स्थानीय चौराहे पर शनिवार देर शाम ठेले से सब्जी लेते समय कार के धक्के से घायल वृद्धा की इलाज के दौरान पं. दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल वाराणसी मौत हो गईं। पोखरा गांव निवासी 58 वर्षीय वृद्धा कमलावती पत्नी फेंकू गुप्ता अपने पुत्र 33 वर्षीय अशोक के साथ चंदवक बाजार आवश्यक कार्यवश आयी थी। दोनों ठेले से सब्जी खरीद रहे थे। इसी दौरान कार के धक्के से दोनों घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सीएचसी डोभी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अशोक का प्राथमिक इलाज कर छोड़ दिया वहीं कामलावती की स्थिति गंभीर देख वाराणसी रेफर कर दिया। रविवार दोपहर इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चालक को कार सहित हिरासत में लेकर पुलिस आवश्यक कार्यवाई कर रही है।

# माध्यमिक शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित कार्य समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जनसंदेश न्यूज


शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित कार्यसमिति के पदाधिकारीगण

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर की नवनिर्वाचित कार्यसमिति का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आदर्श इंटर कालेज शंभूगंज में प्रांतीय अध्यक्ष चेतनारायण सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह तथा संचालन प्रमोद सिंह ने किया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष हेतु सुधाकर तथा जिलामंत्री प्रमोद कुमार सिंह के साथ कोषाध्यक्ष दिनेश चक्रवर्ती ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

उपाध्यक्ष पद के लिए जयप्रकाश सिंह, रामप्रकाश सिंह, डा. प्रविंद सिंह, राजेश यादव, रणंजय सिंह, केशनाथ तिवारी, सन्तोष रघुवंशी, प्रवीण पांडे, संतोष सिंह तथा संयुक्त मंत्री के लिए संजय सिंह, बंशराज यादव, संतोष कुमार सिंह, अखिलेश चंद्र, अखिलेश सिंह, सुधीर राय, जयशंकर सिंह, दीपक कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह, इंदू वर्मा मनोनित किए गए हैं। विख्यात पांडे संगठन मंत्री, प्रशान्त पांडे मीडिया प्रभारी, आलोक श्रीवास्तव सोशल मीडिया प्रभारी तथा ब्रह्मदेव यादव को आय व्यय निरीक्षक बनाया गया है।

कार्यकारणी सदस्य के लिए अजय कुमार सिंह, चंद्र प्रकाश दुबे, रामप्रताप विश्वकर्मा, राजेंद्र मौर्य, संदीप सिंह, सुनीता राय, शशिधर सिंह, कृष्णमोहन यादव, आशीष मिश्रा, शिव प्रसाद यादव, संजय सिंह, अनूप सिंह, नवीन सिंह, संदेश कुमार सिंह, संजय चौबे, जियालाल बिंद प्रदीप कुमार सिंह, इंद्रजीत सिंह, रविकांत, लाल बहादुर, आलोक दुबे, दयाशंकर यादव, कौशल बाबू, अनुक्रोश सिंह, राजनरायण सरोज, रितेश कुमार चौबे, स्वतन्त्र सिंह, वीरेन्द्र भारती, गुंजन श्रीवास्तव, जयहिंद यादव मनोनीत किए गए। इन सभी को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह, प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# व्यापारी जीने के लिए लड़ रहा लड़ाई


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराते इन्दू सिंह

**बोले इन्दू सिंह**

**नगर उद्योग व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

**केराकत।** नगर के कालीमाता मन्दिर परिसर में रविवार को शाम चार बजे उद्योग व्यापार मण्डल के नव निर्वाचित अध्यक्ष चन्दन सेठ व संगठन के पदाधिकारियों को प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इन्द्रभान सिंह (इन्दू) ने पद की गरिमा और गोपनीयता की शपथ दिलायी। साथ ही व्यापारियों की रहनुमाई का जिम्मा सौंप दिया।

अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष श्री इन्दू ने कहा कि जितना टैक्स हमारे देश में वसूला जाता है उतना पूरे विश्व में कहीं नहीं लिया जाता है। आज व्यापारी जीने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। ऑनलाइन व्यापार ने पूरी तरह से व्यापारियों को बर्बाद कर दिया है। वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में आयी सपा विधायक मछलीशहर विधानसभा रागिनी सोनकर के कहा कि विश्व को आर्थिक रूप से सबल बनाने का काम एक व्यापारी करता है। देश एक बड़ा वृक्ष है तो व्यापारी उस वृक्ष की मजबूत शाखाये है। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, अब्दुल हक अंसारी, नीरज पहलवान, अरुण कुमार कमलापुरी, ताहिर खान, सपा नेत्री डॉ. शबनम नाज, निजामुद्दीन, सूबेदार सोनकर, राजेश पाण्डेय, मकालू सोनकर, राजेश कसौधन उपस्थित रहे। अध्यक्षता मकसूद अहमद ने व संयुक्त संचालन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त व अवकाश प्राप्त प्रवक्ता विरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।

# अफजल बने हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष

**खेतासराय।** नगर पंचायत खेतासराय वार्ड नंबर 10 कोहरौटी निवासी मोहम्मद अफजल को हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरशद खान ने मो. अफजल को व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया। मोहम्मद अफजल को नगर अध्यक्ष पद की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस सम्बन्ध में बात करते हुए मोहम्मद अफजल ने बताया कि हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मण्डल शुद्ध उद्यमियों एवं व्यापारियों का गैर राजनीतिक संगठन है संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है मैं उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा एवं व्यापारियों की समस्या का निस्तारण में अग्रणी भूमिका निभाउंगा।



# भूमि विवाद में चले लाठी डंडे, चार लोग घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सुरिस गांव में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के सुरिस गांव के हरिजन बस्ती में रविवार की सुबह जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे में 45 वर्षीय चन्द्रेश पुत्र रजई 22 वर्षीय उजाला पुत्री चन्द्रेश 20 वर्षीय गीता पुत्री जयराम व 30 वर्षीय गायत्री पत्नी मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां सभी का प्राथमिक उपचार कराया गया। वहीं दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सरल स्वभाव के धनी थे स्व. प्रमोद


निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते मोदनवाल समाज के लोग

जनसंदेश न्यूज

**शोक**

**मोदनवाल समाज ने आयोजित किया श्रद्धांजलि समारोह**

**मुंगराबादशाहपुर।** नगर के एक पैलेस पर मोदनवाल समाज की तरफ से जिलाध्यक्ष नागेंद्र मोदनवाल की अध्यक्षता में सुजानगंज के नगर अध्यक्ष प्रमोद मोदनवाल के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि एवं शोक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

शोकसभा को संबोधित करते हुए समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम दास मोदनवाल ने कहाकि स्वर्गीय प्रमोद मोदनवाल सहज सरल एवं मिलनसार व्यक्ति के धनी व्यक्ति थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रमोद द्वारा समाज में किए गए कार्यों को मोदनवाल समाज सदैव यार करेगी। अध्यक्षता कर रहे जनपद के जिला अध्यक्ष नागेंद्र मोदनवाल ने सामाजिक कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता और लोगों के लिए मदद करने के उनके स्वभाव को अविस्मरणीय बताया।

जिला उपाध्यक्ष विक्की कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मोदनवाल समाज में उनका लंबा कार्यकाल यादगार है। वह विकासशील सोच के धनी व्यक्ति थे। चौधरी सुजानगंज लल्लू मोदनवाल, रमेश चंद्र, दिनेश मोदनवाल व राज कुमार मोदनवाल आदि ने स्वर्गीय प्रमोद मोदनवाल को समन्वयवादी सोच के धनी एवं समाज के लिए संघर्षशील व्यक्ति बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विक्की कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कैलाशनाथ, उमेश कुमार, राजेश कुमार पप्पू, ब्रह्मदेव मोदनवाल, बंटी मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# शारदा सहायक नहर में मिले मृत मवेशी

**सुजानगंज।** क्षेत्र के नहर मऊ ग्राम सभा में शारदा सहायक नहर में लगी जाली में बीस मृत मवेशी तथा रयां ग्रामसभा स्थित नहर में बने झरने में मृत बाइस मवेशी फंसे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार नाहर मऊ ग्राम सभा में खंड विकास अधिकारी सचिन भारती के आदेशानुसार ग्राम प्रधान हरि उपाध्याय के नेतृत्व में नहर में एक जाली लगाई गई थी जिसमें लगभग मृत बीस मवेशी फंसे हुए हैं। ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान को इसकी सूचना दी की एकत्रित हुए मवेशियों से दुर्गंध आ रही है जिससे गांव में कई प्रकार की बीमारियों के फैलने का डर है तथा मृत मवेशियों की व्यवस्था करें इसी क्रम में रयां ग्रामसभा स्थित झरने में भी बीस गायों के फंसे होने की जानकारी देते हुए विहिप अध्यक्ष सुजानगंज ने बताया खंड विकास अधिकारी को कई बार फोन लगाया गया पर उन्होंने फोन नहीं उठाया हम अपने उच्च पदों पर आसीन पदाधिकारियों को इस संदर्भ में सूचना दी है तथा उनके द्वारा इस घटना की जानकारी जिले के अधिकारियों को दी जा रही है। समाचार लिखे जाने तक कोई भी संबंधित अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।

# विटामिन बी की कमी से मानसिक रोग का खतरा

**बोलीं प्रो. वंदना राय**

**व्यस्त दिनचर्या, फास्ट फूड के कारण हो रही है समस्या**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष प्रो. वंदना राय ने कहा कि आजकल की व्यस्त दिनचर्या, फास्ट फूड के प्रति बढ़ती रुचि व संतुलित आहार का अभाव लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा कर रही है। इससे शरीर में विटामिन बी और पोषक तत्वों की कमी और उनके स्तर में गिरावट से अनेक प्रकार की बीमारियों को हम आमंत्रित कर रहे हैं। शरीर में विटामिन बी के कमी से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं जैसे रक्त कोशिकाओं की कमी, थकान, कमजोरी वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके नजरअंदाज करने से लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या बढ़ रही है।

प्रोफेसर राय नागपुर में 108 वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस आरटी एम विश्वविद्यालय नागपुर में आमंत्रित व्याख्यान में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि व्यस्कों को प्रतिदिन 400 माइक्रोग्राम की बच्चों को 150-300 माइक्रोग्राम व गर्भवती और स्तनपान करने वाली महिलाओं को 500 माइक्रोग्राम से 600 माइक्रोग्राम तक फोलेट की आवश्यकता होती है। किंतु लोगों में इसके प्रति जागरूकता का अभाव होने के कारण लोग ध्यान नहीं देते है न ही इसकी जांच कराते है। इससे न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, क्लेफ्ट लिप एंड पैलेट, अनेक मानसिक रोगों व कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं के अनुसार जानकारी का अभाव इस समस्या को बढ़ा रहा है। फोलेट हरी पत्तेदार सब्जियों, ताजे फलों, ब्रोकलि, मूंगफली, अखरोट इत्यादि में पाया जाता है।

इस वर्ष के भारतीय विज्ञान कांग्रेस का विषय 'महिला सशक्तिकरण के साथ सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' है। इसी क्रम को परिभाषित करते हुए प्रो. वंदना राय ने देश में भोजन में विटामिन के महत्व के प्रति लोगों को विशेष कर महिलाओं व बच्चों को जागरूक करने पर जोर दिया।

कहा कि इससे हमारी आने वाली पीढ़ियां शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ होकर देश की प्रगति में सहयोग कर सकेंगी। महिला स्वास्थ्य पर किये गए शोध और जागरूकता के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रो. वंदना राय को शिक्षक श्री पुरुस्कार के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। विज्ञान कांग्रेस में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. प्रदीप कुमार ने भी रेड सेल एंजाइमस पॉलीमोर्फिसम में अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और कहा कि अगले 25 वर्षों में भारत जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारत की वैज्ञानिक शक्ति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी।

# तालाब पर अतिक्रमण चला बुलडोजर

**कार्रवाई**

**उच्च न्यायालय के निर्देश पर राजस्व विभाग ने की करवाई**

**औराई।** क्षेत्र अन्तर्गत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नरथुआ गांव के तालाब पर अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलवाकर बने मकानों का जमींदोज कराया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नरथुआ गांव के तालाब का गाटा संख्या 751 के जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर मकान बना लिया है। उस अतिक्रमण के खिलाफ तहसील कार्यालयों में कुछ लोगों ने शिकायत किया था। किंतु तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया। शिकायतकर्ताओं ने सक्रिय होकर एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय प्रयागराज में दाखिल किया। जिसे संज्ञान में लेकर उच्च न्यायालय ने तालाब पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दे दिया है।

जिस पर तहसील प्रशासन ने पुलिस बल व पीएसी के साथ पहुंचकर तालाब की भूमि पर बने हुए मकानों पर चार बुलडोजरों से जमींदोज कराने की कार्रवाई शुरू कर दिया है। बुलडोजर चलने से औराई भदोही मार्ग पर हड़कंप की स्थिति मच गई। जिसे देखकर पुलिस प्रशासन ने औराई से भदोही मार्ग को पूर्ण रूप से बंद कर रुट डायवर्जन कर दिया। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी लालबाबू दुबे ने बताया कि तालाब की भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों को लगभग डेढ़ वर्ष पहले तहसील कोर्ट से बेदखली का नोटिस दिया था। उपजिलाधिकारी ने बताया कि 84 लोगों से तालाब की भूमि को मुक्त कराना है। जिसमें 32 व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जा रही है। शेष 52 झुग्गी व झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को पुनर्स्थापित कराकर तब तालाब की जमीन को मुक्त कराया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार सुनील कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ समेश्वर प्रभात सिंह कोतवाली प्रभारी गगनराज सिंह समेत राजस्वकर्मी व जनपद पुलिस एवं पीएसी सुरक्षा बल तैनात रहे।

## औराई चीनी मिल संघर्ष समिति के लोग सीएम को ज्ञापन देने के लिए वाराणसी रवाना

**ज्ञानपुर।** वाराणसी बीएचयू मे आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होने आये मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मिलने के लिए भारतीय किसान संघ का एक दल वाराणसी रवाना हुआ। दल मे शामिल लोग औराई चीनी मिल चालू कराने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन देंगे। भारतीय किसान संघ से संबद्ध औराई चीनी मिल संघर्ष समिति वाराणसी बीएचयू आयोजित भूमि तत्व पर कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए पहुचे मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने व कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 11 बजे गोपीगंज से बस व अन्य वाहन द्वारा प्रस्थान किया। संघर्ष समिति की दो दिन पूर्व नवनगपुर जखाव मे हुई बैठक मे चीनी मिल चालू कराने के लिए गांव-गांव पद यात्रा कर किसानो से हस्ताक्षर अभियान चलाने की योजना बनाते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने का निर्णय लिया था। उसी कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या कार्यकर्ता वाराणसी रवाना हुए, जहां काशी प्रांत की ओर से ज्ञापन सौंपेंगे। वाराणसी जाने वालों में अनिल मिश्र प्रान्त मंत्री के साथ हरिप्रकाश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष रोहित सिंह, जिला मंत्री रमाशंकर दुबे, उपाध्यक्ष दीनानाथ मिश्र, अनुप मिश्र, जिला सहमंत्री ओमकारनाथ उपाध्याय, जैविक प्रमुख रजनीश पाण्डेय, अध्यक्ष डीघ अचल दुबे, अध्यक्ष सुरियावां आदि शामिल रहे।

# सीमेंटेड रोड के निर्माण में मानक की अनदेखी

**मनमानी**

**विवेकानंद तिराहा से एकमा मोड़ तक हो रहा सीमेंटेड सड़क का निर्माण**

**निर्माण में मानक के विपरीत कार्य होने का भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष ने की डीएम से शिकायत**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** नई बाजार रोड पर विवेकानंद तिराहा से एकमा मोड तक बन रहे सीमेंटेड सड़क में मानक की अनदेखी की जा रही है। मानक के विपरीत हो रहे निर्माण कार्य को देखते हुए इसकी शिकायत भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिलीप दुबे ने जिलाधिकारी से की। उन्होंने काम को रोकवाने की मांग की है।

जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष दिलीप दुबे ने कहा कि जो रहे सीमेंटेड सड़क में ठेकेदार द्वारा औराहा की लोकल कच्ची गिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं सीमेंट भी लोकल प्रयोग किया जा रहा है। मानक के विपरीत हो रहे इस निर्माण से सड़क की आयु बहुत कम होगी। वह अपने अल्प आयु में ही क्षतिग्रस्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जबकि इसकी शिकायत कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता व अवर अभियंता से बार-बार की गई। लेकिन इसके बावजूद भी उनके द्वारा मेरे शिकायत को अनसुना कर दिया जा रहा है।

वहीं ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत सड़क का बड़े ही तेजी के साथ निर्माण कराया जा रहा है। श्री दुबे ने जिलाधिकारी से सड़क का निर्माण कार्य रोकवाने की मांग की है और कहा कि जहां तक सड़क का निर्माण कराया गया है। वहां तक की सड़क के मानक की जांच कराई जाए।

निर्माण कार्य में अनियमितता मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यदाई संस्था द्वारा जिस भी सड़क का निर्माण कराया गया है वो मानक के विपरीत है।



मानक की अनदेखी कर हो रहा सीमेंटेड रोड का निर्माण कार्य

संक्षेप

### कोचिंग पढ़ने गया छात्र नहीं लौटा घर, गुमशुदगी दर्ज

**सुरियावां।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम कौडर निवासी संदीप सिंह का 16 वर्षीय पुत्र वैभव सिंह कक्षा 12 का छात्र सुरियावां में एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए दिनांक 29 दिसम्बर को घर से 2 बजे दिन निकला तभी से लापता है। इस सम्बंध में पिता संदीप सिंह ने थाना सुरियावां में गुमशुदगी दर्ज करा दी। और बताया कि वैभव एकलौता पुत्र है। पूरे परिवार के लोग घबराए हुए हैं चिंतित है। जिला प्रशासन से शीघ्रातिशीघ्र खोजने की मांग की है।

### मालवाहक सहित चालक गायब, अनहोनी की आशंका से परिजन परेशान

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र से मैजिक मालवाहक लेकर मीरजापुर गया और चालक गायब हो गया। वापस न लौटने पर अनहोनी की आशंका से परेशान परिजन थाने पहुच कर पुलिस को मामले की जानकारी दी। ज्ञानपुर के समीप लखनो टकटैया निवासी रमेश चंद मालवाहक चालक दो दिन पूर्व गोपीगंज से सायं काल वाहन पर चौकी लाने के लिए मीरजापुर गया था। दो दिन बाद घर वापस नही लौटा तो परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान होकर हो गये। उसके पिता बाबूलाल थाने पहुच गये तो पुलिस उनकी तहरीर पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नगरदह गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता 11 जनवरी से

**भदोही।** डीघ क्षेत्र के विराट क्रिकेट क्लब नगरदह गांव में 11 जनवरी से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें इच्छुक टीमें अपना नामांकन करा ले यह जानकारी आयोजक गौरव मिश्रा ने दी।

### तीरंदाजी प्रतियोगिता में आशू व श्रेय को मिला कांस्य पदक





**जौनपुर।** करंजाकला विकासखंड के 2 छात्रों को 66वें प्रादेशीय विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रयागराज में कायस्थ पदक हासिल किया। इस सफलता के लिए लोगों ने दोनों छात्रों की सराहना की। 66वीं प्रादेशीय विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रयागराज की एग्लो बंगाली इंटर कॉलेज प्रयागराज परिसर में संपन्न हुई थी। प्रतियोगिता 5 जनवरी से लेकर 7 जनवरी के बीच कराई गई। इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग के छात्रों की प्रतियोगिता थी जिसमें प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के तीरंदाज अभ्यर्थी भाग लिया जिसमें सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के श्री देव पब्लिक स्कूल के छात्र श्रेय यादव ने पदक प्राप्त कर प्रदेश स्तरीय टीम में जगह बनाई और ऋषीकूल इंटर कॉलेज कोठवार के कक्षा नौ की छात्रा आशू यादव ने महिला वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। दोनों विजेताओं ने नेशनल टीम में अपनी जगह बना ली है और प्रदेश की टीम में खेलने जाएंगे। दोनों छात्रों की तैयारी जिला तीरंदाजी संघ जौनपुर द्वारा संचालित एकेडमी में कराया गया था। जिला तीरंदाजी सचिव सुमंत यादव द्वारा इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस सफलता के लिए अन्य खिलाड़ियों ने खुशी जताई।

### खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

**रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला समूह के बिड़ला कार्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के स्पोर्ट्स ग्राउंड पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता स्पर्धा 2023 का आयोजन रविवार को किया गया। इमसें प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में अपना जौहर दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग हेड मनीष श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया। संत ए बी आर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बैंड बाजे के साथ कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित उनके परिजनों ने संयुक्त रूप से मार्च पास्ट में भाग लिया। इस दौरान मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में खेलों का बहुत महत्वपूर्ण रोल होता है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है। मानव संसाधन प्रमुख जय कोकाटे ने कहा कि हमारे समूह द्वारा ऐसे प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का उद्देश्य संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों अधिकारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत करना है। खेल हमें अनुशासित संयमित होकर एकजुटता का संदेश देता है। इसके बाद विभिन्न खेलों की कड़ी में छोटे बच्चों के मेंढक दौड़ के साथ खेल प्रतियोगिता को शुरू किया गया। जिसमें नर्सरी ग्रुप में आरुष पोले एवं सलभ शुक्ला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने स्थान पाया। एक पखवाड़े तक चलने वाले वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न आउटडोर एवं इनडोर खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कंपनी में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य हिस्सेदारी करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों का हुआ इलाज




**चहनियां।** कैथी व माधोपुर ग्राम सभा में ग्राम डाबरिया स्थित चंदन हास्पिटल के द्वारा एक स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कैथी व माधोपुर के आस पास के गांवो से सैकड़ो लोगो डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क इलाज व दवा का वितरण किया गया।शिविर में लोगो को स्वास्थ्य जागरूकता व जरूरी रोकथाम जैसे विषयों पर अवगत कराया गया। चंदन हॉस्पिटल द्वारा उनको मुफ्त चिकित्सकीय सहायता व मुफ्त दवा वितरित किया गया। शिविर में डॉ. पीएस मिश्रा, डॉ. प्रभात सिंह, डॉ. आर के सिंह, डॉक्टर अभिनय सिंह, डॉक्टर रिचा सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, डॉक्टर अनिता सिंह द्वारा हृदय रोग, हड्डी एवं नस रोग, नाक कान गला रोग,जनरल सर्जरी न्यूरो सर्जरी आदि का इलाज किया गया। प्रबंधक सन्तोष सिंह ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामवासियो में उत्साह दिखा और आगे भी इस प्रकार के स्वास्थ शिविर के आयोजन के लिए निवेदन किया गया है। इस प्रकार का शिविर फरवरी महीने के अंत विभिन्न ग्रामो में सम्पन्न कराया जाएगा। इस दौरान कन्हैया सिंह, विनय सिंह, सचिन सिंह,कुश सिंह, राजेश कुमार, विजय कुमार, पप्पू सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# कौलापुर में सम्मान समारोह में सम्मानित हुई प्रतिभाएं

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** शहीद शुलभ उपाध्याय के स्मृति में रविवार को कौलापुर गांव में पुरस्कार वितरण और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 50 प्रतिभावान छात्रों और 16 विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर करने वाले प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और शहीद शुलभ उपाध्याय के चित्र पर शहीद के पिता अशोक उपाध्याय और जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित करके और राष्ट्रगान से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संतोष कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों का बैज लगाकर और माल्यार्पण करके स्वागत किया। इसके बाद जनपद के राजकुमार पाठक, प्रभुनाथ शुक्ला, राजेश परदेशी, प्रतिमा शर्मा, महादेव प्रजापति, रामेश्वर सिंह, रूबी राठौर, दृष्टि मिश्रा, अखिलेश श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता, हरेन्द्र सिंह को विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया, जबकि परीक्षा में सफल 50 छात्र



और छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजकुमार पाठक ने कहा शहीद शुलभ उपाध्याय एक महान वीर के साथ अध्ययन समय में अच्छे छात्र रहे है। डीएम सिंह गहरवार ने कहा कि भदोही से निकल कर पूरे भारत की रक्षा के लिए शहीद हुए शुलभ उपाध्याय शहीद हुए। इस मौके पर राकेश दूबे, श्रीनिवास चतुवेर्दी, रमेश यादव, दीपक मिश्रा, अनीस अख्तर, गुलाम गौस, संतोष वर्मा, अमृतलाल, अरूणेश पाण्डेय, शिवांशु दूबे, मनोज वर्मा, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में प्लेटफार्म पर मिला वृद्ध का शव

**शव को कब्जे में लेकर पहचान मे जुटी पुलिस**

**गोपीगंज।** कोतवाली के अलमऊ हाल्ट के प्लेटफार्म पर संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का शव मिला। जानकारी पर पहुची गोपीगंज पुलिस शव को कब्जे में ले लिया और उसकी पहचान कराने मे जुट गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि अलमऊ हॉल्ट पर टहलते घूमते लोगों की निगाह पड़ी तो देखा एक अज्ञात 80 वर्षीय वृद्ध मरा पड़ा था। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई दोपहर में पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर मृतक के पहचान के प्रयास में लगी रही। वहीं स्थानीय ग्रामीणों में चर्चा रहा की मृतक पिछले एक सप्ताह से प्लेटफार्म के आसपास घूमते टहलते देखा जा रहा था लोगों ने मंदबुद्धि का होना भी बताया। पुलिस के अनुसार मृतक मंद बुद्धि का होना बताया गया साथ ही आशंका जाहिर की गई कि हो सकता है ठंढ से उसकी मौत हुई हो।

# असहाय की सेवा से बढ़कर और कोई पुनीत कार्य नहीं : अनिरुद्ध त्रिपाठी

**जनसेवा**

**गरीब, असहाय व निराश्रितों को ठंड से निजात दिलाने के लिए किया कम्बल का वितरण**

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** गरीब, असहाय व निराश्रितों को ठंड से निजात दिलाने के लिए औराई विकास खंड के जगन्नाथपुर गांव में रविवार को समाजसेवी अनिल कुमार त्रिपाठी के आवास पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी लगभग पाँच सौ जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने ठंड से बचाव के लिए गरीबों को अपने हाथ से वितरित करते हुए कहा कि गरीबो व असहाय लोगो की सेवा से बढ़कर और कोई पुनीत कार्य नही हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उप जिला अधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय ने इस तरीके के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की उन्होंने



जरूरतमंद व्यक्तियों में कंबल वितरित करते जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी

कहा जरूरतमंद व्यक्तियों को समय-समय पर मदद के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद आईबी सिंह प्रेसिडेंट ओबीटी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समाजसेवी अनिल कुमार त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी योगेश उपाध्याय, सिद्धनाथ शुक्ला, कृष्णकांत दुबे, अजीत तिवारी, राजीव तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, सुजीत तिवारी, विशाल, जय शिवम तिवारी, बंशीधर तिवारी, फूलचंद तिवारी, जय नाथ तिवारी, भृगुनाथ तिवारी, दीनानाथ तिवारी, पंडित हंसराज मिश्रा, बबलू तिवारी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि इत्यादि लोग प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी ने किया।

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि



**सिकरारा।** स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व विधायक पण्डित सूर्यनाथ उपाध्याय की 25वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जनपद सहित क्षेत्र के सम्भ्रांत लोग उनके पैतृक गांव पहुँचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

स्व. उपाध्याय के पौत्र संजय उपाध्याय, श्याम नारायण उपाध्याय की देखरेख में श्री क्षेमकरण पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में लगे अमर सेनानी स्व. सूर्यनाथ उपाध्याय की मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलन व फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने स्वर्गीय उपाध्याय के देश की आजादी के लिए दिए योगदानों व सामाजिक कार्यो पर चर्चा की। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय प्रधानाचार्य ईश्वरी प्रसाद मिश्र, सेवानिवृत शिक्षक राममिलन पाठक, अरविंद मिश्रा, संदीप मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, शिवधारी यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। अभ्यागतों का स्वागत अविनाश उपाध्याय कान्हा व अवनीश उपाध्याय लल्ला ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद उपाध्याय, सुनील सिंह आदि सक्रिय रहे।

## पोर्टल पर गलत सूचनाएं देकर कार्रवाई से बच रहे बैंक कर्मी

**ज्ञानपुर।** खमरिया निवासी एमडीआर जेम्स एण्ड ज्वेलरी के प्रोप्राइटर रवि प्रकाश बरनवाल ने आरोप लगाया कि एस बी आई बैंक अधिकारियों द्वारा स्वीकृत व्यावसायिक योजना, करोड़ों का आर्डर व साख को नष्ट करने के लिए बिना सही प्रक्रिया के खातों को जबरन एनपीए घोषित कर मकान पर कब्जा लेने की कोशिश किया जा रहा है। अनुचित कार्यवाही करने के बाद फंसने के डर से मामले के सही निस्तारण की जगह नये मुकदमें थोपे जा रहे हैं। इस मामले की पीड़ितों द्वारा कई जगह शिकायत करते हुए पीजी पोर्टल पर 28 अक्टूबर 2022 को किया गया। कार्यवाही से बचने के लिए बैंक द्वारा तथ्यहीन व भ्रामक उत्तर दिया जा रहा है और मामले को समाप्त करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में एसबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक से बात करने का प्रयास किया गया किन्तु सम्पर्क नही हो पाया।

# बसपा की कार्यकर्ता समीक्षा बैठक औराई में संपन्न

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** नव वर्ष के आगमन पर बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक औराई में सपंन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन इंचार्ज मण्डल मिजार्पुर रामलाल पाल ने की।

मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद व मुख्य जोन इंचार्ज लखनऊ, प्रयागराज, भदोही घनश्याम खरवार रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के संविधान व आरक्षण को मौजूदा सरकार द्वाराबखत्म किया जा रहा है। फर्जी मुकदमा लिखा जा रहा है। बिना किसी कारण बताए जेल भेजा जा रहा है।

सुश्री बहन कु मायावती ने पिछड़े समाज के बेटे विश्वनाथ पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है तभी से विरोधी पार्टियो के पेट मे दर्द हो रहा है। दूसरे मुख्य अतिथि अमरेन्द्र बहादुर भारतीय मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज, मिजार्पुर, राजू गौतम मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज, मिजार्पुर विशिष्ट अतिथि सुबोधराम पूर्व एमएलसी गुड्डूराम जोन इंचार्ज व शशिभूषण एडवोकेट व बैजनाथ गौतम पूर्व प्रत्याशी पंडित मोके यादव, पूर्व प्रभारी ज्ञानपुर मुख्य जोन इंचार्ज मिजार्पुर मण्डल संचालन जयप्रकाश चौधरी को भोही का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दिया। इस अवसर पर कमला शंकर राव, डॉक्टर रामजी राव पूर्व प्रधान, रतन लाल यादव, अशोक विन्द, सुरेश गौतम, रामजियावन कश्यप एडवोकेट, राजेश गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष पदमभूषण भारती सलाउद्दीन अंसारी, समीम अंसारी, राकेश प्रजापति, सुनील कुमार, डॉक्टर चन्द्रेश मोर्या, उदयभान पाल, गुलाब प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# शेख भिखरी ने अंग्रेजी हुकूमत की हिलाई थी नींव

**गाजीपुर।** पसमांदा मुस्लिम महान के तत्वावधान में शेख भिखारी की शहादत दिवस रविवार को डा. इकबाल अंसारी के आवास पर मनाई गई। रामनगीना कुशवाहा ने कहा कि 1887 के महान स्वतंत्रता संघर्ष में तमाम राजा राजवाड़ों के साथ, संवर्ण, पिछड़े तथा दलितों ने भी अपनी शहादत दिवस दी। उसमें पसमांदा मुस्लिम भी पीछे नहीं रहा। ऐसे ही वीर सपूतों में शेख भिखारी का नाम भी इतिहास में अंकित है। शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह के दीवान थे। शेख भिखारी रणक्षेत्र में कुशल सेनापति थे देश में अंग्रेजों से मुक्ति की भावना जोड़ पकड़ रही थी। जगह-अंग्रेजों के पर हमले शुरू हो गये थे। चुहुपाली घाटी में 8 जनवरी 1858 को हुए संग्राम में छल कपट मक्कारी से पकड़ कर बरगद के पेड़ से लटकाकर फाँसी दे दिया। वह पेड़ और स्थान हमें आज भी प्रेरणा देती है।

जिलाध्यक्ष फय्याज फैयाज अहमद शाह ने कहा कि आज शेख भिखारी को शहादत के अवसर पर समस्त शोषित, वंचित, पसमांदा समाज शिक्षित बनें और संघर्ष करें ताकि बेहतर समाज का निर्माण हो सके। बैठक में प्रो. संतन कुमार, प्रो. निरंजन, बालेश्वर विक्रय, डॉ. वसीम, मनोज, अब्दुल रहमान, लड्डन, बद्रेआलम, जयराज कुशवाहा आदि रहें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## विशेष टीकाकरण अभियान आज से शुरू

**भदोही।** जनपद में 9 जनवरी से 20 जनवरी तक बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर सुरेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टीबी, गलाघोटू, कालीखांसी, निमोनिया, हेपटाइटिस बी, खसरा, रूबेला, दिमागी बुखार और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव टीकाकरण से संभव है। सोमवार से 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 63 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। इस दौरान 26065 को टीका से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित है।इसके पहले वर्ष 2020-2021 में 48789 बच्चों व 2019-2020 में 37458 बच्चों को विभाग ने टीका से आच्छादित किया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक ने निर्देश दिया है कि एक सिरिंज से केवल एक ही बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करें टीकाकरण के बाद तत्काल कार्ड भी दें।

## लेखपाल पर गिरी गाज, भू माफिया को लाभ पहुंचाने का आरोप

**जनसंदेश न्यूज**

**जलालपुर।** परगना बयालसी क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहगाजर के हल्का लेखपाल पवन कुमार पर बड़ा आरोप लगा है। आरोप है कि लेखपाल द्वारा भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाया जा रहा था। आरोप के बाद लेखपाल को कार्य मुक्त कर दिया गया और जिला मुख्यालय पर उपस्थित होकर अपनी योगदान आख्या संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश जारी कर दिया गया है। यह आदेश उप जिलाधिकारी केराकत द्वारा जारी किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहगाजर गांव में तलाब खाते की भूमि है। आरोप है कि कुछ लोंगों द्वारा उक्त भूमि पर कब्जा किया गया है। शिकायत के बाद इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा 4 जनवरी को तालाब खाते की भूमि के अंकना की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट मांगी गई थी परन्तु इस आदेश को दरकिनार करते हुए राजस्व टीम द्वारा फर्जी ढंग से प्रश्नगत जमीन का कूट रचित तरीके से धारा 24 की कार्यवाही कराकर भूमाफिया को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने की कोशिश के आरोप में उक्त लेखपाल से स्पष्टीकरण एसडीएम केराकत द्वारा मांगा गया था परंतु हल्का लेखपाल द्वारा आदेश का अनुपालन एवं कार्यवाही नहीं किए जाने तथा भूमाफिया को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने के आरोप में हल्का लेखपाल पवन कुमार को उप जिलाधिकारी केराकत माज अख्तर ने कार्यमुक्त करते हुए जिला मुख्यालय पर उपस्थित होकर अपनी योगदान आख्या संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश जारी कर दिया है, जिससे राजस्व महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लोहगाजर गांव में तलाब खाते की भूमि के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट मांगी गई थी, रिपोर्ट देने में लापरवाही हुई तो लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई हुई है।

# चुनाव टलने से प्रत्याशियों के अरमानों पर फिरा पानी

**निकाय चुनाव**

**न्यायालय के निर्णय से दावेदारों को झटका**

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर न्यायालय से मिले फैसले से राजनीतिक दलों के अलावा चुनाव में दम ठोंक रहे प्रत्याशियों को जोरदार झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को लेकर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है।

इतना ही नही सरकार को तीन महीने की देरी से चुनाव कराने की भी अनुमति दी है। इससे तय हो गया है कि अब मार्च तक चुनाव नहीं होंगे। इससे पिछले कई महीनों से पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदारों के अरमानों पर संशय के बादल गहरा गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को चुनाव कराने को तीन महीने का समय दिया है।

इसमें सरकार को आरक्षण के लिए नए सिरे से नोटीफिकेशन जारी करने को कहा गया है। प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव में परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों की सीटों का आरक्षण घोषित कर दिया था। इससे पहले से ही सियासी सरगर्मियां भी तेज हो गईं थी। नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवार राजनीतिक दलों से टिकट की दावेदारी के साथ-साथ अपने प्रचार में भी पूरे दमखम के साथ जुटे हुए हैं।

## दावेदारों ने चुनाव प्रचार में फूंके लाखों रुपये

गाजीपुर नगर पालिका के अलावा मुहम्मदाबाद, जमानियां, सैदपुर, सादात, जंगीपुर, बहादुरगंज और दिलदारनगर कस्बों की गलियों और मोहल्ले तक चुनावी बैनर-पोस्टर से पट गए थे। चुनाव प्रचार भी जोर-शोर से चल रहा है। नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के दावेदार चुनाव में लाखों रुपये प्रचार में फूंक चुके हैं। प्रत्याशी घर-घर जाकर दस्तक दे रहे थे और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे थे। इतना ही नहीं कुछ दावेदारों ने तो बिना चुनाव कार्यक्रम घोषित हुए और पार्टी का सिंबल मिले बिना ही अपने-अपने चुनावी कार्यालय भी खोल लिए हैं। उन्हें दिसंबर- जनवरी में निकाय चुनाव होने की संभावना थी। ऐसे मे सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदारों के लिए संकट खड़ा हो गया है।



# नृत्य मेरी भाषा, नृत्य मेरी अभिलाषा, नृत्य मेरा जुनून

## कार्यशालाओं में बच्चों को सिखा रहे नृत्य की बारीकियां

आशीष सिंह वर्तमान में कथक कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चों को कथक नृत्य की बारीकियों को सीखा रहे हैं। इसके लिए वह हरिद्वार, देहरादून, न्यू टिहरी, भीलभाड़ा (राजस्थान) आदि शहरों पर जाकर बच्चों को नृत्य में पारंगत कर रहे हैं। वे कहते हैं कि आज के युवा हर विधा में चाहे वह संगीत में गायन हो या फिर नृत्य हो सभी में शार्ट कट अपना रहे हैं। उन्हें इस शार्ट कट से बचने की जरुरत है तभी वह कुछ सीख पायेंगे। मंदिरों से निकली हुई कथक नृत्य की परम्परा पूर्ण रूप से आध्यात्मिक है। यह नृत्य भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। इस नृत्य का समर्पण कम नहीं होना चाहिए। मूलतः बनारस निवासी आशीष सिंह ने लखनऊ घराने से तालीम हासिल की। कहा कि काशी से उनका काफी लगाव रहा है। काशी में तो बाबा विश्वनाथ के रूप में हैं तो वहीं वृंदावन में गोपी के रूप में हैं। हमें तो दोनों का आशीर्वाद मिलता है।



जनसंदेश टाइम्स
कथक नर्तक आशीष सिंह से खास मुलाकात

राधेश्याम कमल

नृत्य मेरी भाषा है, नृत्य ही मेरी अभिलाषा है। नृत्य ही मेरा सम्मान, नृत्य ही मेरी पहचान है। नृत्य मेरा जुनून और नृत्य ही मेरे दिल की सुकून है। नृत्य ही मेरा गर्व और नृत्य ही मेरा सर्वस्त्र है। यह कहना है बनारस घराने के युवा कथक नर्तक आशीष सिंह का। आशीष सिंह इन दिनों बनारस में हैं। कथक का कोई भी ऐसा प्रतिष्ठित मंच नहीं होगा जहां पर आशीष सिंह ने अपने नृत्य का परचम न फहराया हो।

आशीष सिंह ने अपने कथक नृत्य की गमक का लोगों को अहसास कराया है। चाहे वह विश्व प्रसिद्ध संकटमोचन संगीत समारोह हो या फिर गंगा महोत्सव, बौद्ध महोत्सव, सिटी महोत्सव, महाशिवरात्रि संगीत महोत्सव रहा हो या फिर देश के विभिन्न हिस्सों में हर मंचों पर आशीष सिंह ने अपनी मौजूदगी की दर्शकों के बीच भान कराया। आशीष सिंह बताते हैं कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संगीत व मंच कला संकाय से बैचलर व मास्टर डिग्री डा. विधि नागर एवं प्रो. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कथक की तालीम हासिल की। इसके बाद कथक सम्राट पद्मविभूषण स्व. बिरजू महराज की प्रमुख शिष्या संगीता सिन्हा से लगभग 8 वर्षों तक कथक सीखा। बाद में वह पं. बिरजू महराज के सानिध्य में उनकी कार्यशाला में रह कर कथक नृत्य की बारीकियों को जाना व समझा। इसके अलावा कई कथक कार्यशालाओं में नृत्य की जानकारी हासिल की।

वे बताते हैं कि उनका जब जन्म हुआ और कबीरचौरा पर जब बरही मनायी गई तब सरला नारायण सिंह का कथक व प्रसिद्ध गायिका स्व. बागेश्वरी देवी व उनके शिष्य गायक स्व. सुनील सिंह का गायन हुआ था। उनकी दादी ललिता देवी कहती थी कि यहीं से तुम्हारे में नृत्य का अंश आ गया। वे बताते हैं हम बचपन में घर में हमेशा ठुमकते रहते थे। बनारस के कबीरचौरा निवासी 32 वर्षीय कथक नर्तक आशीष सिंह से जनसंदेश टाइम्स की खास मुलाकात हुई। इस दौरान उन्होंने कथक नृत्य के सफरनामा के बारे में बताया।

### गुरु पुण्डरीक गोस्वामी ने दिया नृत्य मंजरी दास का नाम

आशीष सिंह बताते हैं कि उनके गुरु आचार्य पुण्डरिक गोस्वामी ने उनका नाम नृत्य मंजरी दास रखा रखा है। वृंदावन में लोग उन्हें इसी नाम से जानते हैं। वे कहते हैं कि उनका संबंध बनारस के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की नगरी वृंदावन से भी हो गया है। जहां पर मीराबाई मंदिर, राधारमण मंदिर में ठाकुरजी के समक्ष नृत्य करके उन्हें रिझाते हैं।



### संस्कृति मंत्रालय से छात्रवृत्ति भी मिली

कथक नर्तक आशीष सिंह को भारत सरकार नई दिल्ली मिनिस्ट्री आफ कल्चर से वर्ष 2010-12 में छात्रवृत्ति मिली। 2008 में पं. बिरजू महराज के कथक कार्यशाला नेहरू सेंटर मुंबई में गये। इसके साथ ही वह बनारस, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, छत्तीसगढ़ में कथक कार्यशालाओं भी गये। 2010 में कामन वेल्थ में भी कार्यक्रम पेश किया।

### महज 11 साल की उम्र में सिटी महोत्सव में मिला था पहला मंच

वे बताते हैं कि महज ग्यारह वर्ष की उम्र में 2001 में उनका पहला स्टेज प्रोग्राम सिटी महोत्सव में हुआ। इसके अलावा संकट मोचन संगीत समारोह, महाशिवरात्रि संगीत महोत्सव, बौद्ध महोत्सव, राममय रात, बड़ागणेश मंदिर, बालरंग मंडल सेतु के लिए भी प्रोग्राम पेश किया। इसके अलावा 2019 में इलाहाबाद हंडिया माटी कथक महोत्सव, पं. लच्छू महराज संगीत उत्सव लखनऊ के साथ ही बालीवुड की सिंगर शोभना महापात्र के एलबम मंगलगान में कथक किया। इसमें शोभना महापात्र के गायन पर उनका कथक नृत्य रहा। उन्हें अब तक ढेरों सम्मान मिले।

### पद्मविभूषण कथक सम्राट स्व. बिरजू महराज से नृत्य की सीखीं बारीकियां



### काशी के बालाजी मंदिर में करते थे रियाज

आशीष सिंह बताते हैं कि वर्ष 2007 से 2012 तक वह काशी के प्रसिद्ध बालाजी घाट स्थित भगवान बालाजी के समक्ष रोजाना नृत्य करते थे। इसी रियाज का फल था कि उन्हें गुरुदेव मिले और आनंद की अनुभूति हुई। भगवान शिव जब प्रसन्न होते हैं तो वह श्रीकृष्ण के समीप भेजते हैं। कहा कि हम युवा हैं इस नृत्य को हमें और भी आगे ले जाना है। इसके लिए हम प्रयासरत है।

# जोशीमठ : वाटर सिग्नेचर से पता चलेगा क्यों हुआ रिसाव

हरी भरी वादियों में बसे जोशीमठ की पथरीली जमीन और पहाड़ के किनारों से जिस तरह पानी का रिसाव हो रहा है, वैसा ही रिसाव एनटीपीसी की तपोवन टनल के नीचे देख विशेषज्ञ ने हैरानी जताई है। जोशीमठ से करीब 18 किमी. दूर इस टनल के बाहर यह रिसाव ऋषिगंगा नदी के मुहाने पर हो रहा है। रिसाव का पानी टनल का है।

हाइड्रोलॉजी के वैज्ञानिकों ने पानी के नमूने ले लिए हैं। अब वे दोनों जगह के नमूनों के सिग्नेचर का मिलान करेंगे। इससे पता चलेगा कि जोशीमठ में रिसाव का इस टनल से कोई कनेक्शन है या नहीं। जोशीमठ में तेजी से हो रहे भू-धंसान के पीछे स्थानीय निवासी एनटीपीसी की तपोवन-विष्णुगाड़ परियोजना की टनल निर्माण को जिम्मेदार मान रहे हैं। उनका यह भी आरोप है कि टनल की वजह से ही पानी उनके घरों तक पहुंच गया है। जोशीमठ के लोगों के टनल की वजह से भू-धंसाव के आरोपों से एक सप्ताह में पर्दा हट जाएगा। जोशीमठ, टनल और दोनों के बीच दो अन्य रिसावों के सैंपल जमा किए गए हैं। एनआईएच के वैज्ञानिकों ने इसका अध्ययन भी शुरू कर दिया है। इस संस्थान का मकसद ही जलविज्ञान के समस्त पहलुओं पर वैज्ञानिक कार्यों में सहयोग देना और व्यवस्थित रूप से इनका समन्वयन करना है। इसी एनएचआई की टीम ने जोशीमठ के मकानों से रिस रहे पानी और टनल के भीतर जाकर वहां के पानी, बाहर बह रहे पानी के अब तक कोई आधा दर्जन सैंपल लिए हैं।

विशेषज्ञ इन चारों सैंपल का अध्ययन करेंगे और फिर इनका पीएफ और आईसोटॉप देखे जाएंगे, जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि टनल से बहने वाले पानी और जोशीमठ के मकानों में आ रहे पानी में कोई समानता है या नहीं। अगर इसमें समानता मिलती है तो निश्चित तौर पर यह तय माना जाएगा कि टनल का पानी वहां तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि अमूमन सप्ताह भर में वॉटर सिग्नेचर मैचिंग की रिपोर्ट आ जाती है। वॉटर या हाइड्रोलॉजिक सिग्नेचर क्वांटिटेटिव इंडेक्स हैं जो हाइड्रोलॉजिक डेटा सीरीज के गतिशील गुणों का वर्णन करते हैं। ये एक तरह से पानी का डीएनए जांच लेते हैं। टनल और जोशीमठ के रिसाव का डीएनए अगर मैच हो गया तो इस विपदा का पूरा ठीकरा एनटीपीसी की तपोवन-विष्णुगाड़ परियोजना पर फूटना तय है।

### तपोवन सुरंग के नीचे के नजारे ने सबको चौंकाया





### विरासत से बिछड़ने का दुख कम नहीं रहवासियों के लिए

हिमालय की शांत वादी में सुकून के साथ अपने बच्चों के बेहतर भविष्य का सपना संजो रहे जोशीमठ के कई परिवार अब आपदा के कारण पलायन करने के लिए विवश हैं। पिछले साल एक स्थानीय निवासी के मकान में दरार दिखी और वो अब पूरे शहर में पैठ बना चुकी है। किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब कइयों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ रहा है और यह अत्यंत पीड़ादायक है। आज लोग विस्थापित होकर दूसरे शहरों में किराए का घर खोज रहे हैं।
यहां हर कोई अपने भविष्य को लेकर चिंतित और नए ठौर की तलाश में जुटा है। लोग जबरदस्ती पलायन करने के लिए विवश हो गए हैं। जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं वे तो किसी तरह दूसरी जगह आशियाना तलाश लेंगे लेकिन शहर में सैकड़ों ऐसे परिवार हैं जिन्हें इन्हीं हालातों में अपने और बच्चों के भविष्य को तराशना है। ज्योतिर्मठ के प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुंदानंद तो भू-धंसाव से मठ को हो रहे नुकसान को बताते ही भावुक हो गए। वे बताते हैं कि आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित ढाई हजार वर्ष पुरानी परंपराएं भी संकट में आ गई है। आदि गुरु शंकराचार्य की गुफा के साथ ही ज्योतिषपीठ के पहले आचार्य टोटकाचार्य की गुफा भी भू-धंसाव की चपेट में आ गई है।

जनसमर्थन से उत्साह

### पोरबंदर से परशुराम कुंड तक की यात्रा का प्लान रेडी, गांधी जयंती से शुरू होना संभव

# पश्चिम से पूर्व भारत को भी जोड़ेगी भारत जोड़ो यात्रा !

*अभी तक तो राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा को जनता को करीब से जानने या यूं कहें कि भारत को समझने का माध्यम कह रहे थे। 'बोधि प्राप्त' करने की बात कही जा रही थी। लेकिन अब कहा जा रहा है कि यात्रा की सफलता ने उनकी योजना को दूसरा मोड़ दे दिया है। अंदरूनी खबर यह है कि अक्टूबर से दूसरा चरण प्रारंभ किया जाएगा,लेकिन यह गुजरात के पोरबंदर से प्रारंभ होकर अरुणाचल के परशुराम कुंड तक जाएगी।*






पिछले महीने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इसके रूट का रफ ड्राफ्ट तैयार किया है। अब तक की तय योजना के मुताबिक, इस यात्रा का रूट गुजरात के पोरबंदर से शुरू होकर अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड तक जाने का बन रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक लोकसभा चुनाव से पहले यह यात्रा पूरी होनी है। सियासी गलियारों से लेकर पूरे देश में राहुल गांधी की पहली भारत जोड़ो यात्रा चर्चा में है। कांग्रेस पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता कहते हैं कि यात्रा को मिल रहे अपार जन समर्थन के चलते हैं इसका विस्तार किए जाने की चर्चा हो रही है। जानकारी के मुताबिक, राहुल गांधी की दूसरी भारत जोड़ो यात्रा कब होगी और कौन से रूट पर होगी इसको लेकर दिसंबर के आखिरी सप्ताह में पार्टी के बड़े नेताओं ने चर्चा की थी। उस बैठक में चर्चा के मुताबिक राहुल गांधी की यह यात्रा गुजरात के पोरबंदर से शुरू होकर अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड तक जाएगी।

कांग्रेस पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस यात्रा के रफ रूट प्लान का ड्राफ्ट भी डिस्कस किया गया है। योजना के मुताबिक पोरबंदर से शुरू होने वाली यात्रा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल से होते हुए पूर्वोत्तर के सभी राज्यों से गुजरकर अरुणाचल प्रदेश के सूरजकुंड पर समाप्त होगी। इस यात्रा को शुरू करने की तारीखों को लेकर के भी कुछ चर्चाएं हो रही हैं।

कांग्रेस पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि राहुल गांधी की जब पिछले साल 7 सितंबर को कन्याकुमारी से यात्रा शुरू हुई थी, तो पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने कुछ तारीखों की चर्चा की थी कि दूसरी यात्रा की योजना क्या है। फिलहाल उन तारीखों के साथ ही दूसरे चरण की भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत का अनुमान लगाया जा रहा है।

पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि जो चर्चा में तारीख रखी गई है अगर सब कुछ उसी तरह चलता रहा तो दो अक्तूबर से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू किया जा सकेगा। कांग्रेस पार्टी से जुड़े एक अन्य वरिष्ठ नेता कहते हैं कि क्योंकि पोरबंदर से लेकर अरुणाचल प्रदेश की दूरी भी तकरीबन चार हजार किलोमीटर के करीब ही है। ऐसे में लगने वाले वक्त का आकलन और लोकसभा के चुनावों की तारीखों का ध्यान रख कर के ही पूरा रूट प्लान और तारीख फाइनल की जाएगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की यात्रा का जो प्लान अभी संभावित है, उस दौरान विधानसभा के चुनावों के अलावा लोकसभा के चुनाव भी बहुत पास में होंगे। ऐसे में इन सभी बातों का ध्यान में रख कर के ही रूट प्लान और तारीख का फाइनल मार्च के करीब किया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि राहुल गांधी की पहली भारत जोड़ो यात्रा का चरण कुछ समय में समाप्त हो जाएगा। भारत जोड़ो यात्रा में लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है, देश का एक बड़ा हिस्सा इस यात्रा से अभी जुड़ नहीं हो पाया है। इसलिए जब सितंबर में भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की गई थी, उस समय भी यह योजना बनी थी कि दूसरी भारत जोड़ो यात्रा शुरू होगी। अब जब पूरे देश से लोगों की मांग उठ रही है कि राहुल गांधी को उन राज्यों में भी जाना चाहिए जहां पर अभी वो नहीं पहुंच पाए हैं, ऐसे में इस यात्रा का दूसरा चरण निर्धारित किया जा रहा है। कहते हैं कि संभव है की सितंबर या अक्तूबर से यात्रा शुरू हो।